महाकवि दण्डिकृत

दशकुमारचरितम्

(पूर्वपीठिका)

सम्पादकः—
डॉ० बाबूराम पाण्डेय
अध्यक्ष, संस्कृत-विभाग
डी. ए. वी. कॉलेज—कानपुर

प्रकाशक—
भारतीय-प्रकाशन, चौक, कानपुर

कृपया यह ग्रन्थ नीचे निर्देशित तिथि के पूर्व अथवा उक्त तिथि तक वापस कर दें। विलम्ब से लौटाने पर प्रतिदिन दस पैसे विलम्ब शुल्क देना होगा।

महाकविदण्डिकृत

दशकुमारचरितम्

(पूर्वपीठिका)

सम्पादक

डॉ० बाबूराम पाण्डेयः
अध्यक्ष, संस्कृत-विभाग
डी० ए० वी० कालेज, कानपुर।

व्याख्याकार
डॉ० रामभरोसे शास्त्री
प्रवक्ता संस्कृत-विभाग,
कर्मक्षेत्र महाविद्यालय, इटावा।

भूमिका लेखक
प्रो० राधाकान्त पाण्डेय
एम० ए०, साहित्याचार्य,
रिसर्चस्कॉलर।

प्रकाशक—
भारतीय प्रकाशन, चौक, कानपुर

प्रकाशकः—

भारतीय प्रकाशन

चौक—कानपुर

प्रथम : संस्करण १९७५

मूल्य : ४.००

मुद्रकः—

नर्मदा प्रेस,

ए० २/७९ त्रिलोचनघाट,

वाराणसी।

निवेदन

सुरभारती के सुपुत्र, वाणी के विलास, गद्य-काव्य-कलाधर, यशःपूत महाकवि दण्डी से प्रायः सभी सुविज्ञ संस्कृत साहित्यानुरागी जन सुपरिचित हैं। गद्य-काव्यसम्राट् महाकवि बाण के अतिरिक्त अन्य कोई गद्यकाव्य-प्रणेता इनकी समता में नहीं आता। दण्डी का 'काव्यादर्श' काव्यशास्त्र के ग्रन्थों में अत्यन्त लोकप्रिय रहा है और इनका 'दशकुमार-चरितम्' संस्कृत गद्यकाव्य का समुज्ज्वल हीरक है। दण्डी के काव्य के सम्बन्ध में 'दण्डिनः पदलालित्यम्' सूक्ति सुप्रसिद्ध ही है। अतः विश्वविद्यालयीय संस्कृत-विद्यार्थियों को दण्डी के रचनाकौशल से सुपरिचित कराने के उद्देश्य से 'दशकुमारचरितम्' की पूर्वपीठिका को कानपुर वि० वि० की बी० ए० की परीक्षा के पाठ्यक्रम में रखा गया है। किन्तु 'दशकुमार-चरित' की अद्यावधि कोई छात्रोपयोगिनी सुबोध टीका उपलब्ध नहीं थी, जिससे छात्र परीक्षार्थ निश्चिन्तता का अनुभव कर सकें। इस अभाव को लक्षित करके मैंने अपने मेधावी सुयोग्य शिष्य श्री रामभरोसे शास्त्री, संस्कृत प्राध्यापक कर्मक्षेत्रमहाविद्यालय, इटावा से इसकी सुबोध संस्कृत-हिन्दी व्याख्या प्रस्तुत करने को कहा और उन्होंने मेरे निर्देशन एवं पर्यवेक्षण में बड़े परिश्रम से इस कार्य को पूर्ण किया। ग्रन्थ की भूमिका-प्रणयन में मेरे प्रेष्ठ एवं सुयोग्य शिष्य श्री राधाकान्त पाण्डेय, संस्कृत प्राध्यापक व्यास इण्टरकालेज कालपी का महनीय सहयोग सराहनीय रहा है। वरिष्ठ शिष्य श्री भानुदत्त त्रिपाठी (मधुरेश) से भी सहयोग प्राप्त हुआ है। मैं इन सुयोग्य एवं विनीत शिष्यों के उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक

कामना करता हूँ। इसके अतिरिक्त जिन-जिन प्राचीन आचार्यों एवं टीकाकारों की कृतियों का ग्रन्थ में उपयोग किया है, उन सबके प्रति

कृतज्ञता के साथ आभार व्यक्त करता हुआ मैं श्रद्धावनत हूँ। अन्त में भारतीय प्रकाशन, चौक-कानपुर के प्रति आभार व्यक्त करना मेरा पावन कर्तव्य है जिनके अथक परिश्रम एवं लगन से उत्तम छपाई के साथ ग्रन्थ शीघ्रता से छात्रों के समक्ष आ सका है। प्रकाशन की शीघ्रता के कारण यत्र-तत्र रही हुई अशुद्धियों और त्रुटियों के लिए हम विद्वज्जनों से क्षमा प्रार्थी हैं और अनुरोध करते हैं कि वे पुस्तक की त्रुटियों, अशुद्धियों एवं न्यूनताओं के सम्बन्ध में कृपापूर्वक हमें सूचित करते रहें, ताकि अगले संस्करण में पुस्तक को और अधिक उपयोगी बनाया जा सके।

विदुषां विधेयः

बाबूराम पाण्डेय
रीडर एवं अध्यक्ष संस्कृत-विभाग
डी० ए० वी० कालेज, कानपुर।

गुरुपूर्णिमा सं० २०३२
(जुलाई १९७५)

भूमिका

काव्य का स्वरूप और उसके भेद-प्रभेद

मानव संवेदनशील प्राणी है। उसके आस-पास का वातावरण एवं परिस्थितियां उसके मन को प्रभावित करके भावों तथा विचारों को जन्म देती हैं, जिन्हें वह शब्दों के माध्यम से अभिव्यक्त करता है। सामान्य व्यक्ति किसी बात को साधारण ढंग से कह देता है, पर कवि निजवैशिष्ट्य और प्रतिभा के कारण उस कथन को इस रूप में प्रस्तुत करता है कि उसका प्रभाव श्रोता या दर्शक पर तत्काल होता है। उसके शब्दचयन में चमत्कार तथा अद्भुत विलक्षणता होती है। कवि प्रजापति है, संसार को ढालने वाला है, कवि की रुचि के अनुकूल ही उसकी सृष्टि बन जाती है।

असारे काव्यसंसारे कविरेव प्रजापतिः।
यथास्मै रोचते विश्वं तथेदं परिवर्त्तते॥ अग्निपुराण ३३९।१०

काव्य शब्द का सम्बन्ध कवि शब्द से है और व्याकरण की दृष्टि से कवि का भाव या कर्म ही काव्य कहलाने का अधिकारी है। कवेरिदं (कर्म भावो वा) काव्यम्। कोष ग्रन्थों में कवि शब्द की व्युत्पत्ति इस प्रकार मिलती है—कवते सर्वं जानाति सर्वं वर्णयति सर्वं सर्वतो गच्छति वा। यों तो कवि शब्द भारतीय साहित्य में बड़े ही व्यापक अर्थ में प्रयुक्त किया गया है। निरुक्तकार महर्षि यास्क ने "कवयः क्रान्तदर्शिनः" कहकर स्पष्ट क्रान्तदर्शी के रूप में स्मरण किया है। गीता में इसे एक विशेषवेत्ता के रूप में स्मरण किया गया है। 'कवयोऽप्यत्र मोहिताः' गीता ४।१६ 'संन्यासं कवयो विदुः' गीता १८।२। अमरकोषकार ने 'संख्यावान् पण्डितः कविः' कहकर पण्डित के अर्थ में रखा है। वैदिकवाङ्मय में इसे 'स्वयम्भू' के रूप में स्मरण किया है।

आचार्यों ने शब्द और अर्थ को काव्य का शरीर कहा है। वे दोनों अभिन्न से हैं। पण्डितराज जगन्नाथ को छोड़कर प्रायः सभी आचार्य शब्द और अर्थ दोनों को काव्य मानते हैं।

शब्दार्थौं सहितौ काव्यं गद्यं पद्यं च तद् द्विधा —काव्यालङ्कार १।१६

अदोषौ सगुणौ सालङ्कारौ च शब्दार्थौं काव्यम् —काव्यानुशासन

तददोषौशब्दार्थौं सगुणावनलङ्कृती पुनः क्वापि —काव्यप्रकाश

अग्निपुराण में काव्य की परिभाषा इस प्रकार मिलती है—

संक्षेपाद् वाक्यमिष्टार्थव्यवच्छिन्ना पदावली ।
काव्यं स्फुरदलङ्कारं गुणवद्दोषवर्जितम् ।।अग्निपुराण ३३७।६०७

संक्षेप में इष्ट को प्रकट करने वाली पदावली से युक्त ऐसा वाक्य काव्य है जिसमें अलङ्कार प्रकट हो और जो दोषरहित और गुणयुक्त हो। इस परिभाषा से काव्य की वाह्य रूप-रेखा स्पष्ट हो जाती है।

भामह ने काव्य का लक्षण इस प्रकार दिया है- "शब्दार्थौं सहितौ काव्यम्। गद्यं पद्यं च तद् द्विधा।" इस लक्षण में शब्द और अर्थ के सहभाव को काव्य माना गया है। भामह का सहितौ का क्या अर्थ है, इसको उन्होंने स्पष्ट नहीं किया।[1] अतः इस काव्य लक्षण से काव्य के वास्तविक स्वरूप का ज्ञान नहीं होता। यही कारण है कि परवर्ती आचार्यों ने वाह्य-स्वरूप निरूपक काव्य लक्षणों को न अपनाकर काव्य की आत्मा पर विचार किया। जयदेव और भोज का काव्य लक्षण भी वाह्य स्वरूप निरूपक ही है।

निर्दोष लक्षणवती सरीतिर्गणगुम्फिता (भूषिता)।
सालङ्कार रसानेक वृत्तिर्वाक् काव्यनामभाक्।। चन्द्रालोक १।७

निर्दोषं गुणवत्काव्यमलङ्कारैरलङ्कृतम्।
रसात्मकं कविः कुर्वन् कीर्ति प्रीतिं च विन्दति।। सरस्वती क० १।२

भामह के जिस सहितौ पद की व्याख्या नहीं थी, उस कमी को पूरा करने का प्रयत्न दण्डी ने किया।

शरीरं तावदिष्टार्थव्यवच्छिन्नापदावली।। काव्यादर्श १।१०

इष्टार्थ को प्रकट करने वाली पदावली तो शरीरमात्र है। आनन्दवर्धन का भी यही मत है—शब्दार्थं शरीरं तावत्काव्यम्।

---

१. 'सहितौ से तात्पर्य संभवतः परस्पर उपकारी 'परस्परोपकारिणौ चमत्कारकारिणौ इति भावः होने से है। कुछ लोग 'लोक का मङ्गल करने वाले' ऐसा अर्थ भी करते हैं 'हितेन सह इति सहितौ'।

काव्य के भेद—इन्द्रियों को प्रभावित करने के आधार पर काव्य के दो भेद किये गये हैं—दृश्य और श्रव्य। दृश्य काव्य में श्रवणपथ से शब्दों के द्वारा तथा नेत्रपथ से देखे जाने वाले दृश्यों द्वारा दर्शकों के हृदय में रस का सञ्चार किया जाता है। श्रव्य का प्रयोग सम्भवतः उस काल से किया जाता है। जब छापे के अभाव में लोगों के समक्ष काव्य-ग्रन्थ सुनाये जाते थे। दृश्य काव्य में रूपक तथा उपरूपक का ग्रहण होता है। ये अभिनेय होते हैं। अभिनेता अभिनय की अवस्था में अपने ऊपर नाटकीय पात्र के स्वरूप का आरोप कर लेता है। अतः नाटक को रूपक कहा जाता है।

श्रव्यकाव्य में शब्दों द्वारा चाहे वे स्वयं पढ़े जायें अथवा अन्य के मुख से श्रवण किये जायें, पाठकों तथा श्रोताओं के हृदय में रसका सञ्चार होता है। श्रवण योग्य रसात्मक वाक्य श्रव्यकाव्य है। इस श्रव्यकाव्य के पद्य और गद्य दो भेद हैं। पद्यात्मक काव्य वह है जिसके पद छन्दोवद्ध हुआ करते हैं। वह पद्यात्मक काव्य तीन प्रकार का होता है।

(१) महाकाव्य (२) खण्डकाव्य (३) उपकाव्य।

महाकाव्य—सर्गबन्धो महाकाव्यं तत्रैको नायकः सुरः॥
सद्वंशः क्षत्रियो वापि धीरोदात्तगुणान्वितः।
एकवंशभवा भूपाः कुलजा बहवोऽपि वा॥
शृङ्गारवीरशान्तानामेकोऽङ्गी रस इष्यते।
अङ्गानि सर्वेऽपि रसाः सर्वे नाटकसन्धयः॥ इत्यादि

यथा—रघुवंश, कुमारसम्भव, शिशुपालवधादि—

खण्डकाव्य—खण्डकाव्यं भवेत्काव्यस्यैकदेशानुसारि च।

यथा—मेघदूत, ऋतुसंहार आदि।

उपकाव्य—गीततालानुविद्धं यदुपकाव्यमितीष्यते।

यथा—गीतगोविन्द आदि उपकाव्य है।

पद्य के छः भेद होते हैं—मुक्तक, युगलक, गुणवती, प्रभद्रक, वाणावली और कलापक। इनके लक्षण इस प्रकार हैं।

एकः श्लोको मुक्तकं स्याद् द्वाभ्यां युगलकं स्मृतम् ।
त्रिभिर्गुणवती प्रोक्ता चतुर्भिस्तु प्रभद्रकम् ।
बाणावली पञ्चभिः स्यात् षड्भिस्तु करहाटकः ।

आचार्य विश्वनाथ इसके पांच ही भेद मानते हैं—मुक्तक, युग्मक, सान्दानितक (विशेषक या तिलक), कपालक (चक्कलक) और कुलक ।

छन्दोबद्धपदं पद्यं तेन मुक्तेन मुक्तकम् ।
द्वाभ्यां तु युग्मकं सान्दानितकं त्रिभिरिष्यते ।
कपालकं चतुर्भिश्च पञ्चभिः कुलकं मतम् ।।

गद्य वह शब्दार्थ योजना है जो छन्दोवद्ध न हो । गद्य चार प्रकार का होता है । (१) मुक्तक (२) वृत्तगन्धि (३) उत्कलिकाप्राय और (४) चूर्णक ।

वृत्तगन्धोज्झितं गद्यं मुक्तकं वृत्तगन्धि च ।
भवेदुत्कलिकाप्रायं चूर्णकं च चतुर्विधम् ।।

(१) मुक्तक वह गद्य बन्ध है जो असमस्त पदों में रचा जाता है ।

(२) वृत्तगन्धि वह गद्य प्रकार है जिसमें वृत्तों के अंश यत्र-तत्र प्रतीत हुआ करते हैं ।

(३) उत्कलिकाप्राय वह गद्य भेद है जो लम्बे-लम्बे समस्त पदों में रचा गया होता है । और

(४)चूर्णक वह गद्यरचना है जिसमें छोटे-छोटे समस्त पदों का उपनिबन्ध हुआ करता है ।

गद्य काव्य के पांच भेद होते हैं---आख्यायिका, कथा, खण्डकथा, परिकथा और कथालिका—

आख्यायिका कथा खण्डकथा परिकथा तथा ।
कथालिकेति मन्यन्ते गद्यकाव्यं च पञ्चधा ।। अग्निपुराण ३३६।१२

दण्डी आदि आचार्यों ने गद्यकाव्य के दो ही भेद किए हैं कथा और आख्यायिका—अत्रैवान्तर्भविष्यन्ति शेषाश्चाख्यानजातयः । काव्यादर्श १।२८

कथा और आख्यायिका

अग्निपुराणकार ने आख्यायिका, कथा, खण्डकथा, परिकथा एवं कथालिका नामक पांच भेदों का उल्लेख किया है—

आख्यायिका कथा खण्डकथा परिकथा तथा।

कथानिकेति मन्यन्ते गद्यकाव्यं पञ्चधा ॥ अग्निपुराण ३३६।१२

इनको देखने से ऐसा प्रतीत होता है कि इसके पूर्व इस प्रकार की रचनाएं समाज में हो रही होंगी, किन्तु आज समाज में कथा और आख्यायिका नामक दो ही विधाएं प्राप्त होतीं हैं। इनका पुष्ट प्रमाण पाणिनि की अष्टाध्यायी ४।२।६० सूत्र के ऊपर लिखित "आख्यानाख्यायिकेतिहास पुराणेभ्यश्च" कात्यायन (३०० ई० पू०) के इस वार्तिक से ज्ञात होता है। इसके अतिरिक्त महाभाष्य में भी इनकी चर्चा उपलब्ध होती है। वहाँ पर वासवदत्ता, सुमनोत्तरा एवं भैमरथी नामक आख्यायिकाओं का उल्लेख है। किन्तु आज ये उपलब्ध नहीं है। प्रियङ्गव और यवक्रीत आख्यानों का भी उल्लेख मिलता है।

रामिल और सोमिल की शूद्रक कथा भी समाज में प्रचलित रही होगी

तौ शूद्रककथाकारौ रम्यौ रामिलसौमिलौ।

काव्यं ययोर्द्वयोरासीदर्धनारीश्वरोपमौ ॥ जल्हण।

वररुचि की चारुमती एवं श्री पालित की तरङ्गवती कथाएं भी प्रचलित थीं। महाराज भोज ने स्वयं मनोवती और सातकर्णी हरण नामक कथाओं का उल्लेख किया है। महाकवि वाण ने वृहत्कथा और भट्टार हरिश्चन्द्र के गद्य की प्रशंसा की है।

पदवन्धोज्ज्वलो हारी कृतवर्णक्रमस्थितिः।

भट्टार हरिचन्द्रस्य गद्यबन्धो नृपायते ॥ हर्षचरित १२।

समुद्दीपितकन्दर्पा कृतगौरीप्रसाधना।

हरिलीलेव नो कस्य विस्मयाय बृहत्कथा ॥ हर्षचरित १७।

यद्यपि आज ये कथाएं उपलब्ध नहीं हैं किन्तु इतना तो स्पष्ट हो जाता है कि इनकी एक अविच्छिन्न परम्परा अति पुरातनकाल से समाज में चली आ रही थी। भामह एवं दण्डी के पूर्व ही इनकी सत्ता थी, जिनको आधार मानकर इन लोगों ने अपने लक्षण निर्धारित किए थे।

समाज में कथा और आख्यायिका का ही स्पष्ट रूप था। अतः इन्हीं के लक्षणों पर विचार-विमर्श हुआ। प्रथमतः अग्निपुराण के अनुसार आख्यायिका में कर्त्ता के वंश की प्रशंसा, कन्याहरण, संग्राम, नायक एवं नायिका की वियोगवर्णना, उच्छ्वासों में विभाजन, वक्त्र तथा अपवक्त्र छन्दों का प्रयोग एवं चूर्णक प्रकार का गद्य होना चाहिए।

कर्तृ-वंश-प्रशंसास्याद् यत्र गद्येन विस्तरात्।
कन्याहरण - संग्रामं - विप्रलम्भ - विपत्तयः॥
भवन्ति यत्र दीप्ताश्च रीतिवृत्तिवृत्तयः।
उच्छ्वासैश्च परिच्छेदो यत्र या चूर्णकोत्तरा।
वक्त्रं चापवक्त्रं वा यत्र साख्यायिका स्मृता॥

अग्निपुराण ३३६।१२-१५

इसके अतिरिक्त कथा में कवि अपने वंश की प्रशंसा संक्षेप में स्वयं करता है। प्रमुख कथा के लिए गौण कथा का आश्रय लेता है। कन्याहरण, संग्राम आदि का अभाव तथा विषय-विभाजन लम्बकों में किया जाता है तथा चतुष्पदी पद्यों का प्रयोग किया जाता है।

श्लोकैः स्ववंशं संक्षेपात् कविर्यत्रप्रशंसति।
मुख्यार्थस्यावताराय भवेद् यत्र कथान्तरम्॥
परिच्छेदो न यत्र स्याद् भवेद् वा लम्बकैः क्वचित्।
सा कथा नाम तद्गर्भे निबध्नीयात् चतुष्पदीम्॥

अग्निपुराण ३३६।१५-१७

भामह के अनुसार आख्यायिका में सुन्दर शकचयन, भावी घटनाओं के सूचक श्लोक, वक्त्र और अपवक्त्र छन्दों का प्रयोग, नायक के द्वारा कथानक का कथन, कन्याहरण एवं संग्राम आदि का वर्णन होना चाहिए। इसके विपरीत कथा में वक्त्र एवं अपवक्त्र छन्दों का भाव, विषय-विभाजन का उच्छ्वासों में अभाव, नायक द्वारा स्वयं कथानक का न कहा जाना, संस्कृत अथवा अपभ्रंश में इसे लिखा जाना आदि इसकी विशेषताएं हैं।

संस्कृतानाकुलश्रव्य शब्दार्थपदवृत्तिना ।
गद्येन युक्तोदात्तार्था सोच्छ्वासाऽऽख्यायिका मता ।। १।२५
वृत्तमाख्यायते तस्यां नायकेन स्वचेष्टितम् ।
वक्त्रं चापरवक्त्रं च काले भाव्यर्थशंसि च ।। १।२६
कवेरभिप्रायकृतैः कथनैः कैश्चिदङ्किता ।
कन्याहरणसंग्रामविप्रलम्भोदयान्विता ।। १।२७
न वक्त्रापरवक्त्राभ्यां युक्ता नोच्छ्वासवत्यपि ।
संस्कृताऽसंस्कृता चेष्टा कथापभ्रंशभाक्तथा ।। १।२८
अन्यैः स्वचरितं तस्यां नायकेन तु नोच्यते ।
स्वगुणाविष्कृतिं कुर्यादभिजातः कथं जनः ।। १।२९
(काव्यालङ्कार)

आचार्य दण्डी ने स्पष्टतया उपर्युक्त लक्षणों का विरोध किया । इनका कथन है कि ये लक्षण पूर्णरूप से किसी पर भी चरितार्थ नहीं होते हैं । केवल नाममात्र का ही भेद है ।

इति तस्य प्रभेदौ द्वौ तयोराख्यायिका किल ।। १।२४
नायकेनैव वाच्यान्या नायकेनेतरेण वा ।
स्वगुणाविष्क्रियादोषो नात्र भूतार्थशंसिन. ।। १।२५
अपित्वनियमो दृष्टस्तत्राप्यन्यैरुदीरणात् ।
अन्यो वक्ता स्वयं वेति कीदृग्वा भेद-कारणम् ।। १:२६
वक्त्रं चापरवक्त्रं च सोच्छ्वासत्वं च भेदकम् ।
चिह्नमाख्यायिकायाश्च प्रसंगेन कथास्वपि ।। १।२७
आर्यादिवत् प्रवेशः किं न वक्त्रापरवक्त्रयोः ।
भेदश्च दृष्टो लम्भादिरुच्छ्वासोवास्तु किं ततः ।। १।२८
कन्याहरण संग्राम विप्रलम्भोदयादयः ।
सर्गबन्धसमा एव नैते वै शेषिका गुणाः ।। १।२९
कविभावकृतं चिह्नमन्यत्रापि न दुष्यति ।
मुखमिष्टार्थसंसिद्धौ किं न स्यात् कृतात्मनाम् ।। १।३०
काव्यादर्श १।२४–३०

अमरकोष के अनुसार आख्यायिका की कथावस्तु ऐतिहासिक तथा सत्य के धरातल पर आरूढ़ होती है जब कि कथा कविकल्पना-प्रसूत होती है। यह परिभाषा हर्षचरित और कादम्बरी पर पूर्णतया चरितार्थ होती है।

आचार्य रुद्रट ने कथा और आख्यायिका में मौलिक परिवर्तन किए। उनके आधार पर कथा के प्रारम्भ में गुरु एवं देवताओं की वन्दना होनी चाहिए तथा स्वकीय-वंश-वर्णना भी अपेक्षित है। अनुप्रासयुक्त भाषा नगरादि का वर्णन भी होना चाहिए। प्रारम्भ में कथान्तर द्वारा कवि रचना करता है किन्तु वही कथान्तर आगे आने वाले कथान्तर में विलीन हो जाता है। कन्या की प्राप्ति का वर्णन एवं शृङ्गाररस का प्राधान्य रहता है। आख्यायिका का भी प्रारम्भ कथा की तरह ही होना चाहिए। प्राचीन कवियों की प्रशंसा भी होती है। उसका मुख्य उद्देश्य किसी राजा की प्रशंसा करना होता है। विषय का विभाजन उच्छ्वासों में होता है। उच्छ्वासों के प्रारम्भ में भावी सूचना देने वाले आर्या छन्दों का प्रयोग आवश्यक होता है।

रुद्रट के परवर्ती ध्वनिकार ने आख्यायिका में दीर्घ समास एवं विकट-बन्ध पर बल दिया एवं कथा में विकटबन्ध होने पर भी रसौचित्य के आधार पर वर्णना होनी चाहिए।

इस विषय में सबसे आधुनिकतम मत आचार्य विश्वनाथ का है कथा में सरस इतिवृत्त की रचना हुआ करती है। इसमें कहीं-कहीं आर्या छन्द तथा कहीं वक्त्र और अपवक्त्र छन्दों में रचना होती है। इसके प्रारम्भ में नमस्कारात्मक "मङ्गल" किया जाता है और खल-निन्दा तथा सज्जन प्रशंसा सम्बन्धी पद्य भी उपन्यस्त किए जाते हैं। यथा—कादम्बरी।

कथायां सरसं वस्तु गद्यैरेव विनिर्मितम्॥
क्वचिदत्र भवेदार्या क्वचिद्वक्त्रापवक्त्रके।
आदौ पद्यैर्नमस्कारः खलादेर्वृत्तकीर्तनम्॥

साहित्यदर्पण ६।३३२-३३३

आख्यायिका भी कथा के ही तुल्य गद्यकाव्य का एक प्रकार है। इसमें भी प्रायः कथा की ही विशेषताएँ रहती हैं। इसमें कवि अपने वंश का अनुकीर्तन करता है और यत्र-तत्र अन्य कवियों की भी चर्चा की जाती

है। इसमे जहाँ-तहाँ पद्यसूक्तियां भी रहती है। इसके कथांशों का व्यवच्छेद आश्वास नाम से निर्दिष्ट किया जाता है। इसमें आश्वास के प्रारम्भ में आर्या, वक्त्र और अपवक्त्र छन्दों में से किसी एक के द्वारा विषयवर्णन के व्याज से वर्णनीय विषय की सूचना भी दी जाया करती है।

यथा—हर्षचरित।

आख्यायिका कथावत्स्यात्कवेर्वंशानुकीर्तनम्।
अस्यामन्यकवीनां च वृत्तं पद्यं क्वचित्क्वचित् ॥
कथांशानां व्यवच्छेद आश्वास इति बध्यते।
आर्यावक्त्रापवक्त्राणां छन्दसा येन केनचित् ॥
अन्यापदेशेनाश्वास मुखे भाव्यर्थसूचनम्।

साहित्यदर्पण ६।३३४-३३६

यद्यपि आचार्य विश्वनाथ का यह अन्तिम मत है किन्तु इसे मौलिक नहीं कहा जा सकता। केवल पिष्टपेषण ही किया गया है। प्रतीत होता है कि हर्षचरित और कादम्बरी को देखकर ही उक्त लक्षणों को बनाया गया है।

दशकुमारचरित कथा है या आख्यायिका ?

इस विषय पर विचार करने से पूर्व कथा और आख्यायिका के स्वरूप का ज्ञान आवश्यक है। कथा और आख्यायिका के स्वरूप का वर्णन "कथा और आख्यायिका" शीर्षक में किया जा चुका है। दण्डी कथा और आख्यायिका इन दोनों रूपों में कोई अन्तर नहीं मानते। दण्डी ने दशकुमारचरित में कथा अथवा आख्यायिका के किसी पूर्ववर्ती लक्षण का अनुसरण नहीं किया है। स्पष्टरूप से दशकुमारचरित को न कथा अथवा न आख्यायिका ही कहा जा सकता है। दशकुमारचरित की पूर्वपीठिका के प्रारम्भ में विष्णु की स्तुतिपरक एक पद्य प्राप्त होता है। दशकुमारचरित में कवि ने अपने वंश की प्रशंसा नहीं की है और न अपना वंश परिचय ही दिया है। कादम्बरी कथा के सदृश खल-निन्दा तथा सज्जन प्रशंसा भी प्राप्त नहीं होती। कन्याहरण, संग्राम, नायक एवं नायिका की वियोग-वर्णना, सूर्योदय, चन्द्रोदय आदि का वर्णन मिलता है जो आख्यायिका की विशेषताएं है। दशकुमारचरित की समग्र कथा नायक द्वारा

ही नहीं कहीं गई है। अनेक राजकुमार अपनी कहानी कहते हैं इस आधार पर इसे आख्यायिका नहीं कहा जा सकता। आख्यायिका में अध्यायों के विभाजन का नाम उच्छ्वास होता है। दण्डी ने अपने दशकुमारचरित में विभाजन का नाम उच्छ्वास ही दिया है। आख्यायिका में आर्या वक्त्र और अपवक्त्र छन्दों का प्रयोग होना चाहिए पर दशकुमारचरित में इन छन्दों का सर्वथा अभाव है। रुद्रट के अनुसार आख्यायिका में प्राचीन कवियों की प्रशंसा आवश्यक है पर दशकुमारचरित में पूर्ववर्ती किसी कवि का वर्णन नहीं मिलता। दशकुमारचरित में कुछ लक्षण आख्यायिका के तथा कुछ कथा के प्राप्त होते हैं। वस्तुतः दशकुमारचरित तो गद्यकाव्य ही कहा जा सकता है। गद्यकाव्य के किसी भेद, कथा या आख्यायिका का लक्षण पूर्णरूप से घटित नहीं किया जा सकता। काव्यादर्श में दण्डी कथा और आख्यायिका दोनों विधाओं की अलग-अलग प्रतिष्ठा के विरुद्ध प्रतीत होते हैं। उन्होंने कथा और आख्यायिका का पृथक्-पृथक् लक्षण न देकर दोनों में भेद स्थापित करने वालों को उत्तर दिया है और उस अभेद स्थापना में ही उनके प्रमुख लक्षण निरूपित हो गए।

दण्डी के अनुसार यह आवश्यक नहीं है कि आख्यायिका का वक्ता उसका नायक ही हो दूसरा पुरुष भी उसका वक्ता हो सकता है। आख्यायिका की भांति कथा में भी वक्त्र और अपरवक्त्र का भी प्रयोग हो सकता है। इसी प्रकार कथा के परिच्छेद लम्भ, लुम्बक, नाम से रखे जाते हैं और आख्यायिका के उच्छ्वास नाम से लेकिन परिच्छेद की संज्ञा लम्भ हो या उच्छ्वास इससे दोनों के स्वरूप में कोई अन्तर नहीं पड़ता। केवल नाम भेद है। कुछ विद्वान् कन्याहरण, संग्राम, विप्रलम्भ, कुमारोदय आदि के वर्णनों को केवल आख्यायिका का ही वैशिष्ट्य स्वीकार करते हैं कथा का नहीं। पर ये वैशिष्ट्य आख्यायिका के लिए रूढ़ नहीं है। प्रबन्धगत सामान्य धर्म होने के कारण कथा में भी उनका प्रयोग हो सकता है।

दण्डी के इन आदर्शों को ध्यान में रखने के बाद यदि हम विचार करें कि दशकुमारचरित किस उपभेद की ओर झुका है तो कहा जा सकता है कि दशकुमारचरित आख्यायिका के वैशिष्ट्य से अधिक विभूषित होने पर भी वह कथा के अधिक समीप है। मुख्यतः आख्यायिका की कथा-

वस्तु ऐतिहासिक तथा सत्य के धरातल पर आरूढ़ होती है। जब कि कथा कविकल्पना प्रसूत होती है। दशकुमारचरित की कथा पूर्णतः कवि-कल्पना-प्रसून है।

अन्त में कह सकते हैं कि दशकुमारचरित कथा और आख्यायिका की संकुचित सीमाओं में बद्ध न होने पर भी, कथानक के कवि कल्पित होने के कारण कथा के अधिक समीप है।

संस्कृत गद्य का उद्गम और विकास

गद्य की सत्ता प्राचीनतर तथा महनीय है। जब हम इसके लिखित रूप की उत्पत्ति की मीमांसा करते हैं तो हमें वैदिक ग्रन्थों का अनुशीलन अत्यावश्यक हो जाता है क्योंकि इन ग्रन्थों की सत्ता सन्देह से अस्पृष्ट और प्राचीनतम है।

विश्व में प्राचीनतम ग्रन्थ ऋग्वेद स्वीकार किया जाता है यद्यपि इसमें गद्य का नितान्त अभाव है, परन्तु फिर भी जर्मन मनीषी ओल्डेनबर्ग ने इसकी उत्पत्ति ऋग्वेद से ही सिद्ध की है। उनकी धारणा के अनुसार ऋग्वेद के यम-यमी, पुरुरवा-उर्वशी प्रभृति संवादात्मक सूक्तों में गद्य का सम्मिश्रण रहा होगा, किन्तु शनैःशनैः कालान्तर स्मरणशक्ति के दुर्बल होने के कारण गद्यांश लुप्त हो गया होगा क्योंकि पद्य की अपेक्षा गद्य की स्थिरता अल्पकालिक होती है। उन्होंने अपनी इस धारणा को पुष्ट करने के लिए आयरिश स्कन्डेनेवियन काव्यों से उद्धरण भी प्रस्तुत किए हैं, किन्तु उनका यह मत विद्वानों में स्थान नहीं पा सका। यह केवल बौद्धिक अनुसंधान की एक दिशा मात्र रह गई।

गद्य का प्राचीनतम रूप हमें यजुर्वेद में प्राप्त होता है। गद्य के कारण ही इसका नाम यजुर्वेद पड़ा।[१] इसकी काठक एवं तैत्तिरीय संहिताओं में गद्य का प्रारम्भिक रूप पाया जाता है। इस सम्पूर्ण गद्य साहित्य को चार भागों में विभाजित कर सकते हैं।

(१) गद्य का प्रारम्भिक युग—(प्रारम्भ से लेकर ईसा तक)

१. ऋग्यत्रार्थवशेन पादव्यवस्था; गीतिषु साम; शेषे यजुः शब्दः मीमांसा दर्शन १।२।३२, ३४, ३५ महर्षि जैमिनि।

यह युग गद्य की शैशवावस्था का था, जिसमें गद्य का रूप अति सरल एवं समासविहीन था। इस काल में वेदों, संहिताओं, ब्राह्मणग्रन्थों, आरण्यकों, उपनिषदों एवं वेदाङ्गों में उपलब्ध गद्य आता है। अथर्ववेद में भी गद्य के दर्शन होते हैं।

व्रात्य आसीदीयमान एव स प्रजापतिं समैरयत्। स प्रजापतिः सुवर्ण-मात्मन्नपश्यत्। तत् प्राजनयत्। तदेकमभवत्। तल्ललाममभवत्, तन्महद-भवत्, तज्ज्येष्ठमभवत्, तद् ब्रह्माभवत्, तत् तपोऽभवत्, तत्सत्यमभवत्, तेन प्रजायत। (अथर्ववेद १५ काण्ड १ सूक्त)।

संहिताओं का गद्य मन्त्रों का विनियोग तथा याज्ञिक व्याख्या प्रस्तुत करता है। इस कारण से यह गद्यांश अनलङ्कृत तथा असमस्त है एवं उसमें संलाप-शैली का प्रयोग किया गया है। कृत्रिमता का सर्वथा अभाव है। स्वाभाविकता एवं प्रवाहमयी शैली सर्वत्र परिलक्षित होती है।

ब्राह्मणग्रन्थों एवं उपनिषदों का गद्य भी सरल तथा प्रवाहमय है क्योंकि इसके द्वारा विभिन्न प्रकार की व्याख्याएं प्रस्तुत की गई हैं। अतः समझाने की दृष्टि से गद्य का सरल होना आवश्यक है। महर्षि यास्क प्रणीत निरुक्त का गद्य भी सरल अकृत्रिम शैली में है। यत्र-तत्र कृत्रिमता भी मिलती है। ब्राह्मणग्रन्थों की भाषा प्राचीन है और वह सर्वत्र पाणिनि के नियमों का अनुसरण करती नहीं दिखलाई पड़ती : ह, वै, उ, खलु आदि अव्ययों का प्रयोग विशेष मिलता है उनकी शैली सरल और शक्तिशाली है। आरण्यक भी गद्य में विरचित हैं उनकी भाषा लौकिक साहित्य के अधिक निकट है। क्रमशः वेद, ब्राह्मण एवं उपनिषदों से एक-एक उदाहरण दिया जाता है जिनमें गद्य की सरल और समासहीन शैली मिलती है।

होता यक्षत सरस्वतीं मेषस्य हविष आवयदद्य मध्यतो मेद उद्भृतं पुरा द्वेषोभ्यः पुरा पौरुषेय्या गृभो घसन्नून घासे आज्राणां यवसप्रथमाना सुमत्·········सरस्वती जुषता हवि र्होतर्यज। यजुर्वेद २१।४४

अग्निर्वै देवानामवमो विष्णुः परमस्तदन्तरेण सर्वा अन्या देवताः। अग्नावैष्णवं पुरोडाशं निर्वपन्ति। दीक्षणीयमेकादशकपालं सर्वाभ्य एवैनं तद् देवताभ्योऽनन्तरायं निर्वपन्ति। ऐतरेय ब्राह्मण १।१

यत्र नान्यत् पश्यति नान्यच्छृणोति नान्यद् विजानाति तद्भूया। अथ यत्रान्यत् पश्यति अन्यच्छृणोति अन्यद् विजानाति तदल्पम्। यो वै भूमा तदमृतमथ यदल्पं तन्मर्त्यम्। छान्दोग्योपनिषद् ७।२४

(२) गद्य का पूर्व-मध्य-युग—(ईसा की प्रथम शती से ५ वीं शती तक)—

यह गद्य का वयः सन्धि का काल है, जिसमें वैदिक एवं लौकिक संस्कृत गद्य का मेल है। इस काल को भी तीन भागों में विभक्त कर सकते हैं।

(क) पौराणिक गद्य—पौराणिकगद्य के अन्तर्गत महाभारत, श्रीमद्-भागवत एवं विष्णुपुराण का गद्य आता है। महाभारत का गद्य सरल तथा स्वाभाविक है। यत्र-तत्र आलङ्कारिक भाषा का भी प्रयोग हुआ है। श्रीमद्-भागवत एवं विष्णुपुराण का गद्य लौकिक एवं वैदिक गद्य के मिश्रण का निदर्शन है। इनका गद्य अलङ्कार तथा प्रसादगुण युक्त है। कहीं-कहीं साहित्यिक गद्य के भी दर्शन होते हैं।

भगवानपि मनुना यथावदुपकल्पितापचितिः प्रियव्रतनारदयोरविषयम-भिसमीक्षमाणयोरात्मसमस्थानमवाङ्मनसं क्षयमव्यवहृतं प्रवर्तयन्नगमत्—श्रीमद्भागवतम् ५।१।

(ख) शिलालेखीय गद्य—इस प्रकार का गद्य शिलालेखों तथा प्रशस्तियों में प्राप्त होता है। इस दृष्टि से रुद्रदामन् का गिरिनार का शिला-लेख तथा हरिषेणकृत प्रयाग प्रशस्ति विशेषतः उल्लेखनीय है। इनका गद्य अत्यन्त प्रौढ़, आलङ्कारिक, मञ्जुल तथा ओजगुणसम्पन्न है। कृत्रिमता का वाहुल्य है। इनकी छाया परवर्ती गद्यसाहित्य पर देखी जा सकती है।

प्रमाणामानोन्मान स्वरगतिवर्णसारसत्वादिभिः परमलक्षणव्यञ्जनैरुपे-तैकान्तमूर्तिना स्वयमधिगत-महाक्षत्रपनाम्ना नरेन्द्रकन्यास्वयंवरानेकमा-ल्यप्राप्तदाम्ना महाक्षत्रपेण रुद्रदाम्ना सेतुं सुदर्शनतरं कारितम्—

(रुद्रदामन् का गिरिनारलेख १५० ई०)

(ग) शास्त्रीय गद्य—शास्त्रीय गद्य के अन्तर्गत व्याकरणग्रन्थों, दर्शनग्रन्थों, अर्थशास्त्र, नीतिशास्त्र एवं कथाओं का गद्य आता है। व्याकरण में हमें प्रथमतः महाभाष्य में गद्य प्राप्त होता है, जिसकी शैली

अति सरल एवं प्रवाहपूर्ण है। कृत्रिमता का सर्वथा अभाव है। इसी कारण से भाष्य जैसा दुरूह ग्रन्थ भी सरल बन पड़ा है। इसी में वासवदत्ता, भैमरथी और सुमनोत्तरा नामक आख्यायिकाओं का भी उल्लेख है। ३०० ई० पू० कात्यायन ने भी आख्यायिका का उल्लेख किया है। महाराज भोज के शृङ्गारप्रकाश में मनोवती एवं सातकर्णीहरण कथाओं का उल्लेख है। जल्हण ने रामिल और सोमिल कृत शूद्रक कथा का सङ्केत किया है। परन्तु इन कथाओं के अप्राप्य होने के कारण इनके गद्य का अनुमान ही किया जा सकता है। महाकवि बाण ने हर्षचरित में भट्टार हरिश्चन्द्र के गद्य की प्रशंसा की है।

दर्शन ग्रन्थों पर लिखे गए भाष्यों का गद्य कहीं-कहीं दुरुह भी हो गया है यद्यपि उसको सरल बनाने का प्रयास किया गया है। मीमांसा के सूत्रों पर शबरस्वामी का भाष्य, वात्स्यायन द्वारा न्यायसूत्रों पर भाष्य, आचार्य शङ्कर द्वारा वेदान्तसूत्रों पर भाष्य, योग सूत्रों पर व्यासभाष्य एवं जयन्त भट्ट द्वारा लिखित "न्यायमञ्जरी" नामक ग्रन्थ इस दृष्टि से महत्त्वपूर्ण हैं।

एवं हि दृश्यते लोके मृत्कयाचिदाकृत्या युक्तो पिण्डो भवति, पिण्डाकृतिमुपमृद्य घटिकाः क्रियन्ते, घटिकाकृतिमुपमृद्य कुण्डकाः क्रियन्ते। तथा—सुवर्णं कयाचिदाकृत्या युक्तं पिण्डो भवति, पिण्डाकृतिमुपमृद्य रुचकाः क्रियन्ते, रुचकाकृतिमुपमृद्यकटकाः क्रियन्ते, कटिकाकृतिमुपमृद्य स्वस्तिकाः क्रियन्ते। महाभाष्य पस्पशाह्निक पृ०४९।

इच्छयात्मानमुपलभामहे ! कथमिति ? उपलब्ध पूर्वे ह्यभिप्रेते भवतीच्छा। यथा मेरुमुत्तरेण यान्यस्मज्जातीयैरनुलब्ध पूर्वाणि स्वादूनि वृक्ष फलानि न तानि प्रत्यस्माकमिच्छा भवति। मीमांसा दर्शन १।१।१५ शबरस्वामी कृत-भाष्य।

अत्राह—यदि जगदिदयनभिव्यक्तनाम रूपं बीजात्मकं प्रागवस्थमवाक्तशब्दार्हमभ्युपगम्येत्, तदात्मना च शरीरस्याप्यव्यक्तशब्दार्हत्वं प्रतिज्ञायेत, स एव तर्हि प्रधानकारणवाद एव सत्यापद्येत्। ब्रह्मसूत्र १।३—आचार्य शङ्कर कृत भाष्य।

(३) गद्य का उत्तर-मध्यकाल—(६ वीं शताब्दी से १८ वीं शताब्दी तक)

यह काल गद्य के विकास की प्रौढ़ावस्था थी। इस काल में गद्य का चरम विकास हुआ। महाकवि सुवन्धु से लेकर १८ वीं शताब्दी तक के गद्य प्रणेताओं ने अपनी प्रौढ़ प्रतिभा का परिचय दिया। प्रौढ़ गद्य के आदि प्रणेतामहाकवि सुवन्धु हैं जिनकी "वासवदत्ता" नामक प्रणयकथा अपनी श्लेषमयी रचना के लिए आज भी प्रसिद्ध है। उनकी कथा में "प्रत्यक्षर-श्लेषमयप्रबन्धविन्यासवैदग्ध्यनिधिर्निबन्धम्" की वात चरितार्थ होती है। इनका गद्य अलङ्कृत, संश्लिष्ट एवं समास-बहुल है। यह गौड़ीरीति में लिखी गई है। सुवन्धु के पश्चात् आचार्य दण्डी ने अपनी सरस और ललित पद बन्धों से युक्त शैली का परिचय दिया। उनका दशकुमारचरित गद्य के पदलालित्य का चरम निदर्शन है। इनके गद्य में व्यङ्ग, हास्य एवं प्रेम का सम्मिश्रण है। उनके गद्य को पढ़ते हुए पाठक ऊबता नहीं। वह तादात्म्य के साथ पढ़ता चला जाता है।

इसके पश्चात् कवि-कुञ्जरों के मद को चूर्ण करने वाले काव्य-कानन-पञ्चानन महाकवि बाण का काल आता है। महाकवि बाण ने अपनी नव-नवोन्मेष-शालिनी प्रतिभा के द्वारा नूतन उद्भावनाएँ करके गद्य को पाञ्चालीरीति में प्रस्तुत किया। उनकी समन्वयात्मक प्रतिभा ने गौड़ी और वैदर्भी का सम्मिश्रण स्थापित किया। कवि की भाषा विषय के अनुरूप है। कलापक्ष एवं भावपक्ष का समन्वय कादम्बरी कथा में उपलब्ध होता है। बाण के गद्य का प्राथमिक रूप हर्षचरित आख्यायिका में एवं चरम विकास कादम्बरी में प्राप्त होता है। कवि के पास अपार शब्द भण्डार एवं अथाह ज्ञान है। सुवन्धु और दण्डी का सुन्दर समन्वय बाण की कथा में प्राप्त होता है। उनके गद्य में प्रायः सर्वत्र सरसता, कोमलता एवं प्राञ्जलता प्राप्त होती है।

इस लेखकत्रयी के अनन्तर चम्पूकाव्यों का गद्य आता है। इन काव्यों में गद्य-पद्य मयी द्विकूला सरिता समानरूप से प्रवाहित होती रही है। इनका गद्य भी बड़ा ही प्राञ्जल एवं कलापक्ष का समर्थन करता है। इस दृष्टि से त्रिविक्रमभट्ट का "नलचम्पू" सोमदेवसूरि का यशस्तिलकचम्पू' भोज का "रामायणचम्पू' अनन्तभट्ट का "भारतचम्पू' कवि कर्णपूर का

'आनन्दवृन्दावनचम्पू' और वेंकटाध्वरि का 'विश्वगुणादर्शचम्पू' विशेष उल्लेखनीय है। इन कृतियों के अतिरिक्त धनपाल की "तिलकमञ्जरी" एवं ओढ़यदेव वादीभसिंह की गद्यचिन्तामणि सफल रचनाएँ हैं। तिलकमञ्जरी में कादम्बरी का अनुकरण किया गया है। इसमें हरिवाहन, समरकेतु एवं तिलकमञ्जरी की प्रणयकथा वर्णित है। गद्यचिन्तामणि में भी कादम्बरी का अनुकरण है और जीवन्धर नामक एक राजकुमार की कथा वर्णित है। कादम्बरी के शुकनासोपदेश की जीवन्धर के उपदेश में स्पष्ट छाप है। इन कवियों ने विशेष रीति पर बल नहीं दिया किन्तु अनुकरण की प्रवृत्ति अवश्य प्रकट की। अलङ्कृत गद्य होने पर भी मौलिकता के अभाव में वह महत्व को प्राप्त न कर सका।

११ वी शताब्दीमें सोढ्डल की "उदय सुन्दरी कथा" १५ वी शताब्दी में वामनभट्ट द्वारा "वेमभूपालचरित" एवं १६५० ई० में मुद्राराक्षस नाटक के आधार पर अनन्तशर्मा ने "मुद्राराक्षस पूर्व संकथानक" नामक एक गद्य रचनाप्रस्तुत की। इन रचनाओं में भी कोई नूतनता नहीं आई किन्तु अनुकरण की ही प्रवृत्ति लक्षित होती है।

४ आधुनिक काल—(१६ वीं शताब्दी से·········)

यह काल भी अपनी रचनाओं के लिए विशेष महत्त्व रखता है। इस काल की सर्वोत्तम कृति अम्बिकादत्त व्यास का "शिवराजविजय" नामक ऐतिहासिक उपन्यास है, जिसमें कवि ने ऐतिहासिकता के साथ ही साथ कल्पना का भी प्रलेप चढ़ाया है। व्यास जी ने अपनी प्रतिभा के द्वारा प्राचीन और अर्वाचीन शैली का समन्वय किया है। इसमें प्रसादादि गुण, हास्य और व्यङ्ग्य का पुट विषय के अनुकूल है। कथोपकथन में लघु वाक्यों का प्रयोग सर्वत्र हुआ है। कवि का भाषा पर पूर्ण अधिकार है।

यों तो व्यास जी के पश्चात् भी गद्य काव्य की रचना हुई, किन्तु उन जैसी भाषा कोई नहीं ला सका। पण्डित हृषीकेश द्वारा प्रणीत "प्रबन्धमञ्जरी" एक निबन्ध संग्रह व्यङ्ग्य शैली में प्रकाशित हुआ। इन्होंने इस विधा की ओर उन्मुख होकर साहित्य को एक नया योगदान दिया। इनकी शैली महाकवि बाण से प्रभावित है। इसके अतिरिक्त

पण्डिता क्षमा राव की लघु कहानियां "कथामुक्तावली" के नाम से संकलित हैं। इनकी भाषा प्रवाहमयी, प्राञ्जल तथा आकर्षक है। एक अन्य कथा-संग्रह "कथाकल्लोलिनी" के नाम से वाराणसी से प्रकाशित हुआ जिसमें द्विजेन्द्रनाथ मिश्र "निर्गुण" एवं रामकुबेर मालवीय आदि विद्वानों के द्वारा लिखित आधुनिक कहानियां सरल शैली में लिखी गई है। इसके अतिरिक्त श्री नारायण शास्त्री की "विद्वच्चरितपञ्चकम्" एवं म० म० पं० रामावतार शर्मा की "भारतानुवर्णनम्" विशेष उल्लेखनीय हैं। पत्र-पत्रि-काओं का प्रकाशन भी आजकल बढ़ रहा है–जिसमें गाण्डीवम्, दिव्यज्योति, भारतोदय, सरस्वतीसुषमा, साकेतम्, संस्कृतभवितव्यम्, सूर्योदय आदि का योगदान उल्लेखनीय है।

संस्कृत-गद्य-काव्य की विशेषताएं

मानव एक संवेदनशील प्राणी है। उसकी संवेदना की अभिव्यक्ति भाषा है। वह अपने विचार गद्य एवं पद्य के द्विविधरूपों में ही व्यक्त करता है। इसी कारण अनादिकाल से गद्य-पद्य रूपी द्विकूला-साहित्य-सरिता अपने कल-कल-निनाद से जनमानस को आप्लावित करती रही है। गद्य मानव की सहज अभिव्यक्ति है तथा कवियों का निकषोपल है। यदि गद्य में प्रौढ़ मस्तिष्क का योग है तो पद्य में सुकोमल हृदय का।

निःसन्देह मानव की नैसर्गिक रुचि पद्य की ओर अधिक है। यथार्थतः स्वाभाविक रुचि के साथ ही साथ युगीन विचारधारा और बौद्धिक क्षीणता भी कुछ अंशों में उत्तरदायी है। जहाँ साहित्यप्रणेता पद्य का आश्रय लेकर अपनी दुर्बलताओं को संवरण करते थे, वहाँ पर कतिपय मनीषी गद्य के निर्मुक्त क्षेत्र में निर्द्वन्द्व विचरण करके अपना बौद्धिक परिचय भी देते थे। इसी के परिणामस्वरूप गद्य कवियों की निकष बन गयी और "गद्यं कवीनां निकषं वदन्ति" विद्वानों के वैदुष्य का मापदण्ड करने लगी।

यद्यपि कतिपय विद्वानों ने ही गद्य की सर्जना की, तथापि उतनी सर्जना में ही उनकी प्रतिभा का चरम प्रदर्शन प्राप्त होता है। इस गद्य रचना को देखकर कवियों की सामान्य प्रवृत्तियों पर प्रकाश पड़ता है और वे प्रवृत्तियां स्वयं आदर्श रूप में परवर्ती कलाकारों के लिए उपजीव्य बन

गयीं। इन्हें ही दूसरे शब्दों में गद्य की विशेषताएं भी कह सकते हैं। इसी कारण भिन्न-भिन्न कवियों की पृथक्-पृथक् विशेषताएं भी प्रकट हुईं। यदि सुबन्धु श्लेष के सम्राट् हैं तो दण्डी पद-लालित्य के। जबकि काव्यकानन के पञ्चानन तथा पाञ्चालीरीति के नायक महाकवि बाण में दोनों का समत्व योग है। गद्य काव्य की विशेषताओं को निम्न प्रकार से विभाजित किया जा सकता है।

(क) समासाधिक्य–संस्कृत गद्य की यह प्रथम विशेषता है कि इसमें कविगण समासों का प्रयोग प्रचुरता से करते हैं, जिसमें दीर्घकाय वाक्यों के लिए लघुता का स्वरूप आता है। यदि पात्रों में कथोपकथन होता है तो समास का प्रयोग नहीं किया जाता है। यदि किसी विषय की वर्णना की जा रही है या प्रकृति की भयङ्करता का वर्णन किया जा रहा है तो समास-बाहुल्य होना आवश्यक हो जाता है। अतः समासों का योगदान गद्य के प्रति अपना विशेष महत्त्व रखता है। इस दृष्टि से सुबन्धु का निम्न गद्य स्पृहणीय है। कवि विन्ध्यपर्वत का वर्णन कर रहा है।

कन्दरान्तराललतागृहसुप्तप्रबुद्धविद्याधरमिथुनगीताकर्णनसुखितचमरीगणमारणोत्सुकशबरकुलसम्बाधकच्छतटः, कटकतटगतकरिकराकृष्टभग्नहरिचन्दनस्यन्दमानरसामोदहरगन्धवाहशिशिरितशिलातलः, सुदूरपतनभग्नतालफलरसार्द्रकरतलास्वादनोत्सुकशाखामृगकदम्बकः। वासवदत्ता पृष्ठ ६३

(ख) ओजः प्राधान्य—'ओजः समासभूयस्त्वमेतद् गद्यस्य जीवितम्" दण्डी की इस उक्ति ने ओज को गद्य का प्राण बताया। यथार्थतः यह लक्षण दण्डी से पूर्ववर्ती शिलालेखों पर भी चरितार्थ होता है। रुद्रदामन् के शिलालेख और हरिषेण की प्रयागप्रशस्ति में इस प्रकार की गद्य शैली के दर्शन प्राप्त होते हैं। यों तो विषय के अनुरूप प्रसाद और माधुर्य गुण भी प्राप्त होता है। शास्त्रीय मर्यादा के अनुसार आख्यायिका में शृङ्गार में भी कोमल वर्णों से युक्त रचना नहीं होती है।[1] कहीं-कहीं पर वक्ता एवं वाच्य के अनुसार रचना को मोड़ देना पड़ता है। ओज की दृष्टि से सुबन्धु का निम्न गद्य द्रष्टव्य है।

---

(१) तथाहि आख्यायिकायां शृङ्गारेऽपि न मसृणवर्णादयः।

अप्रत्यूहदात्यूहकुहरितभरितनदीतटानेकुञ्जपुञ्जेन, पुञ्जिताकुण्ठकण्ठ-कलकण्ठाध्यासितसहकारपल्लवेन चपलकुलायकुक्कुटकुटुम्बाध्युषितोत्कटानेक-विटपेन, मदजलमेचकितगण्डकाषमुचुकुन्दकाण्डकथ्यमाननिःशङ्ककरिकरटवि-कटकण्डूतिना, कतिपय दिवस प्रसूतकुक्कुटीकुटीकृत कुटजकोटरेण। वासव-दत्ता २३१ पृष्ठ।

(ग) अर्थगाम्भीर्य—संस्कृतवाङ्मय में गम्भीर-विषयों का विवेचन गद्य के ही माध्यम से किया गया है। दार्शनिक गद्य बड़ा ही अर्थपूर्ण तथा प्रौढ़ है। अतः प्रणेताओं ने भी शास्त्रीय ग्रन्थियां सुलझाने के लिए प्रौढ़-शैली का आश्रय लिया और एक नूतन "अवच्छेदकावच्छिन्न" प्रणाली को जन्म दिया। यों तो सरस और सुकोमलभाव अपने विषय के अनुसार उपस्थापित किए गए हैं तथापि अर्थगाम्भीर्य सर्वत्र परिलक्षित होता है। कादम्बरी का शुकनासोपदेश इस दृष्टि से अच्छा बन पड़ा है। इस अर्थ-गाम्भीर्य को प्रदर्शित करने के लिए कवियों ने श्लेष, उपमा, उत्प्रेक्षा आदि अलङ्कारों का आश्रय लिया है।

(घ) अलङ्कारबाहुल्य—संसार की किसी भी भाषा में संस्कृत जैसा अलङ्कार-वैविध्य नहीं प्राप्त होता है लक्षण-शास्त्रियों ने इनकी संख्या सौ से ऊपर निर्धारित की है तथापि कतिपय अलङ्कार अपनी सरसता और विशेषता के लिए समान रूप से कवियों द्वारा ग्राह्य हैं। विशेषतः गद्य के स्वच्छन्द क्षेत्र में अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन के लिए उनका प्रयोग किया है। वे हैं—उपमा, रूपक, विरोधाभास, उत्प्रेक्षा, परिसंख्या, श्लेष, अनुप्रास और यमक आदि। उपयुक्त अलङ्कारों का संस्कृत गद्य में विशेष प्रयोग हुआ है। इन अलङ्कारों ने स्वर्ण में सुगन्ध का कार्य किया है। विभिन्न अलङ्कारों के प्रयोग से गद्य का सौन्दर्य बढ़ जाता है अतः अलङ्कार बाहुल्य गद्य का भूषण है।

(ङ) पदलालित्य—गद्य निर्माताओं ने ललित-पद-बन्ध के द्वारा भाषा में माधुर्य तथा सौन्दर्य को बढ़ाया है। कोमल-कान्त-पदावली को पढ़कर साधारण पाठक का भी हृदय मन्त्रमुग्ध हो जाता है तथा कवि की प्रतिभा पर आश्चर्य प्रकट करने लगता है। यों तो विभिन्न कवियों ने

अपने विषय के अनुसार सुकुमार पद-वन्ध का सृजन किया है। किन्तु महाकवि दण्डी इस विषय के आचार्य हैं, यथा—

अनवरतयागदक्षिणरक्षित शिष्टविशिष्टविद्यासंभारभासुर भूसुरनिकरः, विरचितारातिसन्तापेनप्रतापेन सततुलिन्मध्य हंसः, राजहंसो नाम घनदर्प-कन्दर्प सौन्दर्य सौदर्यहृद्य निरवद्यरूपोभूपो वभूव। —दशकुमारचरित

'गद्यं कवीनां निकषं वदन्ति'

संस्कृत साहित्य में विविधि प्रकार के अनेक काव्य हैं किन्तु गद्य-काव्यों की कमी, उनके रचना-काठिन्य और काव्य-वैशिष्ट्य को प्रकट करती है। संस्कृत काव्यों में गद्य की न्यूनता इसलिये है कि पद्य की अपेक्षा गद्य-रचना में दुरूहता है। श्लोक के एक अंश में भी चमत्कार की विशेषता आ जाने से सम्पूर्ण श्लोक प्रशंसा-भाजन वन जाता है किन्तु गद्य में सौन्दर्य का आधान सुलभ नहीं है। पद्य रचना में शब्द-योजना, गीतिमाधुर्य तथा छन्द-विधान के अनुसार आरोह अवरोह एवं यति आदि के प्रभाव से स्वाभाविक रूप से ही मधुरता आ जाती है। और यदि कवि की निपुणता से थोड़ा-सा भी वैशिष्ट्य उत्पन्न हो जाता है, तो योग्य शिष्य को प्रदान की गई विद्या की भाँति वह प्रशस्त काव्य सुधियों का मनोरञ्जन करता ही है।

पद्यरचना में यह और भी महान लाभ है कि यदि कोई दोष (रचना शैथिल्य अथवा भाव-कल्पना की कमी) होता है तो वह भी छन्द के गुण से उसी प्रकार छिप जाता है जैसे चन्द्र-गत कालिमा उसके ज्योत्स्ना-जाल से आवृत हो जाती है। छन्द-शास्त्र के नियमों में निवद्ध कवि स्वेच्छानुसार श्लोक-रचना में वाध्य होता है अत एव कवि परतन्त्रता रूपी शृंखला में वद्ध वन्दी की स्थिति का अनुभव करता है। किन्तु गद्य रचना में नियमों का ऐसा वन्धन नहीं होता अतः कवि अभीष्ट काव्य-कौशल के प्रयोग में सर्वथा स्वतन्त्र होता है। और उसका कोई भी दोष किसी प्रकार से छिपाया नहीं जा सकता। उसके भाव-प्रदर्शन में कोई भी सीम या नियम वाधक नहीं होता अतः गद्य में यदि किसी प्रकार की न्यूनता प्रतीत होती है तो वह कवि-दूषण को ही सूचित करती है। इस कारण

से पद्य की अपेक्षा गद्य-रचना ही महामान्य होती है और अत्यन्त दुष्कर भी गद्य ही है। काव्य कोविदों ने कवि रूपी स्वर्ण के परीक्षण हेतु गद्य को निकष रूप में निश्चित किया है।

जिस प्रकार स्वर्ण कहलाने वाले पदार्थ के बाहुल्य होने पर भी कसोटी में कसने के पश्चात् शुद्ध स्वर्ण अल्प ही प्राप्त होता है उसी प्रकार गद्य रूपी कसोटी में, सुन्दर वर्ण-विन्यास वाले कवियों की संख्या अङ्गुलिगण नीय ही प्राप्त होती है किन्तु इससे यह नहीं कहा जा सकता कि संस्कृत भाषा में गद्य का अभाव है क्योंकि दैवी-वाङ्मय में वैदिक काल से लेकर आधुनिक समय तक यजुर्वेद, ब्राह्मण, उपनिषद् भाष्य, शिलालेख आदि में प्रचुर-गद्य प्राप्त होता है किन्तु पद्य की अपेक्षा गद्य की अल्पमात्रा उसके महत्त्व व गरिमा को निश्चित ही स्पष्ट करती है कि किसी एक पद के विशिष्ट चमत्कार पूर्ण विन्यास हो जाने पर भी समाज कवि को श्रेष्ठपद प्रदान कर देता है। इस सन्दर्भ में घण्टामाघ, भवभूति श्रीकण्ठ, आदि का नामकरण उल्लेखनीय है ही। किन्तु गद्य की प्रशंसा तब तक नहीं की जा सकती जब तब उसके सर्वांश में काव्य-सौष्ठव का उन्मुक्त विलास न हो। यही कारण है कि पद्यक्षेत्र में सिद्धहस्त कविवरों ने भी गद्य-क्षेत्र में हाथ नहीं डाला। तथापि संस्कृत-भाषा में गद्य-कवि-रत्नों का अभाव नहीं है क्योंकि सुबन्धु, दण्डी, बाण, अम्बिकादत्त व्यास प्रभृति ज्योतिस्तम्भों से गद्य-लोक की सुषमा अवर्णनीय ही है। संस्कृत के सदृश प्राञ्जल और प्रशस्त कल्पना-कौशल से अनुप्राणित सर्वथा हृद्य, अनवद्य गद्य रचना अन्य भाषा में सर्वथा दुष्कर है।

गद्य क्षेत्र में कवि श्रृंगार जैसे मधुर-भावों के अभिव्यक्तीकरण में सक्षम, मृदुलता सुधा सिंचित वर्ण विन्यास करते हुए भी कभी-कभी वीर आदि रस वर्णन में कठिन एवं विविध दीर्घ-समास पूर्ण कर्कश शब्दों की संयोजना स्वेच्छानुसार करता हुआ उस मधुसञ्चयकर्ता का अनुचरण करता है जो पुष्प-समूह के मध्य गमन करता हुआ भी कभी कुश-कण्टका-कीर्ण कानन में भी स्वच्छन्द विचरण करता है।

इस प्रकार पूर्वोक्त विचारों की समीक्षा करने पर यह निर्विरोध कहा जा सकता है कि नियम सम्बन्धी परतंत्रता का अभाव, संगठित शब्द

योजना की कठिनता, अलंकार, रीति, गुण आदि के समावेशन की स्वतं-त्रता, दोषों की अगोपनीयता, अपने कल्पना-कौशल के प्रदर्शन की स्वच्छन्दता आदि गद्य-क्षेत्र के ऐसे मौलिक तत्त्व हैं जिससे परीक्षा करने पर समस्त सुवर्णसृष्टा कवि सर्वथा खरे नहीं उतरते। अत एव गद्य की गुण-गरिमा का डिण्डिम घोष करती हुई यह सामाजिकों की सूक्ति सत्य ही चरितार्थ होती है—

"गद्यं कवीनां निकषं वदन्ति"

दण्डी का समय

दण्डी के स्थितिकाल के विषय में विद्वान् एक मत नहीं हैं। दण्डी का नामोल्लेख नवम शताब्दी के ग्रन्थों में सर्वप्रथम मिलता है। इस आधार पर उनको नवम शताब्दी के बाद में नहीं रखा जा सकता। डाक्टर बार्नेट महोदय के अनुसार सिंघली भाषा के अलङ्कारग्रन्थ "सिय-बस-लकर" (स्वभाषालङ्कार) की रचना काव्यादर्श के आधार पर की गई है। महावंश के अनुसार इसका रचयिता राजा सेन प्रथम सन् ८४६ से ८६६ई० तक राज्य करता था। कन्नड़ी भाषा के अलङ्कार-ग्रन्थ "कविराजमार्ग" पर काव्यादर्श की छाया पड़ी है। इसकी रचना सन् ८१५ ई० के समीप हुई है। कविराजमार्ग में काव्यादर्श से उदाहरण लिए गए हैं, कहीं-कहीं पूर्णतः उसी रूप में कहीं-कहीं कुछ परिवर्तन के साथ उनका प्रयोग किया गया है। हेतु, अतिशयोक्ति आदि अलंकारों के लक्षण दण्डी के काव्यादर्श से अक्षरशः सारूप्य रखते हैं। कविराजमार्ग के लेखक का नाम अमोघवर्ष है। इस आधार पर कहा जा सकता है कि काव्यादर्श नवम शताब्दी के पूर्व ही रचा जा चुका था और नवम शताब्दी के द्वितीय दशक के पूर्व ही पर्याप्त ख्याति भी प्राप्त कर चुका था। तभी सिंघली आदि भाषाओं के ग्रन्थों पर उसका प्रभाव पड़ा। अतः काव्यादर्श के रचयिता दण्डी को नवम शताब्दी ई० के द्वितीय दशक के पूर्व ही स्थित स्वीकार करना पड़ता है। यह तो रही दण्डी के काल की अन्तिम सीमा।

अब पूर्व सीमा की ओर विचार करना है। यह निर्विवाद सिद्ध है कि काव्यादर्श में आये हुये समस्त पद्य दण्डी विरचित नहीं है। अन्य अलङ्कारग्रन्थों की भाँति काव्यादर्श में भी पूर्ववर्ती कवियों के पद्यों को उद्धृत किया गया है। लक्ष्म लक्ष्मीं तनोतीति प्रतीतिसुभगं वचः में दण्डी के स्पष्टरूप से इति शब्द के प्रयोग से ज्ञात होता है कि यह अंश 'मलिन-मपि हिमांशोर्लक्ष्म लक्ष्मीं तनोति' कालिदास के पद्यांश से उद्धृत है। अतः कालिदास के अनन्तर ही आते हैं। दण्डी के काव्यादर्श में सेतुवन्ध नामक एक प्राकृत काव्य का उल्लेख है। सेतुवन्ध का रचयिता प्रवरसेन है जिसका स्थिति-काल पाँचवीं शताब्दी माना जाता है। इससे स्पष्ट है कि काव्यादर्श के रचयिता दण्डी के स्थिति-काल की पूर्व सीमा पाँचवी शताब्दी से पूर्व नहीं मानी जा सकती।

संस्कृत-गद्य लेखकों में वाणभट्ट का समय निश्चित है। इसके आधार पर दण्डी के समय के विषय में कुछ विचार किया जा सकता है। दण्डी और वाण के पौर्वापर्य के विषय में विद्वान् एक मत नहीं मालूम पड़ते। पीटर्सन और याकोवी महोदय का विचार है कि काव्यादर्श के निम्न पद्य पर वाणभट्ट कृतकादम्बरी के शुकनाशोपदेश की छाया है। दण्डी को वाण का परवर्ती सिद्ध करने के लिए विद्वानों ने अन्य प्रमाण भी प्रस्तुत किए हैं।

अरत्नालोकसंहार्यमवार्यं सूर्यरश्मिभिः।
दृष्टिरोधकरं यूनां यौवनप्रभवं तमः॥ काव्यादर्श

केवलं च निसर्गत एवाभानुभेद्यमरत्नालोकोच्छेद्यमदीपप्रभापनेयमतिगहनं तमो यौवनप्रभवम्। कादम्बरी।

दण्डी ने स्वयं एक पद्य में वाण और मयूर की प्रशंसा की है।

भिन्नतीक्ष्णमुखेनापिचित्रं बाणेन निर्व्यथः।
व्यवहारेषु जहौ लीलां न मयूरः······॥

प्रो० पाठक के अनुसार दण्डी ने काव्यादर्श में निर्वर्त्य, विकार्य तथा प्राप्य हेतु का विभाग वाक्यपदीय के कर्त्ता भर्तृहरि ६५० ई० के अनुसार किया है। प्रो० आर नरसिंहाचार्य तथा डॉ० वेलवल्कर ने राजवर्मा (रात-

वर्मा) तथा नरसिंह वर्मा द्वितीय (जिसका विरुद अथवा उपनाम राजवर्मा था) की एकता को मानकर दण्डी का समय सातवीं शताब्दी का उत्तरार्द्ध सिद्ध किया है। शैव-धर्म के उत्थापक पल्लवराज नरसिंहवर्मा का समय ६९०-७१५ ई० माना जाता है। इस आधार पर पण्डित बलदेव उपाध्याय प्रभृति विद्वान् दण्डी का समय सप्तम शताब्दी का अन्त तथा अष्टम शताब्दी का प्रारम्भ मानते हैं।

डॉ० भोलाशङ्कर व्यास ने दण्डी के समय पर विचार करते हुए लिखा है "कुछ विद्वान् दण्डी के काव्यादर्श को भामह के पूर्व की रचना मानते हैं। दशकुमारचरित में वर्णित सामाजिक स्थिति ठीक वही है, जो हमें मृच्छकटिक में दिखाई पड़ती है और यह हर्षवर्धन के पूर्व भारत की स्थिति का सङ्केत देती है। दण्डी निश्चित रूप से बाण से प्राचीन हैं पर २५-३० वर्ष से अधिक प्राचीन नहीं।"

डॉ० हरिदत्तशास्त्री भी काव्य शैलियों की तुलना के आधार पर दण्डी को बाण से पूर्ववर्ती मानते हैं। उनका तर्क है कि वाल्मीकि, कालिदास और अश्वघोष की प्रसादगुणयुक्त शैली भारवि, माघ और श्री हर्ष आदि की कविता में क्रमशः कृत्रिम और दुरूह होती गई। यही स्थिति गद्य की भी है। उपनिषदों, महाभाष्य और पञ्चतन्त्र का सरल और सरस गद्य कालान्तर में प्रौढ़ता और जटिलता की ओर अग्रसर होता गया। जिसका चरम परिपाक सुबन्धु और बाण की रचनाओं में देखा जा सकता है। दण्डी की प्रसाद गुण युक्त शैली बाण के अलंकृत गद्य में आकर विशेष प्रौढ़ता को प्राप्त हुई। दण्डी का गद्य बाण के गद्य सदृश श्लेष और वक्रोक्ति जैसे अलङ्कारों से बोझिल नहीं है। यदि दण्डी बाण के परवर्ती होते तो उनका गद्य भी बाण के गद्य सदृश विशेष अलंकृत होता। दशकुमारचरित में जिस समाज का चित्रण मिलता है वह स्पष्टतः हर्षवर्धन से पूर्व के भारत से सम्बन्ध रखता है। गुप्त राजाओं की शक्ति क्षीण होने पर जो अव्यवस्था और स्वच्छन्दता भारतीय समाज में फैली थी उसी का चित्र दशकुमार-चरित में मिलता है। दण्डी निःसन्देह हर्षवर्धन के पूर्ववर्ती हैं। किन्तु दोनों में कुछ दशकों का ही अन्तर है। अतः दण्डी का स्थितिकाल ६००ई० के लगभग निश्चित होता है।

दण्डी का जीवन परिचय

अवन्तिसुन्दी कथा के आधार पर दण्डी के विषय में कुछ जानकारी प्राप्त होती है। दण्डी के पूर्वज गुजरात के आनन्दपुर नामक स्थान के रहने वाले थे। बाद में यह परिवार अचलापुर (एलिपुचर) में रहने लगा। "किरातार्जुनीय" महाकाव्य के रचयिता भारवि को दण्डी का प्रपितामह कहा जाता है। नारायण स्वामी के पुत्र का नाम दामोदर था। भारवि का वास्तविक नाम दामोदर बतलाया जाता है। दामोदर के तीन पुत्र हुए। जिनमें 'मनोरथ' मध्यग पुत्र था। मनोरथ के चार पुत्र हुए जिनमें वीरदत्त सबसे छोटा था। वह सुयोग्य एवं दार्शनिक था। वीरदत्त की पत्नी का नाम गौरी था, इन्हीं से महाकवि दण्डी का जन्म हुआ। बाल्यकाल में ही दण्डी के माता-पिता स्वर्गलोक वासी हो गए थे। ये काञ्ची में रहते थे। काञ्ची में विप्लव प्रारम्भ हो जाने के कारण ये जङ्गलों में भटकते रहे। ततः पुनः पल्लवों का अधिकार हो जाने पर पल्लव-नरेश की सभा में रहने लगे और वहीं पर उन्होंने "अवन्तिसुन्दरी कथा" की सर्जना की।

महाकवि दण्डी का उक्त परिचय तभी सत्य माना जा सकता है जब कि अवन्तिसुन्दरी कथा और दशकुमारचरित के रचयिता को एक मान लिया जाय। जहाँ कुछ विद्वान् महाकवि दण्डी को ही दोनों का रचयिता मानते हैं वही डा० डे प्रभृति विद्वान् दोनों के रचयिता को एक नहीं मानते।

दण्डी और भारवि को जिस पद्य के आधार पर जोड़ा जा रहा है। उसमें पाठ भेद प्राप्त हो जाने से कुछ विद्वान् भारवि और दामोदर को एक नहीं मानते।

स मेधावी कविर्विद्वान् भारविं प्रभवं गिराम्।
अनुरुध्याकरोन्मैत्रीं नरेन्द्र विष्णुवर्धने।। १।२३

इस द्वितीयान्त 'भारविम्' के स्थान पर पूर्व पाठ प्रथमान्त भारवि प्राप्त होता है। भारविम् इस पाठ से यह अर्थ निकलता है कि भारवि की सहायता से दामोदर की मित्रता विष्णुवर्धन से हुई। भारवि और दामोदर दो व्यक्ति हुए और इस प्रकार दामोदर ही भारवि के प्रपितामह हुए न

कि भारवि। इससे इतना तो स्पष्ट ही है कि दण्डी का जन्म एक शिक्षित ब्राह्मण-कुल में हुआ था। एम० रंगाचार्य ने एक किंवदन्ती के आधार पर लिखा है कि पल्लव-राज के पुत्र को शिक्षा देने के लिए दण्डी ने काव्यादर्श की रचना की।

काव्यादर्श के टीकाकार तरुणवाचस्पति ने निम्न प्रहेलिका में काञ्ची के पल्लव नरेशों की ओर संकेत माना है।

नासिक्यमध्या परितश्चतुर्वर्णविभूषिता।
अस्ति काचित् पुरी यस्यामष्टवर्णाह्वया नृपाः ॥११४॥

इस प्रकार दण्डी का काञ्ची के पल्लवराज के आश्रय में रहना सिद्ध ही है।

दण्डी की रचनाएँ

शार्ङ्गधर पद्धति में राजशेखर के नाम से निम्न पद्य उद्धृत है। इस आधार पर दण्डी ने तीन ग्रन्थों की रचना की।

त्रयोऽग्नयस्त्रयो देवास्त्रयो वेदा स्त्रयो गुणा.।
त्रयोदण्डिप्रबन्धाश्च त्रिषु लोकेषु विश्रुताः॥

दशकुमारचरित और काव्यादर्श को प्रायः सभी विद्वान् दण्डी की ही रचना मानते हैं। दशकुमारचरित गद्य काव्य है तथा काव्यादर्श अलङ्कारशास्त्र का ग्रन्थ है। जो लोग दोनों रचनाओं को एक ही दण्डी की कृति नहीं मानते हैं उनका तर्क है कि काव्यादर्श में जिन सिद्धान्तों का प्रतिपादन किया गया है दशकुमारचरित में उनका पालन नहीं हुआ। एक व्यक्ति स्वयं प्रतिपादित सिद्धान्तों की अवहेलना नहीं कर सकता। इसका उत्तर कुछ विद्वानों ने यह दिया है कि दशकुमारचरित दण्डी का युवावस्था में रचित ग्रन्थ है और काव्यादर्श की रचना के समय कवि ने काव्यशास्त्र सम्बन्धी ज्ञान की प्रौढ़ता को प्राप्त कर लिया था। अब प्रश्न उत्पन्न होता है कि दण्डी की तृतीय रचना कौन है। काव्यादर्श में 'छन्दोविचिति और कलापरिच्छेद का उल्लेख मिलने के कारण छन्दोविचिति को तृतीय रचना मानते हैं। इस बात का कोई प्रमाण उपलब्ध नहीं होता। छन्दोविचिति कोई स्वतन्त्र ग्रन्थ है। डा० कीथ के अनुसार छन्दोवि-

चित और कलापरिच्छेद कोई स्वतन्त्र ग्रन्थ नहीं है अपितु दो परिच्छेद थे जिन्हें वह काव्यादर्श के परिशिष्ट के रूप में देना चाहते थे। भोज के शृंगार-प्रकाश में दण्डिद्विसंधान का उल्लेख मिलता है। आचार्य बलदेव उपाध्याय इस दण्डिद्विसंधान महाकाव्य को दण्डी की तृतीय रचना मानते हैं। यह महाकाव्य आज अनुपलब्ध है। इसमें श्लेष के द्वारा रामायण और महाभारत के कथानकों का वर्णन किया गया है। पिशेल मृच्छकटिक को दण्डी की तृतीय रचना मानते हैं। इसके लिए उन्होंने दो तर्कों को उपस्थित किया है। प्रथम मृच्छकटिक का एक पद्य (लिम्पतीव तमोऽङ्गानि) काव्यादर्श में विना कवि के नाम के उद्‌धृत है। द्वितीय दशकुमारचरित और मृच्छकटिक में एक सी सामाजिक दशा का चित्रण उपलब्ध होता है। इस द्वितीय तर्क के आधार पर इतना तो कहा जा सकता है कि दोनों का रचना काल एक हो पर यह सिद्ध नहीं हो सकता कि दोनों रचनाएँ एक ही कवि की है। भास के नाटकों के उपलब्ध होने के कारण प्रथम मत भी तथ्यहीन हो गया है क्योंकि वह पद्य भास के नाटकों में उपलब्ध होता है। कुछ विद्वान् दण्डी की तृतीय रचना के रूप में मल्लिका मारुत का नाम लेते हैं। पर यह रचना उद्दण्ड रङ्गनाथ (१५ वीं शताब्दी ई०) द्वारा रचित सिद्ध हो चुकी है।

अब मुख्य रूप से अवन्तिसुन्दरी कथा को दण्डी की तृतीय रचना के रूप में कहा जाता है। इस कथा का पता मद्रास से प्राप्त दो हस्तलेखों से चलता है। एक हस्तलेख गद्य में है द्वितीय पद्य में। गद्य में लिखित ग्रन्थ का नाम अवन्तिसुन्दरी कथा माना गया है और उसके रचयिता के रूप में दण्डी का स्मरण किया जाता है। अवन्तिसुन्दरी कथा दण्डी के दशकुमारचरित की पूर्वपीठिका का प्रारूप है। डा० भोलाशङ्कर व्यास का कथन है "हमें अवन्तिसुन्दरी कथा को दण्डी की कृति मानने में आपत्ति है और सच बात तो यह है कि महाकवि दण्डी की तृतीय कृति का अभी हमें पता नहीं लग पाया है।" आचार्य बलदेव उपाध्याय ने दशकुमार-चरित का मूल अवन्तिसुन्दरी कथा को मानते हुए लिखा है—"अवन्ति-सुन्दरी ही दण्डी का द्वितीय प्रबन्ध है जिसकी उपलब्धि न होने से कालान्तर

में "दशकुमारचरित" ही उसका स्थानापन्न ग्रन्थ मान लिया गया। तथ्य दोनों के अनुशीलन से स्पष्ट होता है कि अवन्तिसुन्दरी ही मूल ग्रन्थ है जिसका सार अंश दशकुमारचरित में निवद्ध किया गया, परन्तु कब ? इस प्रश्न का ठीक उत्तर नहीं दिया जा सकता। ध्यान देने की बात है कि दशकुमारचरित का नाम न तो अलंकार के किसी ग्रन्थ में और न किसी व्याख्या ग्रन्थ में ही निर्दिष्ट किया गया है। इससे उक्त कथन की पुष्टि होती है।

दशकुमारचरित (कथानक)

दशकुमारचरित के प्रारम्भ में पांच उच्छ्वासों की पूर्वपीठिका है। ततः आठ उच्छ्वासों की कथा है जिनमें केवल आठ कुमारों की कहानियां कहीं गई है अन्त में उपसंहारात्मक उत्तरपीठिका है। विद्वनों का कथन है कि पूर्वपीठिका तथा उत्तरपीठिका दण्डी की लेखनी से लिखित नहीं है। ये वाद के परिवर्धन है। दण्डी के आठ उच्छ्वासों की कथा को पूरा करने का कई कवियों ने प्रयत्न किया। भट्ट नारायण (वेणीसंहार नाटक के रचयिता से इतर कवि), विनायक, चक्रपाणि और गोपीनाथ ने दशकुमारचरित में समय-समय पर परिवर्धन किए हैं। दण्डी के दशकुमार-चरित के मूल कलेवर में केवल आठ कहानियां ही उपलब्ध होती हैं, नाम को सार्थकता वनाए रखने के लिए पूर्वपीटिका में पुष्पोद्भव और सोमदत्त की कथा को जोड दिया गया है। इसके अतिरिक्त उसमें राजवाहन तथा उसकी प्रेयसी अवन्तिसुन्दरी की कथा है। इधर "अवन्तिसुन्दरीकथा" के प्राप्त हो जाने पर विद्वान् उक्त कथा को ही दशकुमारचरित की पूर्वपी-ठिका मानते हैं। अवन्तिसुन्दरी कथा को दण्डी की मौलिक कृति के रूप में स्मरण किया जाता है। अवन्तिसुन्दरी कथा के अनुपलब्ध हो जाने पर दशकुमारचरित को क्रमवद्ध वनाने के लिए पूर्वपीठिका एवं उत्तारपीठिका को जोड़ दिया गया। यही कारण है कि मूल ग्रन्थ तथा पूर्वपीठिका के कथानकों में घटना वैषम्य प्राप्त होता है।

दशकुमारचरित म राजकुमारों के देश-विदेश में भ्रमण तथा साहस-पूर्ण कार्यो का हृदयहारक वर्णन है। यह गद्य-साहित्य की एक अनूठी कृति है। यह एक यथार्थवादी रचना है यद्यपि संस्कृत-साहित्य सदैव

आदर्शोन्मुख रहा है परम्परा के अनुसार संस्कृत-ग्रन्थों के नायक उदात्तता तथा शालीनता आदि गुणों से युक्त होते हैं, परन्तु, इस ग्रन्थ के राजकुमार अपनी कार्यसिद्धि के लिए अनुचित साधनों को भी अपनाने में संकोच का अनुभव नहीं करते। इसमें छल, कपट, परस्त्रीहरण, हिंसा, अवैध प्रेम आदि का स्पष्ट उल्लेख मिलता है। जादूगर, चञ्चल तपस्वी, हृदयहीन वेश्याओं, धूर्तकुट्टिनियों, सेवकों, नर्मव्यापार के दूती कर्म में प्रवीण भिक्षुणियां तथा उत्सुक प्रेमियों का चित्रण उपलब्ध होता है।

उच्छ्वास विवरण

पूर्वपीठिका—प्रथम उच्छ्वास में राजहंस तथा वसुमती आदि का वर्णन
द्वितीय उच्छ्वास में कुमारों की दिग्विजय-यात्रा
तृतीय उच्छ्वास में सोमदत्तचरित
चतुर्थ उच्छ्वास में पुष्पोद्भवचरित
पञ्चम उच्छ्वास में राजवाहनचरित का प्रारम्भ
मध्यभाग—प्रथम उच्छ्वास में राजवाहनचरित की समाप्ति
द्वितीय उच्छ्वास में अपहारवर्मा का चरित
तृतीय उच्छ्वास में उपहारवर्मा का चरित
चतुर्थ उच्छ्वास में अर्थपाल का चरित
पञ्चम उच्छ्वास में प्रमति का चरित
षष्ठ उच्छ्वास में मित्रगुप्त का चरित
सप्तम उच्छ्वास में मन्त्रगुप्त का चरित
अष्टम उच्छ्वास में विश्रुत का चरित
उत्तरपीठिका—में विश्रुतचरित की समाप्ति तथा ग्रन्थ का उपसंहार।

पूर्वपीठिका का कथासार

प्रथम उच्छ्वास—मगध देश में पुष्पपुरी नाम की एक उत्तम नगरी है। वहाँ राजहंस नाम का राजा राज्य करता था। वसुमती नाम की अद्वितीय सुन्दरी उसकी रानी थी। उसके धर्मपाल, पद्मोद्भव तथा सितवर्मा नामक कुलक्रमागत तीन मन्त्री थे। उनमें धर्मपाल के सुमन्त्र, सुमित्र तथा कामपाल नामक तीन, पद्मोद्भव के सुश्रुत और रत्नोद्भव

नामक दो तथा सितवर्मा के सुमति और सत्यवर्मा नामक दो पुत्र हुए। उनमें विलासी एवं दुर्विनीत कामपाल घुमक्कड़ हो गया, रत्नोद्भवविदेशों से व्यापार में लग गया और सत्यवर्मा संसार से विरक्त होकर तीर्थयात्राभिलाषी होकर विचरण करने लगा। शेष चारो अपने जनकों के दिवंगत हो जाने पर उनके स्थान पर मन्त्री हो गए।

एक बार राजहंस तथा मालवा के राजा मानसार में युद्ध छिड़ गया। पहले तो राजहंस ने विजय पाई, किन्तु अन्त में उसे पराजित होकर विन्ध्य के अरण्य में शरण लेनी पड़ी। वहां वह अपने नष्ट हुए राज्य को पुनः प्राप्त करने की इच्छा से वामदेव नामक तपस्वी की शरण में गया और उसकी सलाह से वहाँ कुछ वर्षों तक रहा। उसके चारो मन्त्री भी उसके साथ गए। वहाँ रानी ने राजवाहन नामक एक पुत्र को जन्म दिया। वहीं चारो मन्त्रियों के भी, सुमति के प्रमति, सुमन्त्र के मित्रगुप्त, सुमित्र के मन्त्रगुप्त तथा सुश्रुत के विश्रुत नामक पुत्र उत्पन्न हुए। जब राजहंस वन में निवास कर रहे थे, तो पृथक्-पृथक् समय में उसके पास पाँच अन्य बालक लाए गए। यही दशकुमार इस कथा 'दशकुमारचरितम्' के नायक हैं।

मिथिलाधिपति प्रहारवर्मा राजहंस का मित्र तथा युद्ध में सहायक था। राजहंस के पराजित होने पर वह अपने देश को भागा। मार्ग में भीलों ने उस पर आक्रमण करके लूट लिया। उसके दोनों पुत्र भी बिछुड़ गए। उनमें से एक को एक ब्राह्मण ने छुड़ा लिया और राजा के पास ले आया। राजहंस ने उसका नाम उपहारवर्मा रखा और अन्य कुमारों के साथ उसका भी पालन-पोषण किया। अन्य अवसर पर राजा को प्रहारवर्मा का दूसरा पुत्र भी मिल गया जिसे उसने अपहारवर्मा नाम देकर अपने संरक्षण में रख लिया। रत्नोद्भव अपनी पत्नी सहित समुद्री यात्रा कर रहा था, जहाँ उसका जहाज टूट गया और उस दुर्घटना में उसका पुत्र माँ से अलग हो गया, जिसे एक ब्राह्मण बचा कर राजा के पास लाया और उसका पुष्पोद्भव नाम रखा। कामपाल ने एक यक्षराज की पुत्री तारावती के साथ विवाह किया, जो अपने पुत्र अर्थपाल को राजहंस की पत्नी के पास लाई। सत्यवर्मा के पुत्र को उसकी विमाता ने ईर्ष्यावश एक नदी में फेंकवा दिया

गया, जहाँ से बचाकर वह राजहंस के पास लाया गया, जिसने उसका नाम सोमदत्त रखा। इस प्रकार एकत्र हुए इन दशकुमारों की साथ-साथ शिक्षा-दीक्षा हुई और वे समस्त कला और विज्ञानों में प्रवीण हो गए।

द्वितीय उच्छ्वास —जब सब राजकुमार बड़े हुए, तो तपस्वी वामदेव की सलाह से राजा ने उनको दिग्विजय यात्रा पर भेजा। कुछ समय तक तो वे साथ-साथ यात्रा करते रहे, किन्तु विन्ध्यवन में एक आगन्तुक ब्राह्मण राजवाहन को चुपचाप साथियों को छोड़कर उसे (ब्राह्मण को) पाताल लोक का आधिपत्य प्राप्त करने में, जैसी कि भगवान् शिव ने स्वप्न में उससे भविष्यवाणी की थी, सहायतार्थ लिवा ले गया। वे दोनों एक सुरङ्ग (बिल) के मार्ग से पाताल गए और अपने कार्य में सफल हुए। किन्तु जब कुमार राजवाहन उस स्थान पर लौट कर आया जहाँ उसने अपने साथियों को छोड़ा था, तो वे सब वहाँ से उसी की खोज में चल चुके थे। (जब वे राजवाहन से आ कर पुनः मिले, तो उन्होंने अपने-अपने साहसपूर्ण कार्यों का उससे वर्णन किया, जो 'दशकुमारचरित' के नाम से उनकी प्रणय-कथाओं का चित्रण है)।

अपने साथियों की खोज में भटकता हुआ राजवाहन उज्जयिनी पहुँचा, जहाँ एक उद्यान में उसकी सोमदत्त से भेंट हुई, जिसके साथ शानदार परिचारक वर्ग तथा एक सुन्दरी युवती थी राजवाहन के पूछने पर सोमदत्त ने अपना चरित वर्णन करना प्रारम्भ किया।

तृतीय उच्छ्वास—लाट देश के राजा मत्तकाल ने उज्जयिनी के राजा वीरकेतु के राज्य पर इस आशय से आक्रमण किया कि वह अपनी पुत्री वामलोचना को उसके साथ विवाह दे। सोमदत्त ने वीरकेतु का सहायक बन कर मत्तकाल की सेनाओं को हरा कर प्रथम युद्ध में ही उसे मार डाला। कृतज्ञता से अभिभूत हो कर वीरकेतु ने अपनी पुत्री का विवाह सोमदत्त से कर दिया तथा उसे अपना युवराज भी बना लिया। जब सोमदत्त अपनी पत्नी के साथ एक ज्योतिषी के आदेशानुसार महाकाल के मन्दिर को जा रहा था, तब मार्ग में उसकी राजवाहन से भेंट हो गई। जब सोमदत्त अपनी कथा समाप्त कर चुका, तभी वहाँ पुष्पोद्भव आ पहुँचा

जिसने राजवाहन के प्रार्थना करने पर अपना चरित वर्णन करना प्रारम्भ किया।

चतुर्थ उच्छ्वास—कई दिन तक इधर-उधर भटकने के पश्चात् एक दिन पुष्पोद्भव ने अपने पिता रत्नोद्भव को एक कगार से कूदते हुए देखा जो सोलह वर्ष पूर्व जहाज की दुर्घटना में अपनी पत्नी से बिछुड़ गया था। और उस दुःख को सहन करने में असमर्थ होकर आत्महत्या करना चाहता था। कुछ समय पश्चात् पुष्पोद्भव ने एक स्त्री को जो उसकी माँ निकली, अग्नि में कूदते से बचाया। इस प्रकार अपने माता-पिता से पुनः मिलकर पुष्पोद्भव उज्जयिनी आया जहाँ उसकी एक धनी व्यापारी बन्धुपाल से मित्रता हुई। वहाँ उसकी पुत्री बालचन्द्रिका से परस्पर प्रेम हो गया। बालचन्द्रिका के साथ दारुवर्मा विवाह करना चाहता था। किन्तु वह उसके दुराचारी तथा आततायी होने के कारण घृणा करती थी। अतः पुष्पोद्भव की सलाह से बालचन्द्रिका ने प्रदर्शित किया कि उसके ऊपर एक यक्ष आता है और वह उसी शूरवीर के साथ पाणिग्रहण करेगी जो उसे यक्ष से मुक्त करायेगा। दारुवर्मा यक्ष को मारकर बालचन्द्रिका को प्राप्त करने के लिये उसके पास एकान्त में गया जहाँ उसकी सखी के वेष में स्थित पुष्पोद्भव ने दारुवर्मा को मार दिया। और कुछ दिनों के बाद पुष्पोद्भव का बालचन्द्रिका से विवाह हो गया। बन्धुपाल ज्योतिषी ने पुष्पोद्भव को बताया था कि उज्जयिनी में उसका राजवाहन से मिलन होगा। पुष्पोद्भव के आत्मकथा कहने के पश्चात् राजवाहन सोमदत्त और पुष्पोद्भव सहित उज्जयिनी आये जहाँ उन्होंने अपने को एक ब्राह्मण पुत्र के रूप में छिपाया।

पञ्चम उच्छ्वास :—उज्जयिनी में रहते हुए राजवाहन ने एक दिन अपने पिता राजहंस के शत्रु राजा मानसार की सुन्दर पुत्री अवन्तिसुन्दरी को देखा। राजकुमार तथा राजकुमारी दोनों ही एक दूसरे को देखकर परस्पर आसक्त हो गये। मानसार ने अपना राज्य अपने पुत्र दर्पसार के हाथों में सौंप दिया था जो अपने भतीजे दारुवर्मा और चण्डवर्मा को युवराज नियुक्त करके तपस्या करने चला गया। इनमें से दारुवर्मा को पुष्पोद्भव ने मार दिया और चण्डवर्मा ही उसके राज्य का

उत्तराधिकारी बना। एक ऐन्द्रजालिक ब्राह्मण विद्येश्वर की सहायता से राजवाहन और अवन्तिसुन्दरी का अग्नि को साक्षी करके विवाह हो गया। और वे दोनों सुरति-सुख के लिए अन्तःपुर में प्रविष्ट हुए।

यहीं पर पूर्वपीठिका समाप्त हो जाती है। राजवाहन के चरित्र का अवशिष्ट भाग आगे दशकुमारचरित के मध्यभाग के प्रथमउच्छ्वास में समाप्त होता है।

दण्डी की शैली एवं वर्णन कौशल

दण्डी वैदर्भी[1] गद्यरीति के आचार्य हैं। दण्डी की रचना में समस्त पदों की न्यूनता तथा माधुर्य व्यञ्जक वर्णों का प्रयोग पाया जाता है। बाणभट्ट के गद्य सदृश दीर्घकाय समासों का बाहुल्य दण्डी के गद्य में दृष्टिगत नहीं होता। यदि कहीं समस्तपद आये भी हैं, तो वे सरल एवं सुस्पष्ट हैं, बाण के समान दीर्घकाय वाक्यों का प्रयोग भी दण्डी की रचनाओं में नहीं दिखलाई पडता है। वस्तु वर्णनों में जहाँ कहीं दण्डी ने दीर्घ वाक्यों का प्रयोग किया भी है वे भी बाण के वाक्यों से छोटे ही हैं।

दण्डी की भाषा सजीव, चुस्त, प्रवाहमयी एवं प्रसाद गुणयुक्त है। अर्थ की स्पष्टता, रस की रम्य अभिव्यक्ति, कल्पना की सजीवता और पदलालित्य ये दण्डी की शैली के विशेष गुण हैं। अनुप्रास तथा शाब्दी क्रीडा का विशेष मोह दण्डी की शैली में अधिक नहीं है। यही कारण है कि पूर्व-पीठिका की कृत्रिम शैली को देखकर विद्वान् यह अनुमान लगाने लगे हैं कि यह पूर्व-पूठिका दण्डी की लेखनी से निःसृत नहीं है।

तत्र वीरभटपटलोत्तरंगतुरंगकुञ्जरमकरभीषणसकलरिपुगणकटक जलनिधिमथनमन्दरायमाणसमुद्दण्ड भुजदण्डः, पुरन्दरपुराङ्गणवनविहरण-परायणगीर्वाणतरुणगणिकागणजेगीयमानयातिमानया शरदिन्दुकुन्दघनसार-नीहारहारमृणालमरालसुरगजनीरक्षीरगिरिशाट्टहासकैलासकाशनीकाशमूर्त्या, रचितदिगन्तरालपूर्त्या कीर्त्याऽभितः सुरभितः, स्वर्लोकशिखरोरुरुचिररत्न-रत्नाकरमेखलावलयित धरणीरमणीसौभाग्यभोगभाग्यवान्' ....भूयो बभूव।

---

१. वैदर्भीरीति का लक्षण है—माधुर्यव्यञ्जकैर्वर्णै रचना ललितात्मिका।
अवृत्तिरल्पवृत्तिर्वा वैदर्भीरीतिरिष्यते॥
अर्थात् माधुर्यगुण के व्यञ्जक कोमल वर्णों की लालित्यपूर्ण रचना जिसमें समासों का अभाव अथवा अल्पता (लघुसमासयुक्त रचना) हो, वैदर्भीरीति कही जाती है।

डॉ० भोलाशंकर व्यास के शब्दों में—"दण्डी वैदर्भीरीति के सफल कवि हैं। वैसे वर्णनों में दण्डी के भी वाक्यों में यत्र-तत्र समासान्त शैल मिल जाती है पर वे शाब्दी या आर्थी क्रीडा के फेर में अधिक नहीं फँसते, अभिव्यञ्जना की स्वाभाविकता और अर्थ की स्पष्टता की ओर दण्डी का खास ध्यान रहता है और कभी-कभी शाब्दी या आर्थी क्रीडाओं का प्रयोग भी किया जाता है पर वे प्रभावोत्पादकता या अर्थ प्रतीति में बाधक नहीं होती। नख-शिख वर्णन तथा प्रकृति-चित्रण के लिए बाण की बहुत प्रशंसा की जाती है, पर दण्डी के ये वर्णन उस पैमाने के न होने पर भी असुन्दर नहीं हैं।"

सरल तथा प्रसाद गुण युक्त शैली की प्रेरणा दण्डी को पञ्चतन्त्रादि आख्यान ग्रन्थों से मिली थी। पञ्चतन्त्र में जहाँ सुगम भाषा और सरल शैली का प्रयोग है वहाँ शैली और विषय के बीच उचित सन्तुलन नहीं मिलता। दण्डी ने कौशल के साथ कथाओं के विषय अनुरूप ही अपनी गद्य-शैली को ढाला है। पञ्चतन्त्र की भांति न कथा-विषय को प्रधानता देकर काव्य की सरसता में व्याघात पहुँचाया है और न सुबन्धु और बाण भट्ट की कृत्रिम शैली को अपनाकर कथा तत्त्व को गोण बनाया है। दण्डी की शैली सुबन्धु की श्लेषाक्रान्त शैली की भांति कृत्रिम न होकर विषयानुकूल है। बाण जहाँ समान्तपदावली के प्रयोग को ही गौरव मानते हैं वहीं दण्डी वस्तु के वर्णन के अनुरूप समस्त एवं समास रहित दोनों प्रकार की पदावलियों के प्रयोग में सिद्धहस्त है। यदि कहीं समस्त पदावली का प्रयोग किया भी है तो वह स्थल इतने दुरुह नहीं हो पाए हैं कि उनका अर्थ विशेष कठिनाई से समझा जा सके।

दण्डी का पदलालित्य प्रसिद्ध ही है। दण्डी ने गद्य रचना बड़ी कुशलता के साथ की है जिसमे यथोचित सरसता एवं सुकुमारता के दर्शन होते हैं—

निशास्वपि श्मशानमधिरायै. निजनिलयनिशितनिःशेषजने नितान्त निशीते निशीथे, अयुग्मशरःशरशयने शाययिष्यति, सखे! सैषा सज्जनाचरिता सरणिः यदणीयसि कारणेऽनणीयानादरः संदृश्यते ......।

दण्डी के दशकुमारचरित में अर्थ की स्पष्टता एवं अभिव्यक्ति की यथार्थता पाई जाती है, उनके वाक्य विन्यास ओजस्वी, ललित एवं सुव्यक्त हैं वहीं कल्पना की उर्वरता एवं शब्दविन्यास की चारुता दण्डी

की शैली की विशेषताएँ हैं। दण्डी ने मुहावरेदार भाषा का भी प्रयोग किया है— अभवदीयं हि नैव किञ्चिन् मत्सम्बद्धम्।

दशकुमारचरित के आख्यानक काव्य होने पर भी उसकी भाषा श्लेषादि अलंकारों तथा दीर्घसमासों के बाहुल्य से दबी नहीं है। दण्डी ने दशकुमारचरित में ललित-पदावली का प्रयोग किया है। पदे-पदे हास्य और वाक्पटुता की पुट प्राप्त होती है।

राजहंसो नाम घनदर्पकंदर्पसौंदर्यसोदर्यहृद्यनिरवद्यरूपो भूपो बभूव। तस्य वसुमती नाम सुमती लीलावती कुलशेखरमणी रमणी बभूव।

आनुप्रासिक चमत्कार के साथ-साथ यमक की छटा भी दर्शनीय है। मन्त्रगुप्त की कहानी में दण्डी ने चित्रकाव्य शैली का भी प्रयोग किया है। मन्त्रगुप्त ओष्ठ्य वर्णों का उच्चारण नहीं करता क्योंकि प्रेयसी के चुम्बनों तथा दन्तक्षतों ने उसके ओठों को क्षत कर दिया है। सुबन्धु और दण्डी ने अपनी शैली की ओर अधिक ध्यान दिया है पर दण्डी का ध्यान अभिव्यञ्जनापक्ष की ओर ही नहीं है।

दशकुमारचरित में हास्य तथा व्यंग्य का भी पुट है। जिससे पाठक उसकी ओर आकृष्ट होता है। कुमार अपनी कार्यसिद्धि के लिए नैतिकता पर ध्यान नहीं देते। कुमारों के अनुभवों का हास्यात्मक वातावरण समूची कृति में प्राप्त होता है। काममञ्जरी तपस्वी मारीच को भी ठग लेती है। चम्पा के कंजूस श्रेष्ठियों का धन चुराने वाले अपहारवर्मा की कहानी में हास्य है। रानी का वेष बनाकर राजा विकटवर्मा को धोखा देने की उपहारवर्मा की योजना में भी व्यंग्य प्राप्त होता है। प्रसंगानुकूल दण्डी की शैली में परिवर्तन हो जाता है। विश्रुतचरित में करुणवर्णना में गम्भीर शैली को अपनाया है। धूमिनी, गोमिनी निम्बवती तथा नितम्बवती की कहानियों की शैली अत्यन्त सरल एवं स्वाभाविक है। दण्डी का भाषा पर पूर्ण अधिकार था।

दण्डी ने राजमार्ग, निर्जन अरण्य, श्मशान, राजमहल आदि का वर्णन बड़ी सूक्ष्मता के साथ उपन्यस्त किया है। अकाल का करुण भयंकर वर्णन उनकी सूक्ष्म निरीक्षण शक्ति का उदाहरण है—

तेषुजीवत्सु नववर्षं वर्षाणि द्वादश दशशताक्षः, क्षीणसारं सस्यम्, ओषध्यो वन्ध्याः, न फलवन्तो वनस्पतयः, क्लीबा मेघाः, क्षीणस्रोतसः स्रवन्त्यः, पङ्कशेषाणि [illegible] विरलीभूतं

कन्दमूलफलम्, अवहीनाः कथाः, गलिताः कल्याणोत्सवक्रियाः, बहुलीभूतानि तस्करकुलानि, अन्योन्यमभक्षयन्प्रजाः, पर्यलुठन्नितस्ततो वलाकापाण्डुराणि नरशिरः कपालानि, पर्यहिण्डन्त शुष्काः काकमण्डल्यः शून्यीभूतानि नगर ग्रामखर्वदपुट भेदनादीनि ।

दशकुमारचरित में सूर्योदय एवं सूर्यास्त के सुन्दर चित्रण मिलते हैं। ये वर्णन पात्रों की मनःस्थिति के अनुरूप ही है। द्वितीय उच्छ्वास में मरीचि कथा प्रसंग में सूर्यास्त का वर्णन आया है। यह संन्ध्या के समय सूर्य इसलिए छिप रहा है क्योंकि पथ-भ्रष्ट महर्षि मारीच के मन से निः सृत अज्ञानान्धकार उसका स्पर्श न करले। मुनि का राग सन्ध्याकालीन राग के रूप में परिणत हो जाता है। मुनि के कथन से वैराग्य प्राप्त कमल वन संकुचित हो जाते हैं।

अथ तन्मनश्च्युततमः स्पर्शभियेवास्तं रविरगात्। ऋषिमुक्तश्च रागः सन्ध्यात्वेनास्फुरत्। तत्कथादत्तवैराग्याणीव कमलवनानि संकुचन्।

तृतीयउच्छ्वास में भी सूर्यास्त का सुन्दर वर्णन प्राप्त होता है—

"अस्तगिरिकुटपातक्षुभितशोणित इव शोणी भवति भानुबिम्बे पश्चिमाम्बुधि पयः पातजिर्वापितपतङ्गागारधधसम्भार इव भरिततमसि नभसि विजृम्भिते"।

उत्प्रेक्षालंकार के परिवेश में लिपटे हुए सूर्योदय का वर्णन देखिए—

चिन्तयत्येव मयि महार्णवोन्मानमार्तण्डतुरंगश्वासरयावधूतेव व्यवर्तत त्रियामा। समुद्रगर्भवासजडीकृत इव मन्दप्रतापो दिवसकरः प्रादुरासीत्।

जहाँ दण्डी नख-शिख वर्णन में कुशल हैं वही भयंकर वर्णन भी करने में नहीं चूकते। कापालिक सिद्ध का भयंकर वर्णन बड़ा ही प्रभावोत्पादक बन गया है।

इति विदक्षान्तहृदयः किंकरगतया दिशा किंचिदन्तरं गतस्तरलतरनरास्थिशकलरचितालंकाराक्रान्तकायम्, दहनदग्धकाष्ठनिष्ठाङ्गाररजः कृताङ्गरागम्, तडिल्लताकारजटाधरम्, हिरण्यरेतस्यरण्यचक्रान्धकारराक्षसे क्षणगृहीतनानेन्धनग्रासचर्च्वर्दार्चिषि दक्षिणेतरेण करेण तिलसिद्धार्थकादीन्निरन्तरचटचटायितानाकिरन्तं कञ्चिदद्राक्षम्।

दशकुमारचरित के सप्तमउच्छ्वास में वसन्तऋतु का संक्षिप्त और परम्परागत चित्रण उपलब्ध होता है। जो शृङ्गारिक कथा के सर्वथा अनुकूल है।

दण्डिनः पदलालित्यम्

संस्कृत-जगत् में दण्डी के सम्बन्ध में "दण्डिनः पदलालित्यम् "यह सूक्ति प्रचलित है। दण्डी की रचनाओं में बाणभट्ट सदृश दीर्घसमास वाली पदावलियों का जहाँ अभाव है वहाँ सुबन्धु की प्रत्यक्षरश्लेष वाली शैली का भी अभाव है। दण्डी ने वर्णन के अनुकूल समस्त या असमस्त पदावली का प्रयोग किया है। पञ्चतन्त्र की सरल एवं स्पष्ट शैली में जहाँ विषयानुकूलता प्राप्त नहीं होती वहाँ दशकुमारचरित की शैली इस दोष से मुक्त है। दण्डी की रचना में जहाँ विषयानुकूल पदावली मिलती है वहाँ पदलालित्य भी है।

निष्ठुर वेश्या महर्षि मरीचि की समस्त-आशा-लताओं पर लालित्यपूर्ण शब्दों के द्वारा तुषारापात कर देती है।
भगवन् ! अयमञ्जलिः। चिरमनुगृहीतोऽयं दासजनः, स्वार्थं इदानी मनुष्ठेयः।

दण्डी की गद्य रचना के पढ़ने में लय है। शब्दों की इस संयोजना ने ही उसमें लालित्य उपस्थित कर दिया है।

तत्र चकोरलोचनावचितपल्लवकुसुमनिकुरम्बं महीरुह समूहं शरदिन्दुमुख्या मन्मथसमाराधनस्थानं च नताङ्गी पदपंक्तिचिह्नितं शीतलसैकततलं च सुदतीभुक्तमुक्तं माधवीलतामण्डपान्तरपल्लवतल्पं च विलोकपल्लवनातिलकविलोकनवेलाजनितशेषाणि स्मारं-स्मारं मन्दमारुतकम्पितानि नवचूतपल्लवानि मदनाग्निशिखा इव चकितो दर्शं दर्शं मनोजकर्णजपानामिव कोकिलकीरमधुकराणा क्वणितानि श्रावं श्रावं मारविकारेण क्वचिदप्यवस्थातुम सहिष्णु: परिबभ्राम।

राजकुमार को जो पत्र उसकी प्रयसी से प्राप्त हुआ था उसमें समास रहित, मधुर एवं सरल पदावली दृष्टिगोचर होती है।

सुभग कुसुमसुकुमारं जगदनवद्यं विलोक्य ते रूपम्।
मम मानसंसमभिलषति त्वं चित्तं कुरु तथा मृदुलम्॥

महाकवि दण्डी की रचना में अनुप्रासमिश्रित ललितपदावली सहृदयपाठकों को अपनी ओर आकृष्ट कर लेती है।
राजहंसो नाम घनदर्पकंदर्पसौन्दर्यसोदर्यहृद्यनिरवद्यरूपो भूपो बभूव।

अनुप्रासयुक्त पदावली के साथ ही साथ यमक की छटा ने इसके काव्य में चार चांद लगा दिये हैं।

तस्य वसुमती नाम सुमती लीलावतीकुलशेखरमणीरमणी बभूव।

मालवनाथोऽप्यनेकानेकपयूथसनाथो विग्रहः स विग्रह इव साग्रहोऽभि-मुखीभूय भूपो निर्जगाम।

लावण्योपमिपमितपुष्पसायक, भूनायकः भवानेव भाविन्यपि जन्मनि वल्लभो भवतु।

दण्डी का दशकुमारचरित इन ललित्यपूर्णपदावलियों से भरपूर है।

दण्डी की यह पदलालित्य एवं संगीतलय-पूर्णशैली विषय तथा वर्ण्य-रस (श्रृङ्गार आदि) के सर्वथा अनुकूल होने से पाठक के हृदय को त्वरित प्रभावित कर लेती है।

दशकुमारचरित का साहित्यिक मूल्याङ्कन

'दशकुमारचरित' दण्डी की एक मौलिक कृति है। इसका वर्तमान संस्करण तीन भागों में विभाजित है—

(१) पूर्वपीठिका। (२) दशकुमारचरित। (३) उत्तरपीठिका।

इनमें से केवल मध्यभाग दशकुमारचरित ही दण्डी की रचना मानी जाती है। पं० बलदेव उपाध्याय ने इस पर अपना मन्तव्य इस प्रकार दिया है—"मूल ग्रन्थ के आठ उच्छ्वासों में केवल आठ ही कुमारों की कार्यावली का रुचिर विन्यास है, परन्तु नाम की सार्थकता सिद्ध करने के लिए पूर्वपीठिका में अन्य दो कुमारों का चरित्र जोड़ दिया गया है तथा अधूरे ग्रन्थ को पूर्णता की कोटि पर पहुँचाने के लिये अन्त में उत्तरपीठिका भी जोड़ी गई है। इस प्रकार आरम्भ में पूर्वपीठिका से तथा अन्त में उत्तरपीठिका से सम्पुटित मूलग्रन्थ ही आज दशकुमारचरित के अभिधान से विख्यात है।

'दशकुमारचरित' में शब्दविन्यास की कलित-क्रीड़ा देखते ही बनती है। नाद सौन्दर्य का एक उदाहरण देखिये—

"तयोरथ रथतुरग खुरक्षुण्णक्षोणी समुद्भूते करिघटाकटस्रवन्मदधारा धौतमूले नव्यवल्लभवरणागतदिव्यकथाजनजवनिकापटमण्डप इव वियत्तल-व्याकुले धूलीपटले दिविषद् ध्वनि धिक्कृतान्यध्वनिपटहध्वान वधिरिता शेषदिगन्तरालं शस्त्राशस्त्रि हस्ताहस्ति परस्परामित सैन्यं जन्यमजनि"।

दण्डी के काव्य का सबसे बड़ा गुण उनका पदलालित्य है। उनकी कृति में अर्थ की स्पष्टता और रस की मार्मिक व्यञ्जना प्रत्यक्ष ही विलसती है। दशकुमारचरित की भाषा में चुटीलापन एवं स्वाभाविकता के साथ प्रवाहपूर्णता भी है। दण्डी ने तत्कालीन समाज एवं संस्कृति को बड़े ही व्यंग्य-विनोद युक्त ढंग से प्रस्तुत किया है। दण्डी की गद्यशैली को हृदयंगम करने के लिए एक उदाहरण पर्याप्त होगा।

'अथैकदा वामदेवः सकलकलाकुशलेन कुसुमशायकसंशयितसौन्दर्येण कल्पितसोदर्येण साहसोपहसितकुमारेण सुकुमारेण जयध्वजातपवारेण-कुलिशाङ्कितकरेण कुमार निकरेण परिवेष्टितं राजानमानतशिरसं समभिगम्य तेन तां कृतां परिचर्यामङ्गीकृत्य निजचरणकमल युगलमिलन्मधुकराय-माणकाकपक्षं विदलिष्यमाण विपक्ष कुमारचयं गाढमालिङ्गचमितसत्य वाक्येन विहिताशीरभ्यभाषत ।'

दण्डी अपनी वैदर्भी गद्य-शैली के लिये विशेष प्रसिद्ध हैं। उनकी गद्यशैली बड़ी ही सुबोध, सरस एवं मार्दवमयी है। प्रसादगुण तो दण्डी की कृति की व्यक्तिगत विशेषता है। उसकी भाषा में न तो अलंकारों का अनावश्यक आडम्बर है और न दीर्घ-समासों का साम्राज्य ही। सुबन्धु की प्रत्यक्षरश्लेषमयी विचार धारा दण्डी को नहीं रुची। दशकुमारचरित की भाषा वर्ण्यविषय के अनुरूप परिवर्तित होती हुई चलती है उसमें दैनन्दिनवाग्व्यवहार का सहज चित्रण है। पं० बलदेव उपाध्याय के शब्दों में :—

"साहित्यिक दृष्टि से दशकुमारचरित एक श्लाघनीय रचना है। यह आख्यान काव्य का उज्ज्वल दृष्टान्त है, जिसके पात्र जीते-जागते जगत् के प्राणी हैं और जिनका चित्रण शिष्ट हास्य तथा मधुर व्यंग्य का आश्रय लेकर प्रस्तुत किया गया है। कथानक में पारस्परिक मनोरम सामञ्जस्य है। वर्णन की स्वल्पता न तो कथानक के प्रवाह को रोकती है और न अवान्तर कथाएँ मुख्य कथा में किसी प्रकार का अवरोध खड़ा करती हैं।"

इस प्रकार 'दशकुमारचरित' दण्डी का वह कीर्तिमान् स्तम्भ है जो साहित्यिक-सौन्दर्य की सभी विधाओं की अप्रतिम प्रयोगशाला है और यह साहित्यिक दृष्टिकोण से संस्कृत गद्य की एक अनुपम एवं अनूठी कृति है। 'दशकुमारचरित' की लोकप्रियता ने दण्डी को बाल्मीकि तथा व्यास के पश्चात् होने वाला उनके समान तृतीय कवि का स्थान दिया है—

जाते जगति वाल्मीकौ कविरित्यभिधाऽभवत् ।
कवि इति ततो व्यासे कवयस्त्वपि दण्डिनि ॥

दण्डी के काव्य में सामाजिक-स्थिति

दशकुमारचरित एक यथार्थवादी रचना है। उसमें तत्कालीन समाज का स्वाभाविक स्वरूप चित्रित किया गया है। दण्डी ने तत्कालीन समाज को अति सूक्ष्मदृष्टि से देखा और उसका वैसा ही चित्रण उपस्थित किया। तत्कालीन समाज पर व्यंग्य और विनोदपूर्ण यथार्थचित्रण हृदय-

हारक वन गए हैं। दण्डी समान्य नैतिक मूल्यों अथवा उच्च आदर्शों के प्रति कम आस्थावान् हैं। उनके पात्र आदर्शवादी न होकर यथार्थवादी हैं। थोथे आदर्श की कलई खोलने वाले हैं। दम्भी तपस्वी, कपटी ब्राह्मणों, कुट्टिनियों, दासियों आदि के चित्र यथार्थवादी हैं। दण्डी ने देवताओं और तपस्वियों की दुर्वलताओं का भी चित्रण किया है। पूर्वपीठिका में देवताओं और ब्राह्मणों का आदर्शवादी रूप मिलता है। पूर्वपीठिका में ब्राह्मणों को भूसुर कहा गया है तथा देवताओं के यजन का भी वर्णन है पर मध्यभाग (मूलदशकुमारचरित) में इस प्रकार के चित्रण नहीं मिलते इसी आधार पर आलोचक पूर्वपीठिका को बाद में जोडा हुआ तथा अन्य कवि की रचना मानते हैं। दण्डी के पात्र ऐसे भी कार्य करते हुए दिखलाई पड़ते हैं जिनको अनुचित कहा जा सकता है। ऐसे वर्णनों में कहीं-कहीं कवि ने नैतिकता की पुट लगा दी है। यथा अपहारवर्मा चौरी में इसलिए प्रवृत होता है क्योंकि वेश्या द्वारा निर्धन वनाए हुए व्यक्ति की उसे सहायता करनी है, इस कार्य में भी अपहारवर्मा का कोई भी स्वार्थ निहित नहीं है। दशकुमारचरित के पात्र दैवीशक्ति पर विश्वास न रखकर अपने पुरुषार्थ पर विश्वास रखने वाले हैं। दैवीशक्तियाँ उनके कार्यों को सम्भव है इतना सफल न वना पाती। दण्डी का उद्देश्य इन कथाओं के द्वारा नीतिशास्त्र अथवा व्यावहारिक ज्ञान की शिक्षा देना न था वलिक वह अपने पाठकों को इन विचित्र कथाओं के द्वारा आनन्दित करना चाहते थे।

दम्भी तपस्वी धूर्तब्राह्मणों और छली वेश्याओं के यथार्थचित्रण दशकुमारचरित में प्राप्त होते हैं। काममञ्जरी नामक वेश्या मरीचि नामक एक महर्षि को अपनी कुशलता से इस प्रकार ठगती है कि पाठक उसे पढ़कर मन्त्रमुग्ध-सा हो जाता है। दण्डी ने ब्राह्मणों और पुरोहितों की दुर्वलताओं को पाठकों के सम्मुख लाकर रख दिया है। दण्डी ने मार्कण्डेय ऋषि का उपहासात्मक चित्रण उपस्थित किया है। जिसने अपने ऊपर अप्सरा की हारयष्टि गिर जाने से क्रुद्ध होकर उसे रजत श्रृङ्खला हो जाने का शाप दे दिया था। मरीचि को आकृष्ट करने के लिए काममञ्जरी ब्रह्मा, इन्द्र, चन्द्र, सूर्य, वृहस्पति, पराशर आदि देवी देवताओं और ऋषियों को प्रमाण रूप से उपस्थित करती है। अन्त में वह मरीचि को अपनी ओर आकृष्ट करने में सफल हो जाती है। इसी प्रकार दण्डी ने राजा, श्रेष्ठी, वेश्याओं और दूती कर्म में नियुक्त बौद्ध भिक्षुणियों पर भी

आक्षेप किए हैं। उसके पात्र भले ही कहीं दैव का नाम ले दें पर वे पुरुषार्थ पर ही विश्वास रखते हैं। चोरी करते समय अपहारवर्मा तथा दस्युओं के साथ पकड़ा जाने वाला पूर्णभद्र अपनी विपत्ति का कारण दैव को बतलाने पर भी अपने साहस और उद्यम को प्रदर्शित करता है।

दण्डी ने नारी के प्रत्येक रूप का चित्रण उपस्थित किया है यदि कहीं नारी पतिवञ्चक एवं क्रूरहृदया है तो कहीं पतिपरायणा और मृदुहृदया भी है। धूमिनी यदि क्रूरता की मूर्ति है तो गोमिनी पतिप्राणा सती है।

दण्डी के दशकुमारचरित में राजनीति, कामशास्त्र, चौर-शास्त्र के नियमों का यथास्थान परिचय मिलता है। जिससे तत्कालीन सामाजिक स्थिति का सुचारु-रूप से अध्ययन किया जा सकता है। गुप्तकाल की समाप्ति एवं हर्षवर्धन के राज्य की स्थापना के पूर्व देश की यही स्थिति हो गई थी। मृच्छकटिक में भी इसी समाजिक स्थिति का चित्रण मिलता है।

दण्डी के समय शैवधर्म की प्रधानता थी। शिव की तपस्या के प्रसाद से ही मातङ्ग पाताललोक का स्वामी बनता है। श्रावस्ती नगरी में शिव (त्र्यम्बक) के समीप समाज एकत्र होता था —अतीतायां तु यामिन्यां देवदेवस्य त्र्यम्बकस्य श्रावस्त्यामुत्सवसमाजमनुभूय बन्धुजनम्।·········जैनधर्म का भी प्रचार हो चुका था। बौद्धभिक्षुणियां विवाहकार्य के लिए दूतीका कार्य किया करती थी। संगीत एवं मनोरञ्जन के लिए विशेष सभागृह हुआ करते थे। मुर्गों का युद्ध भी हुआ करता था। मित्र के आगमन पर कपूरमिश्रित ताम्बूल देने का प्रचलन था। तत्कालीन समाज में व्यवसाय का अधिक प्रचलन था। सीमन्तोत्सव मनाने का प्रचलन था। व्यापारी जन अपने व्यापार के लिए नावों पर यात्रा करते थे तथा बैलों की सहायता से माल ढोया करते थे। शकुन आदि पर विश्वास किया जाता था बन्धुपाल के द्वारा शकुन बतलाए जाने पर भी पुष्पोद्भव राजवाहन से मिलता है। स्त्रियाँ आभूषणों का प्रयोग किया करती थीं। कामी पुरुष अपनी प्रेयसी को स्वर्णजटित आभूषण, सुन्दरवस्त्र, कस्तूरी और हरिचन्दन, कर्पूरमिश्रित ताम्बूल तथा सुगन्धित पुष्प दिया करते थे। राजाओं के मनोरञ्जन के लिए जादूगर भी घूमा करते थे।

दण्डी की इस रचना में उक्त प्रकार के समाज का यथार्थपूर्ण मनोहर चित्रण किया गया है।

गद्य कवियों में दण्डी का स्थान

संस्कृत भाषा के प्रमुख गद्यकारों में दण्डी का अप्रतिम स्थान है। वे उच्चकोटि के सरस कवि हैं। दण्डी के गद्य-काव्य का कथानक जहाँ वैचित्र्यपूर्ण हैं वहाँ सरस एवं प्रवाहपूर्ण वर्णनशैली भी तदनुरूप है। दण्डी का प्रशस्त कीर्ति-स्तम्भ 'दशकुमारचरित' ही है। नैसर्गिक शैली, विशद चरित्रचित्रण, शिष्टपरिहास, बुद्धि-विलास, रसानुरूप शब्द-विन्यास इत्यादि गुण-गण 'दशकुमारचरित' को गद्यसाहित्य में मूर्धन्य स्थान प्रदान करते हैं। दण्डी का प्रधान वैशिष्ट्य है अपने समकालीन समाज का अनावरण-चित्रण।' दण्डी ने तात्कालिक समाज को सूक्ष्मदृष्टि से देखा था एवं उनका सामाजिक अनुभवक्षेत्र भी व्यापक था, उन्होंने समाज के भद्र-अभद्र दोनों ही पक्षों को अपने चित्रण में प्रतिबिम्बित किया है। 'दशकुमारचरित' में कपटी एवं दम्भी तपस्वी ब्राह्मण तथा छली वेश्याओं का चित्रण इतना रुचिकर एवं यथार्थ हुआ है कि पाठकों को मन्त्र-मुग्ध हो जाना पड़ता है। नारीमनोविज्ञान में भी दण्डी का प्रवेश कम नहीं है। 'घूमिनी' जैसे घृणित और 'गोमिनी' जैसे पवित्र नारीचरित्र उनकी ही बुद्धि की उपज है।

दण्डी का कलापक्ष भी अत्यन्त मनोज्ञ है। उनकी रचना में पदलालित्य का प्राधान्य है। दण्डी जैसा पदलालित्य न तो सुबन्धु की 'वासव दत्ता' में है और न बाणभट्ट के हर्षचरित व कादम्बरी में ही। अनुप्रास युक्त मनोरम पद-विन्यास में वे अत्यन्त सिद्धहस्त हैं। उदाहरणार्थ—

१. असत्येनास्य नास्यं संसृज्यते।

२ अयुग्मशरः शरशयने शाययिष्यति।

३. स पुण्यैः कर्मभिः प्राप्य पुरुषायुषं पुनरपुण्ये न प्रजानाभगण्यता भरेषु। आदि।

इस प्रकार उनकी अनुप्रासमयी मनोरम पदावली नितान्त अभिराम है। दण्डी की वर्णनशैली सरल और प्रसादपूर्ण है। वे अपनी वैदर्भी गद्यशैली

और पदलालित्य के लिये विशेष ख्यात हैं—'दण्डिनः पदलालित्यम्।
वैदर्भी रीति का प्रकृष्ट प्रयोग यदि पद्य में कालिदास ने किया है तो गद्य
में दण्डी ही वैदर्भी के अप्रतिम प्रयोजक हैं।

"दण्डी की गद्यशैली बड़ी ही सुबोध सरस तथा प्रवाहमयी है उनका
गद्य न तो श्लेष के बोझ से वहीं दबा हुआ है और न कहीं समास के
प्रहार से प्रताड़ित है। उनका गद्य दिन-प्रतिदिन के व्यवहार योग्य, सजीव
और चुस्त है। उसकी प्रसादमयता (सरलता) दण्डी की निजी विशेषता
है। ये अपनी भाषा को अलंकारों के आडम्बर (अनावश्यक बोझ) से सदा
बचाते हैं। इसीलिये इनकी भाषा प्रवाहपूर्ण, मंजी हुई और मुहाविरेदार
है। सुबन्धु के गद्य के समान न तो वह प्रत्यक्षर श्लेषमय है और न बाणीय
गद्य के समान समासों से लदी हुई तथा गाढ़बन्धता से मण्डित ही।
तथ्य यह है कि गद्य के इतिहास में दण्डी का अपना निजी मार्ग है।"

पं० बलदेव उपाध्याय

दण्डी ने छोटे से छोटे सरल वाक्यों में जीवन के महनीय तथ्यों को
उभारा है जो कि व्यञ्जना से ओतप्रोत हैं। स्थालीपुलाकन्याय से यहाँ
कतिपय उदाहरण प्रस्तुत हैं—

१. अभवदीयं हि नैव किञ्चित मत्सम्बद्धम्।
(मेरा सर्वस्व आपका ही है।)
२. जीवितं हि नाम जन्मवतां चतुःपञ्चाण्यहानि।
(जीवन क्या है ? दो-चार दिनों का नाम।)
३. स्वदेशो देशान्तरमिति नेयं गणना विदग्धस्य।
(विदग्ध-जन इस प्रकार नहीं सोंचते कि यह अपना देश है वह पराया)

दण्डी के गद्य का यह स्पृहणीय स्वरूप अन्य किसी कवि-कृति में नहीं
दीखता। पं० चन्द्रशेखर पाण्डेय ने दण्डी की वर्णन-विधा का बड़ा सटीक
उल्लेख किया है—

'उनकी शब्द-योजना में रस छलका पड़ता है। हास्य, वाक्पटुता एवं
सूझ की चटकीली उर्वरता स्थल-स्थल पर दृष्टिगोचर होती है। उन्होंने

अपने कथानकों को इस प्रकार क्रमबद्ध किया है कि वे सर्वथा सुसंगठित

होकर खिल उठे हैं। भाषावैभव का प्रदर्शन उन्होंने न किया हो ऐसी बात नहीं, पर साहित्यिक अलङ्करण में कहीं-कहीं फँस जाने पर भी वह दुरूह और अरुचिकर नहीं है। सुललित एवं सुगम गद्य लिखने में दण्डी निष्णात हैं और उनकी रचना, कला से चमत्कृत सामाजिक चुनौतियों के कारण, एक महान प्रौढ़ और रस-पेशल रचना के रूप में सम्पन्न हुई है।'

—पं० चन्द्रशेखर पाण्डेय

दण्डी के काव्य में शब्दविन्यास का सर्वोत्तम गुण नाद-सौन्दर्य या श्रुति-विलास भी है। "वे सुबन्धु तथा वाण इन दोनों में से किसी की भी शैली का अनुगमन न कर एक नवीन प्रकार की शैली के उद्भावक हैं, जिनके विशेष गुण हैं—अर्थ की स्पष्टता, रस की सुन्दर अभिव्यक्ति, पद का लालित्य तथा दैनन्दिन प्रयोग की क्षमता। 'दण्डिनः पदलालित्यम्' के ऊपर पण्डित समाज अपने को निछावर किये हुए है।

—आचार्य बलदेव उपाध्याय

इस प्रकार दण्डी सभी गद्यकवियों में अग्रगण्य हैं। उनके पदलालित्य पर विमोहित होकर एक समीक्षक ने एकमात्र उन्हें ही कवि माना है—

कविर्दण्डी कविर्दण्डी कविर्दण्डी न संशयः।

आचार्य दण्डी की प्रशस्तियां

१. कविर्दण्डी कविर्दण्डी कविर्दण्डी न संशयः।

२. त्रयोऽग्नयस्त्रयोदेवास्त्रयोवेदास्त्रयोगुणाः।
त्रयोदण्डिप्रबन्धाश्च त्रिषु लोकेषु विश्रुताः॥

३. जाते जगति वाल्मीकौ कविरित्याभिधाऽभवत्।
कवी इति ततो व्यासे कवयस्त्वयि दण्डिनि॥

४. आचार्यदण्डिनो वाचामाचान्तामृतसंपदाम्।
विकासो वेधसः पत्न्या विलासमणि दर्पणः॥

५. दण्डिनः पदलालित्यम्।

श्रीगणेशाय नमः

दशकुमारचरितम्

पूर्वपीठिका

प्रथमोच्छ्वासः

ब्रह्माण्डच्छत्रदण्डः शतधृतिभवनाम्भोरुहो नालदण्डः ।
क्षोणीनौकूपदण्ड क्षरदमरसरित्पट्टिकाकेतुदण्डः ।।
ज्योतिश्चक्राक्षदण्डस्त्रिभुवनविजयस्तम्भदण्डोऽङ्घ्रिदण्डः ।
श्रेयस्त्रैविक्रमस्ते वितरतु विबुधद्वेषिणां कालदण्डः ।।

हिन्दी अर्थ—आचार्य दण्डी वामनावतार भगवान् विष्णु का स्मरण कर रहे हैं।

भगवान् विष्णु का दण्ड के सदृश चरण आपका कल्याण करे, जो चरण ब्रह्माण्डरूपी छत्र का दण्ड है अथवा ब्रह्मा जी की उत्पत्ति स्थान भूत कमल का नालदण्ड है। पृथिवीरूपी नाव का कूपदण्ड [पतवार] है प्रवहमान आकाश गङ्गारूपी ध्वजा का केतुदण्ड है। अथवा नक्षत्र समुदाय रूपी चक्र [रथचक्र] का अक्षदण्ड है [लकड़ी का दण्डविशेष धुरी] अथवा तीनों लोकों की विजय का सूचक स्तम्भ है, तथा देवों से द्वेष रखने वाले अर्थात् राक्षसों के लिए यमराज के तुल्य अर्थात् मृत्युरूप है। [इस प्रकार का भगवान् का चरण आप लोगों का कल्याण करे]।

अन्वयः—ब्रह्माण्ड छत्रदण्डः, क्षतधृति भवनाम्भोरुहः नालदण्डः, क्षोणीनौकूपदण्डः, क्षरदमर सरित्पट्टिका केतुदण्डः, ज्योतिश्चक्राक्षदण्डः,त्रिभुवन विजयस्तम्भदण्डः, विबुध द्वेषिणां कालदण्डः त्रैविक्रमः अङ्घ्रिदण्डः ते श्रेयः वितरतु।

संस्कृतव्याख्याः—अस्मिन् श्लोके महाकविः दण्डी वामनरूपेणावतीर्णस्य बालिछलनापरस्य भगवतः विष्णोः चरणस्य स्मरणं करोति।

ब्रह्माण्डच्छत्रदण्डः=ब्रह्माण्डमेव भुवनमेव जगदित्यर्थः छत्रमातपत्रम् तस्य दण्डः आधारयष्टिः भगवतो विष्णोर्विश्वविश्वाधारत्वात्, शतधृतिभवनाम्भोरुहः=शतंधृतयो यस्य स शतधृतिर्ब्रह्मा तस्य भवनमुत्पत्तिस्थानं तद्

भूतस्य अम्भोरुहः [अम्भारी जले रोहतीति] कमलस्य इत्यर्थं, नालदण्डः नालयष्टिः इत्यर्थः, क्षौणीनौकूपदण्डः=क्षोणी पृथिवी एव नौस्तरणिस्तस्याः कूपदण्डः गुणवृक्षः [पतवार के अतिरिक्त एक अन्य बांस] जिसे भाषा में 'गुन रखा' या 'डोलकाठी' कहते हैं। क्षरदमरसरित्पट्टिकाकेतुदण्डः=क्षरन्ती प्रस्रवन्ती प्रवहन्ती वा याऽमरसरितं वियद्गंगा मन्दाकिनीत्यर्थः सैव पट्टिका पताका तस्याः केतुदण्डः ध्वजदण्डस्वरूपः, ज्योतिश्चक्राक्षदण्डः= ज्योतिषां नक्षत्रादीनां चक्रं समूह एव चक्रं रथचक्रं तस्याक्षदण्डः काष्ठदण्डविशेषः [जो पहिए की नाभी स्थानीय होता है] त्रिभुवनविजय-स्तम्भदण्डः=त्रयाणां भुवनानां समाहारस्त्रिभुवनं त्रिलोकं तस्य विजयस्त-त्सूचकः आवेदको वा स्तम्भदण्डः स्तम्भदण्ड स्वरूप इत्यर्थः, विबुधद्वेषिणां =विबुधान् सुरान् देवान् वा द्विषन्ति द्रुह्यन्ति इति विबुधद्वेषिणः राक्षसा इत्यर्थः तेषांकृते कालदण्डो यमराज स्वरूपः मृत्युरिति भावः, त्रैविक्रमः=त्रिविक्रमस्यायं त्रैविक्रमः वैष्णवः विष्णोरिति भावः, अङ्घ्रिदण्डः=अङ्घ्रिः चरणः दण्ड-इव इति अङ्घ्रिदण्डश्चरणदण्डः ते=तुभ्यम्, श्रेयः=कल्याणं शिवं वा वितरतु=प्रददातु, प्रयच्छतु वा।

टिप्पणी—इस श्लोक के प्रत्येक पाद के अन्त में दण्ड शब्द का प्रयोग हुआ है। अतः पादान्त्यानुप्रास स्पष्ट है। यहाँ पर ब्रह्माण्ड, क्षोणी और अमर सरित् पर छत्र, नौ और पट्टिका का आरोप किया गया है और यह आरोप भगवान् के चरण में दण्ड कूपदण्ड एवं ध्वजदण्डत्व के आरोप में कारण है अतः परम्परित रूपक अलंकार है। यह श्लेष रहित है किन्तु 'ज्योतिश्चक्राक्षदण्ड' यहाँ पर चक्र शब्द के श्लिष्ट होने से श्लेष मूलक है। अन्यत्र निरङ्ग रूपक है। इस प्रकार दोनों में निरपेक्ष भाव होने से संसृष्टिः अलंकार हो जाता है।

त्रिविक्रम और त्रिभुवन पद साभिप्राय विशेषण होने से परिकर अलंकार होता है। स्रग्धरा छन्द है।

इस श्लोक में ब्रह्माण्डच्छत्र—अमर सरित् पदों से भगवान् के ऊर्ध्वपाद, शतघृति एवं ज्योतिश्चक्रादि पदों से मध्यमपाद क्षोणीनौकूप एवं विबुधद्वेषि पदों से भूतलस्थ पाद का संकेत देकर त्रिभुवन एवं त्रिविक्रम से तीनों का संकेत दिया है। यह श्लोक अपने व्यंग्य रूप में उपन्यास के नायक राजवाहन की विजय एवं पराक्रम का सूचक है।

आचार्यं दण्डी की भगवत् विषयिणी रति व्यंग्य होने से भावध्वनि भी है। यह आशीर्वादात्मक मंगलाचरण है। "शम्भुः शतधृतिः स्रष्टा" इति हैमः, 'क्षोणिर्ज्या काश्यपी क्षितिः' इति कोशः'श्रेयो निःश्रेयसामृतम्' स्याद्धर्ममस्त्रियां पुण्यश्रेयसी सुकृतं वृषः "इति कोशः कालो मृत्यौ महाकाले समये यमकृष्णयाः मेदिः०।"

पाटलिपुत्र वर्णनम्—

अस्ति समस्तनगरी निकषायमाणा शश्वदगण्य पण्यविस्तारित-मणि गणादि वस्तु जातव्याख्यातरत्नाकरमाहात्म्या मगधदेश शेखरीभूता पुष्पपुरी नाम नगरी।

हिन्दी अर्थ—समस्त नगरियों की कसौटी स्वरूप तथा असंख्य विक्री के हेतु फैलाये गये मणिसमूह एवं अन्य वस्तुसमूहों के द्वारा सागर [रत्नाकर] के समान महिमा वाली [अर्थात् वह नगरी भी रत्नाकर थी] मगधदेश के शिर के आभूषण स्वरूप पुष्पपुरी नामक एक नगरी है।

संस्कृत व्याख्या :—पुष्पपुरी नाम नगरी अस्ति। इत्यन्वयः। समस्त नगरीनिकषायमाणा=समस्तानां निखिलानां नगरीणां पुरीणां निकषः निकषोपलः निकषपाषाणो वा तद् वदाचरतीति निकषायमाणा ललाम-भूतेति भावः, शश्वदगण्य पण्यविस्तारितमणि गणवस्तु जात व्याख्यात रत्नाकर माहात्म्या=शश्वत् सततं अगण्यैःअसंख्यैः संख्यातीतैः पण्यैः विक्रेय वस्तुभिः विस्तारितैः प्रसारितैः मणिगणादिवस्तुजातैः विभिन्न पद्मरागादि अन्य वस्तु समूहैः व्याख्यातं प्रकटितं रत्नाकरस्य सागरस्येव माहात्म्यं महत्त्वं महिमा वा यस्याः सा, मगधदेश=शेखरीभूता=मगध-देशस्य तन्नामक देशस्य शेखरीभूता शिरोभूषणस्वरूपा, पुष्पपुरी कुसुमपुरं पाटलिपुत्रमिति आधुनिकं नाम, नामनाम्नी [अथवा नाम इत्यव्ययम्] नगरी=पुरी, अस्ति=वर्तते।

टिप्पणी—निकषायमाणा=निकष इव आचरतीति विग्रहे कर्तुः क्यङ् सलोपश्च इस सूत्र से क्यङ् होने के पश्चात् शानच् एवं टाप् होता है। उपमा अलंकार है।

शेखरीभूता=अशेखरः शेखरः सम्पन्ना इति शेखरीभूता=अभूत तद् भावे च्विः इस सूत्र से च्वि प्रत्यय हुआ है। नगरी की महत्ता का वर्णन होने

से उदात्त अलंकार: = "उदात्तमृद्धेश्चरितं श्लाघ्यं चान्योपलक्षणम्" ये दोनो अलंकार परस्पर निरपेक्ष रूप से स्थित होने के कारण संसृष्टि अलंकार हैं। पुष्पपुरी आधुनिक पटना का नाम है।

मगधराज हंस वर्णनम्—

तत्रवीरभटपटलोत्तरङ्ग तुरङ्ग कुञ्जरमकरभीषणसकलरिपु-गणकटकजलनिधिमथन मन्दरायमाण समुद्दण्ड भुजदण्ड:, पुरन्दर पुराङ्गणवन विहरण परायण तरुणगणिकागणजेगीयमानयाति-मानया शरदिन्दु कुन्दघनसारनीहारहारमृणालमरालसुरगजनीर-क्षीरगिरिशाट्टहासकैलाशकाशनीकाशमूर्त्या रचितदिगन्तराल पूर्त्या कीर्त्याभित: सुरभित:, स्वर्लोक शिखरोरुरुचिररत्नरत्नाकर वेलामेखलायितधरणीरमणीसौभाग्यभोगभाग्यवान्, अनवरत याग-दक्षिणारक्षितशिष्ट विशिष्टविद्यासम्भारभासुरभूसुरनिकर: विरचि-तारातिसन्तापेन प्रतापेन सततुलितवियन्मध्यहंस:, राजहंसो नाम घनदर्पकन्दर्पसौन्दर्यसोदर्यहृद्यनिरवद्यरूपो भूपो बभूव।

हिन्दी अर्थ—उस नगरी में राजहंस नामक राजा हुआ। उसकी विशाल भुजाएँ योधाओं के समूह रूप तरंगों, घोड़े और हाथियों रूप मकरों से भय-प्रद, सेना समुद्र को मथने के लिए मन्दराचल पर्वत के तुल्य थीं। जिसकी कीर्ति अमरावती के आँगन में अर्थात् नन्दनवन में विहार में तत्पर तरुण अप्सराओं के द्वारा गायी जाती थी तथा शरत्कालिक चन्द्रमा, कुन्दपुष्प, कपूर तुषार [बर्फ] मुक्ताहार, कमलनाल, हंस, ऐरावत [इन्द्र का हाथी], पानी, दूध, शंकर का अट्टहास, कैलाश पर्वत, काशपुष्प के तुल्य मूर्ति वाली, दिशाओं के मध्यभाग की पूर्ति करने वाली कीर्ति से सुगन्धित अर्थात् मनोहर था। सुमेरु पर्वत के शिखर के विशाल और सुन्दर रत्नों से युक्त या देवों के शिर पर लगी हुई मनोहर मणियों वाला सागर की तट रूपी करधनी से घिरी हुई पृथ्वी रूपी स्त्री के सौभाग्य का भोग करने वाला था, निरन्तर यज्ञों में दक्षिणाओं के द्वारा शिष्ट एवं विद्वान ब्राह्मण समुदाय का रक्षक था, शत्रु-ओं को कष्ट देने वाले प्रताप के द्वारा जो मध्याह्न के सूर्य के सदृश था, अपने रूप के अभिमानी कामदेव के रूप के तुल्य अर्थात् काम को भी तिरस्कृत करने वाला उसका रूप था। इस प्रकार अनिन्द्य रूप वाला राजहंस नामक राजा हुआ।

संस्कृतव्याख्याः—तत्र राजहंसो नाम भूपो बभूवेत्यन्वयः। तत्र=पुष्पपुरीनामनगर्याम, वीरभट पटलोत्तरङ्गतुरगकुञ्जरमकरभीषण सकलरिपुगणकटक जलनिधिमथनमन्दरायमाणसमुद्दण्डभुजदण्डः = वीराणां शूराणां, भटानां युयुत्सूनां योदधृणां पटलेन वृन्देन समूहेन वा उत्तरङ्गः उद्गताः तरंगाः वीचयः यस्मिन् सः अथवा वीराश्च ते भटाः वीरभटाः तेषां पटलानि तैः उद्गताः तरंगाः यस्य यस्मिन् वा स उत्तरंगः, तुरगाः, घोटकाः कुञ्जराः हस्तिनः ते मकराः नक्राः इव [मगर इति भाषायाम्] तैः भीषणः भयंकरो भीतिप्रदो वा अथवा तुरगाश्च कुञ्जराश्च तुरगकुञ्जराः त एव मकराः तैः भीषणः, सकलानां निखिलानां रिपूणां शत्रूणां गणः समूहः तस्य कटकं सेना जलनिधिः सागर इव तस्य मथने मन्थने आलोडने वा मन्दरायमाणः मन्दराचल इवाचरन् [मन्थनदण्ड इवेतिभावः] समुद्दण्डः समुन्नतः समुद्यतो वा भुजो बाहुर्दण्ड इव यस्य सः इत्थंभूतः राजहंसः इत्यर्थः—अथवा सकलाश्च ते रिपवः तेषां गणः तस्य कटकं तदेव जलनिधिः तस्य मथने मन्दर इवाचरन् समुद्दण्डो भुज दण्डो यस्य सः, पुरन्दर पुराङ्गणवन विहरणपरायण तरुणगणिकागण जेगीयमान याति मान या=पुरन्दरस्य इन्द्रस्य यत पुरं नगरं पुरन्दरपुरं [अमरावतीति भावः] तस्य अङ्गणवने चत्वरोपवने नन्दनवने इत्यर्थः विहरणपरायणेन विहरणतत्परेण भ्रमणशीलेन वा तरुण गणिकागणेन तरुणाप्सरोवृन्देन जेगीयमानया कीर्त्यमानया अति अत्यन्तं मानं परिमाणं यस्याः तया अर्थात् अपरिमितया अति प्रमाणया वा, शरदिन्दुकुन्दघनसार नीहारहारमृणालमरालसुरगजनीरक्षीरगिरिशाट्टहास कैलासकाशनीकाशमूर्त्या=शरदः शरदृतोः इन्दुश्च चन्द्रश्च कुन्दश्च माध्य पुष्पञ्च नीहारश्च हिमञ्च हारश्च मौक्तिकस्त्रक् च मृणालं च बिसञ्च मरालश्च हंसश्च सुरगजश्च ऐरावतश्च नीरञ्च सलिलञ्च क्षीरञ्च दुग्धञ्च गिरिशस्य शङ्करस्य अट्टहासश्च महाहास्यञ्च कैलासश्च कैलाशपर्वतश्च काशश्च काशपुष्पविशेषश्च तैः नीकाशा सदृशी समा वा मूर्तिः स्वरूपं यस्याः तया, रचित दिगन्तरालपूर्त्या=रचिता विहिता कृता वा दिगन्तरालानां दिग्मध्यभागानां पूर्तिः सम्पूर्तिः पूरणं वा यया तया, कीर्त्या= यशसा, अभितः परितः सर्वतो वा सुरभित=मनोहरः, स्वर्लोकशिखरोरुरुचिररत्नरत्नाकरवेलामेखलायित धरणी रमणी सौभाग्य भोग भाग्यवान्=

स्वः स्वर्गः लोकः आश्रयः येषां ते स्वर्लोकाः देवा इति भावः तेषां शिखरेषु मौलिषु शिरःसु वा उरुणि स्थूलानि पीवराणि वा रुचिराणी सुन्दराणि रत्नानि मणयो यस्येत्थं भूतस्य रत्नाकरस्य उदधेः वेला सीमा तट प्रदेशो वा सैव मेखला काञ्चीदाम तयेवाचरिता, धरणी धरैव रमणी कान्ता तस्याः सौभाग्यस्य ऐश्वर्यस्य भोगे उपभोगे भाग्यवान् भाग्यशाली यः सः, अथवा स्वलोकः सुरालयो मेरुः तन्नामकः पर्वतः तस्य शिखरं तद्वत् तत् सम्बन्धीनि वा उरुणि सुन्दराणि रत्नानि तद्युक्तो रत्नाकरः शेषं पूर्ववत्, अनवरत यागदक्षिणा रक्षित शिष्ट विशिष्टविद्यासम्भार भासुरभूसुरनिकरः=अनवरतं सततं यागेषु यज्ञेषु या दक्षिणाद्रव्यदानं तया रक्षितः संरक्षितः पालितो वा शिष्टानां सदाचारानुरक्तानां विशिष्ट विद्यासम्भारेण विविध-शास्त्र ज्ञानाधिक्येन भासुराणं देदीप्यमानां भूसुराणां ब्राह्मणानां निकरः समूहो येन सः, अथवा शिष्टाश्च ते विशिष्टविद्यासम्भारेण भासुराः भूसुराः तेषां निकरो येन तेन, विरचितारातिसंतापेन प्रतापेन=विरचितो विहितोऽ-रातीनांमरीणां सन्तापः दुःखं क्लेशो वा येनेत्थं भूतेन प्रतापेन=ऐश्वर्येण तेजसेत्यर्थः, सतततुलितवियन्मध्यहंसः=सततं निरन्तरं तुलित उपमितो वियत आकाशस्य मध्यहंस मध्याह्न कार्तिकसूर्यः येन, प्रतापेन सूर्योपम इत्यर्थः, घनदर्पकन्दर्प सौन्दर्य-सोदर्य हृद्य निरवद्य रूपः=घनो निविडः सान्द्रो वा दर्पोऽवलेपः यस्य तस्य कन्दर्पस्य कामदेवस्य यत् सौन्दर्यं रूपं तस्य सोदर्यं सदृशं समानं वा हृद्यं रमणीयं निरवद्यं निर्दोषं निष्कलंकं वा रूपं श्रीः यस्येत्थं भूतो राजहंसो नाम भूपः=नृपः, बभूव= अभवत् ।

टिप्पणी—वीरभट पटल—इत्यादि अंश में पहले उपमित समास के आधार पर विग्रह किया गया है क्योंकि उसकी भुजाओं को मन्दराचल के समान बताने वाले क्यङ् प्रत्यय का प्रयोग किया गया है अतः उपमा अलं-कार ही उचित है किन्तु रूपक समास की दूसरी व्याख्या भी लिखी गयी है। यह व्याख्या अरुचिकर है। यदि रूपक अलंकार माना जाय तो सेना के ऊपर जलनिधि का आरोप होने से उसी का प्राधान्य होने से, उसमें भुजाओं के द्वारा मन्थन सम्भव नहीं। अतः उपमा अलंकार ही उचित प्रतीत होता है यथा मुखचन्द्रः प्रकाशते. मुख चन्द्रं चुम्बति इत्यादि सन्देहास्पद स्थलों पर क्रिया के आधार पर ही उपमा और रूपक का निर्णय लेना

चाहिए। स्वर्लोक—इत्यादि अंश में रूपक अलंकार है कीर्ति के भी विभिन्न उपमान प्रस्तुत किये गये हैं। इस प्रकार उपमा और रूपकों की निरपेक्ष भाव से स्थिति होने से संसृष्टि अलंकार है। "वारस्त्री गणिकावेश्या' इत्यमरः 'निभसंकाशनीकाशप्रतीकाशोपमादयः' स्त्रीकट्यां मेखलाकाञ्ची सप्तकी-रशनातथा' अभिघातिपरारातिप्रत्यर्थिपरिपन्थिनः' इत्यमरः।

राज्ञीवसुमती वर्णनम्—

तस्य वसुमती नाम सुमती लीलावतीकुलशेखरमणी रमणी बभूव।

हिन्दी अर्थ—उस राजा राजहंस की वसुमती नामक रानी थी जो अच्छी बुद्धि वाली तथा स्त्रीसमुदाय की मुकुटमणि थी।

संस्कृतव्याख्याः—तस्य=राजहंसस्य, वसुमती=तन्नामधेया महिषी, सुमती=सु सुष्ठु शोभना वा मतिः बुद्धिर्यस्या सा, लीलावती कुलशेखरमणी=लीलावतीनां प्रमदाना कान्तानां वा कुलस्य समूहस्य शेखरस्य शिरोभूषणस्य मुकुटस्य वा मणिः रत्नमिवेति, रमणी=पत्नी महिषीत्यर्थः, बभूव=आसीत्।

टिप्पणी—मणी+रमणी की 'रोरि' सूत्र की सन्धि रमणीय बनपड़ी है। अनुप्रास भी द्रष्टव्य है।

रोषरूक्षेण निटिलाक्षेण भस्मीकृतचेतने मकरकेतने तदा भये-नानवद्या वनितेति मत्वा तस्य रोलम्बावली केशजालम्, प्रेमाकरो रजनीकरो विजितारविन्दं वदनम्, जयध्वजायमानो मीनो जाया-युतोऽक्षियुगलम्, सकलसैनिकाङ्गवीरो मलयसमीरो निःश्वासः, पथिकहृद्दलनकरवालः प्रवालश्चाधर बिम्बम्, जयशङ्खो बन्धुरा लावण्यधरा कन्धरा, पूर्णं कुम्भौ चक्रवाकानुकारौ प्रयोधरौ, ज्याय-माने मार्दवासमाने बिसलते च बाहू, ईषदुत्फुल्ल लीलावतंसकह्लार कोरको गङ्गावर्तसनाभिर्नाभिः, दूरीकृतयोगिमनोरथो जैत्ररथोऽति-घनं जघनम्, जयस्तम्भभूते सौन्दर्यभूते विघ्नतयति जनारम्भे रम्भे चोरुयुगम्, आतपत्रसहस्रपत्रं पादद्वयम्, अस्त्रभूतानि प्रसूनानि तानीतराण्यङ्गानि च समभूवन्निव।

हिन्दी अर्थ—(एकबार) क्रोध के कारण कठोर भगवान् शंकर ने तृतीयनेत्र से काम को जला देने पर भय के कारण (उसके सहायकों ने) मानो उस रानी को प्रशस्त स्त्री समझ कर (अर्थात् भगवान् शंकर मुझे न

जला देवें इस कारण से भयभीत होकर उसके सहायकों ने इसी रानी में अपनी सुरक्षा समझ करके अपने स्वरूपानुसार प्रत्येक अङ्ग का आश्रय लिया। भ्रमर समुदाय ने केशसमूह का, प्रेम के भण्डार चन्द्रमा ने कमल को जीतने वाले मुख का, विजयध्वज के चिन्ह पानी सहित मछली ने नेत्रयुगल का, सम्पूर्ण सैनिकों के प्रधान मलय वायु ने निश्वास का पथिकों के हृदय को भेदन करने में तलवार के सदृश पल्लव ने अधरोष्ठ का विजयशंख के सदृश उच्चावच सौन्दर्य ने कण्ठ का, दोनो पूर्ण घटों ने चक्रवाक के समान दोनों स्तनों का, धनुष की डोरी के समान कोमलता में अतुलनीय कमल तन्तुओं ने भुजाओं का कुछ खिले हुए कर्णभूषण बने हुए कमलकालिका ने गङ्गा के भ्रमर के तुल्य नाभि का, योगियों के मनोरथ (ब्रह्म साक्षात्कार) को दूर करने वाले विजयशील रथ ने जघनस्थल का, ऋषियों के (योगाभ्यास) में बाधा पैदा करने वाले सौन्दर्य स्वरूप तथा विजयस्तम्भ रूप केलेयुगल ने दोनों जांघों का, छत्र के तुल्य कमल ने दोनों पैरों का अस्त्रभूत पुष्पों ने उसके अन्य अंगों का मानो आश्रय लिया।

संस्कृतव्याख्या :—रोषरूक्षेण=रोषेण क्रोधेन रुक्षः कठोरो निष्ठुरो वा तेन निष्कृपेणेतिभावः, निटिलाक्षेण=ललाटनेत्रेण निटिले ललाटे अक्षिः नेत्रं यस्य तेन शंकरेणेत्यर्थः, भस्मीकृत चेतने=भस्मीकृता विनाशिता चेतना चैतन्यं यस्य तस्मिन् , मकरकेतने=मकरो नक्रः केतने ध्वजे यस्य तस्मिन् कामे तदा=तदानीम, भयेन=भीत्या (भस्मीकरणस्य) अनवद्या=निष्कलंका निर्दोषा वा, वनिता=कान्ता, इति मत्वा=सुविचार्य निश्चित्य वा, तस्य=कामदेवस्य, रोलम्बावली=रोलम्बानां भ्रमराणां अवली पंक्तिरिति भ्रमर श्रेणीत्यर्थः, केशजालम्=केशवृन्दम, प्रेमाकरः प्रेम्णः स्नेहस्य आकरः खनिः रजनीकरः=चन्द्रः, विजितारविन्दमविजितं प्रभयान्यक्कृतं अरविन्दं कमलं ये न तत्, वदनम्=आननं मुखम्वा, जयध्वजायमानः=जयध्वजः विजयकेतनं तद् इवाचरतीति, जायायुतः=सस्त्रीकः, मीनः=मत्स्यः, अक्षियुगलम्=नेत्र द्वन्द्वम्, सकलसैनिकाङ्गवीरः=सकलेषु अखिलेषु सैनिकेषु भटेषु अङ्गवीरः प्रधानभटः, मलयसमीरः=मलयवायुः, निश्वासः=निश्वास वायुः, पथिकहृद्दलनकरवालः=पथिकां पान्थानां हृद्दलने हृदय विदारणे करवालः खड्गः, पल्लवः=किसलयं, बिम्बाधरम्=अधरोष्ठः,

जयशंखः =विजयशंखः. वन्धुरा=निम्नोन्नता, लावण्यधरा=सौन्दर्ययुता, कन्धरा=ग्रीवा, पूर्णकुम्भौ=जलपूर्णघटौ, चक्रवाकानुकारौ=चक्रवाक सदृशौ, पयोधरौ=स्तनौ, ज्यायमाने=ज्या इव मौर्वीव आचरन्त्यौ म र्दवासमाने=मार्दवे मृदुत्वे असमाने असदृशे, बिसलते=मृणालयुगलमिति भावः, बाहू=भुजौ, ईषदुःफुल्ल लीलावतंसकह्लार कोरकः=ईषत् स्वल्पं उत्फुल्लं विकचं लीलावतंसः कर्णभूषणं यत् कह्लारं कमलं तस्य कोरकः कुड्मलः,गङ्गावर्त सनाभिर्नाभि.=गङ्गायाः भागीरथ्याः आवर्तः भ्रमः तस्य सनाभिः समा नाभिः, दूरीकृतयोगि मनोरथः=दूरीकृताः अपनीतः योगिनां योगाभ्यासपराणां मनोरथाः अभिलाषाः येन सः, जैत्ररथः=विजयरथः, अतिघनम्= अति संयुक्तम्, जघनम्=जघन प्रदेशः, जयस्तम्भभूते=विजयस्तम्भ स्वरूपे (कामस्येतिशेषः) सौन्दर्यभूते=लावण्ययुक्ते, विघ्नितयतिजनारम्भे= विघ्निताः बाधायुक्ताः कृताः यतिजनानां मुनिजनानां आरम्भाः=उद्योगकर्माणि याभ्यां ते, रम्भे=कदल्यौ, ऊरुयुगम=सक्थि द्वन्द्वम्, आतपत्रसहस्रपत्रम्=आतपत्रं छत्रं तद् रूपं यत् सहस्रपत्रं कमलं, पादद्वयम्=चरणयुगलम्, अत्रभूतानि=अत्र जातानि, प्रसूनानि=पुष्पाणि, इतराणि= पूर्ववर्णितभिन्नानि, अङ्गानि=शरीराङ्गानि समभूवन्=अभवन्, इव= इत्युत्प्रेक्षायाम् ।

टिप्पणी—क्रिया उत्प्रेक्षा अलंकार है। अरविन्दमशोकं च शिरीषं चूतमुत्पलम्" यह पांच कामदेव के वाण हैं। 'पयोधरौ' शब्द का चमत्कार द्रष्टव्य है क्योंकि स्तन भी पयोधर है और पूर्णकुम्भ भी पयोधर हैं। [जल] 'इन्दिन्दिरोऽली रोलम्बो द्विरेफः' इति हैमः 'खनिः स्त्रियामाकरः' 'पान्थः पथिकः', 'कौक्षेयकः मण्डलाग्रः करवालः कृपाणवत्" "बन्धुरं तून्नतानतम्" "स्यादावर्तोऽम्भसां भ्रमः" 'प्रसूनं कुसुमं सुमम्' इत्यमरः।

विजितामरपुरे पुष्पपुरे निवसता सानन्तभोगलालिता वसुमती वसुमतीव मगधराजेन यथासुखमन्वभावि ।

हिन्दी अर्थ—अमरावती [इन्द्रपुरी] को जीतने वाली [सुन्दरता से] पुष्पपुरी नामक नगरी में रहते हुए मगधराज राजहंस ने शेषनाग के फणों से लालित पृथ्वी से समान अपार भोगों सन्तुष्ट वसुमती नामक रानी के साथ सुखोचित विहार किया।

संस्कृतव्याख्या:-विजितामरपुरे=विजितं सौन्दर्येण तिरस्कृतं अमरपुरं देवनगरं येन तस्मिन्, पुष्पपुरे=कुसुमपुरे तन्नामके पत्तने, निवसता=निवासं कुर्वता, सानन्तभोगलालिता=सा=राज्ञी, अनन्तस्य वासुके: भोगेन फणेन लालिता धृतेति [पृथ्वीपक्षे] अनन्ताश्च अपरिमिता: संख्यातीता: वा ते भोगाः तै: लालिता परितुष्टा [इत्थंभूता राज्ञी] वसुमतीव:=पृथ्वीव, वसुमती=तन्नाम महिषी, मगधराजेन=मगधेश्वरेण, यथासुखम् = सुखमनतिक्रम्येति सुखानुसारमित्यर्थः । अन्वभावि=उपभुक्ता ।

टिप्पणी —श्लेषानुप्राणित उपमा अलंकार। अन्वभावि=अनुपूर्वक 'भू' सत्तायां धातु से कर्म में लुङ् लकार होता है ।

अमात्य वर्णनम्—

तस्य राज्ञः परमविधेया धर्मपालपद्मोद्भवसितवर्मनामधेया धीरधिषणावधीरितविबुधाचार्यविचार्यकार्यसाहित्याः कुलामात्यास्त्रयोऽभूवन् ।

हिन्दी अर्थ– उन महाराज के परम विनीत तथा अपनी गम्भीर बुद्धि से देवगुरु बृहस्पति को भी विचारणीय कार्य समुदाय में अनाहत करने वाले धर्मपाल, पद्मोद्भव एवं सितवर्मा नामक तीन कुलक्रमागत मन्त्री थे ।

संस्कृतव्याख्या:—तस्य=पूर्वोक्तस्य, राज्ञः=मगधराजस्य नृपस्य परमविधेयाः=परमविनीताः, धीरधिषणावधीरित विबुधार्यविचार्यकार्यसाहित्याः धीरा प्रगल्भा गभीरा वा या धिषणा बुद्धिः तथा अवधीरितं तिरस्कृतं विबुधानां देवानां आचार्यस्य गुरोः विचार्यं विचारार्हं कार्यसाहित्यं कार्यसमूहः यैस्ते, कुलामात्याः=कुलक्रमागत मन्त्रिणः, अभूवन्=अभवन् ।

तेषां सितवर्मणः सुमतिसत्यवर्माणौ, धर्मपालस्य सुमन्त्रसुमित्रकामपालाः, पद्मोद्भवस्य सुश्रुतरत्नोद्भवाविति तनयाः समभूवन् ।

हिन्दी अर्थ —उन मन्त्रियों में सितवर्मा के सुमति और सत्यवर्मा नामक, धर्मपाल के सुमन्त्र, सुमित्र और कामपाल नामक, पद्मोद्भव के सुश्रुत और रत्नोद्भव नामक पुत्र हुए ।

संस्कृतव्याख्या:—तेषाम्=मन्त्रिणां, तनयाः=पुत्राः समभूवन=अभवन् ।

टिप्पणी —'तेषाम्' यतश्चनिर्धारणम्' इस सूत्र से निर्धारण में षष्ठी विभक्ति हुई है।
'बुद्धिर्मनीषाधिषणा' इत्यमरः

तेषु धर्मशीलः सत्यवर्मा संसारासारतां बुद्ध्वा तीर्थयात्राभिलाषी देशान्तरमगमत्।

हिन्दी अर्थ —उन पुत्रों में धर्मशील सत्यवर्मा संसार को असार समझकर तीर्थयात्रा करने की इच्छा से दूसरे देश को चला गया।

संस्कृतव्याख्या :—तेषु=पुत्रेषु, धर्मशीलः=धर्मस्वभावः धार्मिक इति भावः, संसारासारताम्=संसारस्य जगतः असारतां विनश्वरतां, बुद्ध्वा=ज्ञात्वा, तीर्थयात्राभिलाषी: तीर्थाटनेच्छुकः देशान्तरम्=अन्यदेशम्, अगमत्=अगच्छत्।

विटनटवारनारीपरायणो दुर्विनीतः कामपालो जनकाग्रजन्मनोः शासनमतिक्रम्य भुवं बभ्राम।

हिन्दी अर्थ —विट, नट तथा वेश्याओं में अनुरक्त होता हुआ धृष्ट कामपाल पिता की तथा बड़े भाई की आज्ञा का अतिक्रमण कर पृथ्वी पर भ्रमण करने लगा।

संस्कृतव्याख्या :—विटनटवारनारीपरायणः = विटेषुचधूर्तेषु च नटेषु च शैलूषेषु च वारनारीषु च वेश्यासु च परायणः अनुरक्तः इति, दुर्विनीतः=अविनीतः, जनकाग्रजन्मनोः=जनकस्य पितुः अग्रजन्मनश्च= ज्येष्ठभ्रातुश्च, शासनम्=आज्ञाम्, अतिक्रम्य = तिरस्कृत्य, भुवम्= पृथ्वीम्, बभ्राम्= भ्रमणं चकार।

टिप्पणी—विटोऽद्रौ लवणे षिड्गे मूषिकेखदिरेऽपि च' इति मेदिनी, बभ्राम 'भ्रमु अनवस्थाने' धातु का लिट् लकार का रूप है।

रत्नोद्भवोऽपि वाणिज्यनिपुणतया पारावारतरणमकरोत्।

हिन्दी अर्थ—रत्नोद्भव व्यापारकार्य में दक्ष होने से समुद्र पार चला गया।

संस्कृतव्याख्या :—वाणिज्यनिपुणतया = व्यापारकर्मचातुर्येण, पारावारतरणम्=सागरतरणम्, अकरोत्=कृतवानित्यर्थः।

इतरे मन्त्रिसूनवः पुरन्दरपुरातिथिषु पितृषु यथापूर्वमन्वतिष्ठन्।

हिन्दी अर्थ—अन्य मन्त्रियों के पुत्रों ने अपने पिताओं की मृत्यु के पश्चात् उन्हीं के स्थान पर कार्य ग्रहण किया।

संस्कृतव्याख्या :—इतरे=अपरे, मन्त्रिसूनवः = अमात्यात्मजाः, पुरन्दरपुरातिथिषु=पुरन्दरपुरस्य इन्द्रनगरस्य अतिथिषु प्राघुणिकेषु मृतेषु इतिभावः। पितृषु=जनकेषु, यथापूर्वम्=क्रमानुसारं, अन्वतिष्ठन्=मन्त्रित्व-मकुर्वन्।

टिप्पणी—'पारावारः सरित्पतिः' इत्यमरः।

राजहंसस्य युद्ध वर्णनम्—

ततः कदाचिन्नानाविधमहदायुध नैपुण्य रचितागण्यजन्य राजन्य मौलिपालिनिहितनिशितसायको मगधनायको मालवेश्वरं प्रत्यग्रसङ्-ग्रामघस्मरं समुत्कट मानसारं मानसारं प्रति सहेलं न्यक्कृतजलधि निर्घोषाहङ्कारेण भेरीझाङ्कारेण हठिकाकर्णनाक्रान्तभयचण्डिमानं दिग्दन्तावलयवलयं विघूर्णयन्निजभरनमन्मेदिनीभरेणायस्तभुजगरा-जमस्तकबलेन चतुरङ्गबलेन संयुतः सङ्ग्रामाभिलाषेण रोषेण महताविष्टो निर्ययौ।

हिन्दी अर्थ—इसके पश्चात् एकबार विभिन्न प्रकार के अस्त्रों (के संचालन में) चातुर्य से असंख्य युद्धों में राजाओं के मस्तकों पर तीक्ष्ण बाण चलाने वाले मगध के राजा राजहंस, नूतन युद्ध में शत्रुओं के नाशक (भक्षक) अत्यन्त अभिमानी मालवा के अधिपति मानसार के ऊपर अवज्ञापूर्वक समुद्र के शब्द करने के अहंकार को तिरस्कृत करने वाले, नगाड़ों के शब्द को हठात् सुनने के कारण भयभीत दिशाओं के हस्तियों को कम्पित करने वाले, अपने भार से दबी हुई पृथ्वी के भार से शेषनाग के मस्तक को खिन्न करने वाली चतुरङ्गिणी (हाथी, घोड़ा, पैदल एवं रथ) सेना से युक्त होकर बड़े क्रोध के साथ संग्राम करने की इच्छा से निकल पड़ा।

संस्कृतव्याख्या :—ततः=तदनन्तरम्, कदाचित्=एकदेतिभावः, नानाविधमहदायुध नैपुण्य रचितागण्य जन्यराजन्य मौलिपालिनिहित निशित सायकः=नानाविधानि विभिन्नानि महन्ति आयुधानि अस्त्राणि तेषु नैपुण्यं निपुणता तया रचितानि कृतानि अगण्यानि असंख्यानि जन्यानि युद्धानि तेषु राजन्यानां क्षत्रियाणां नृपाणां वा मौलीनां किरीटानां पालिषु प्रान्तप्रदेशेषु

निहिताः प्रक्षिप्ताः निशिताः तीक्ष्णाः सायकाः बाणाः येन, इत्थंभूतः मगध-नायकः = मगधेश्वरः, मालवेश्वरम् = मालवाधिपतिम्, प्रत्यग्रसंग्रामघस्म-रम् = प्रत्यग्रे नूतने संग्रामे युद्धे घस्मरः भक्षकः तम्, समुत्कटमानसारम् = समुत्कटः अत्युत्कटः मान एव सारो स्थिरांशः यस्य तम् अथवा समुत्कटो मानः दर्पः सारो बलं च यस्य तम्, मानसारम् = तन्नामकं राजानम्, सहेलम = सलीलम्, न्यक्कृत जलधि निर्घोषाहङ्कारेण = न्यक्कृतः तिरस्कृतः जलधेः सागरस्य निर्घोष विषयेऽहंकारोऽभिमानो येन इत्थं-भूतेन भेरीझंकारेण, भेरीझंकारेण = दुन्दुभिशब्देन, हठिका कर्णनाक्रान्तभय-चण्डिमानम् = हठिकाकर्णनात् सहसाश्रवणात् आक्रान्तः प्राप्तः भयस्य भीतेः चण्डिमा चण्डत्वं महाभयमित्यर्थः यं तम्, दिग्दन्तावलय वलयम् = दिग्दन्ता वलानां दिग्गजानां वलयं मण्डलम् वृन्दम्वा, विघूर्णयन् = चालयन, निजभर-नमन्मेदिनीभरेण = निजभरेण स्वकीयभारेण नमन्ती अधोगच्छन्ती या मेदिनी, पृथ्वी तस्याः भरेण भारेण, आयस्त भुजगराजमस्तकवलेन = आय-स्तं पीडितं भुजगराजस्य वासुकेः मस्तकवलं शिरसाधारणसामर्थ्यं येनेत्थंभूतेन, चतुरंगवलेन = गजाश्वरथ पदातिरूपेण चतुर्विध सैन्येन, संयुतः = सहितः, संग्रामाभिलाषेण = युद्धेच्छया, महता = अतिशयेन्, रोषेण = क्रोधेन, आविष्टः = व्याप्तः, निर्ययौ = निर्जगाम ।

टिप्पणी—असम्बन्ध में सम्बन्धरूपातिशयोक्ति अलंकार अनुप्रास स्पष्ट है ही । अतः संसृष्टि अलंकार परस्पर निरपेक्ष होने के कारण हो गया है । दन्तावल = 'दन्तशिखात्संज्ञायाम्' इस सूत्र से वलच प्रत्यय हो जाता है । घस्मर = 'सृघस्यदः क्मरच' । इस सूत्र से क्मर च प्रत्यय हो जाता है । "युद्धमायोधनं जन्यम्" कोषः "मौलिः किरीटेधम्मिलेचूडायामनपुंसकम्" इति मेदिनी । "पालिः कर्णलतायां स्यात् प्रदेशे पंक्तिचिन्ह्योः" इत्यजयः । 'दन्तीदन्तावलो हस्ती' इत्यमरः ।

मालवनाथोऽप्यनेकानेकपयूथसनाथो विग्रह सविग्रह इव साग्रहोऽभिमुखी भूय भूयो निर्जगाम !

हिन्दी अर्थ – मालवेश्वर भी अनेक हाथियों के समुदाय से युक्त हो कर शरीरधारी युद्ध के तुल्य आग्रहपूर्वक (युद्ध के लिए) पुनः निकल पड़ा ।

संस्कृतव्याख्या :—मालवनाथः = मालवाधिपतिः, अनेकानेकपयूथ अनेके बहवः ये अनेकपाः हस्तिनः तेषां यूथ समूहः तेन सनाथः युक्तः,

विग्रहः = संग्रामः, सविग्रह इव = शरीरधारीव, साग्रहः = आग्रहयुक्तः, अभिमुखीभूय = सम्मुखीभूत्वा, भूयः = पुनः, निर्जगाम = निर्ययौ।

टिप्पणी—उत्प्रेक्षा अलंकार है। 'युद्धे देहे च विग्रहः' इति कोश।

तयोरथ रथतुरगखुरक्षुण्ण क्षोणीसमुद्भूते करिघटाकटस्रवन्मदधाराधौतमूले नव्यवल्लभवरणागतदिव्यकन्यका जनजवनिकां पटमण्डप इव वियत्तलव्याकुले धूलीपटले दिविषदध्वनि धिक्कृतान्यध्वनिपटहध्वानवधिरिताशेषदिगन्तरालं शस्त्राशस्त्रि हस्ताहस्ति परस्पराभिहतसैन्यं जन्यमजनि।

हिन्दी अर्थ–इसके पश्चात् उन दोनों का युद्ध प्रारम्भ हो गया। उसमें रथ के पहियों तथा घोड़ों के खुरों से मर्दित पृथ्वी से उत्पन्न, हस्ती समुदाय के गण्डस्थलों से बहने वाली मद धाराओं से सिक्त, (धूलिसमूह) नूतन पतियों के वरण के लिए दिव्यकन्यकाओं के पटमण्डप के समान होकर आकाश में फैल गया, दूसरे शब्दों को तिरस्कृत करने वाले पटह शब्द के द्वारा सम्पूर्ण दिशाओं को वधिर बनाने वाला, तथा शस्त्रों से शस्त्र एवं हाथों से हाथ भिड़ाकर परस्पर (योधागण) युद्ध होने लगा।

संस्कृतव्याख्या :—अथ = तदनन्तरम्, तयोः = मालवराजमगधराजयोः, रथतुरगखुरक्षुण्ण क्षोणी समुद्भूते = रथैः स्यन्दनचक्रैरित्यर्थः तुरगाणां घोटकानां खुरैः शफैः क्षुण्णायाः चूर्णितायाः मर्दितायाः वा क्षोण्याः समुद्भूते समुत्पन्ने, करिघटाकटस्रवन्मदधाराधौतमूले = करिणां गजानां घटाः समूहाः तासां कटेभ्यः गण्डेभ्यः स्रवन्त्यः प्रवहन्त्यः या मदधारा दानधाराः ताभिः धौतं प्रक्षालितं मूलं अधः प्रदेशः यस्य तस्मिन्, नव्यवल्लभवरणागतदिव्यकन्यका जन जवनिका पटमण्डप इव = नव्यानां अभिनवानां वल्लभानां प्रियाणां वरणाय पतित्वेन स्वीकरणाय आगतः समागतः यः दिव्यकन्यकाजनः अप्सरः समुदायः तस्य जवनिका तिरस्करिणी तथा युक्तः पटमण्डपः पटवास इव तस्मिन्, वियत्तलव्याकुले = वियतः गगनस्य तले अधः व्याकुले व्याप्ते, धूलीपटले = पांशुपटले, दिविषदध्वनि = दिवि सीदन्तीति दिविषिदः देवाः तेषां अध्वनि-मार्गे, धिक्कृतान्यध्वनि पटह ध्वान वधिरिता शेष दिगन्तरालम् = धिक्कृताः न्यक्कृता अन्यध्वनयः अन्येषां वा ध्वनयः येन तादृशेन पटहध्वानेन ढक्काध्वनिना वधिरितं बधिरी-

बद्धः तेन, दारुवर्मणा = तन्नामकेन, रतिमन्दिरे = सुरतगृहे, रन्तुम् = निधुवनलीलार्थम्, विहाराय वा, समाहूता = समाकारिता, तम् = दारुवर्माणम्, गमिष्यन्ती = प्रस्थास्यमाना. दूतिकाम् = सन्देशवाहिकाम् मन्निकटम् = मत्समीपम्. अभिप्रेषितवती = प्रेषयामास, अहमपि = पुष्पोद्भवोऽपि मणिनूपुरमेखलाकंकण कटक ताटंक हार क्षौमकज्जलम् = मणिनूपुरः रत्नखचितमञ्जीरः मेखला काञ्चीदाम कटिभूषणं, कंकण कटकं च करभूषणे, ताटंकं कर्णभूषणं, हारः मुक्ताहारः क्षौमं दुकूलं कज्जलं अञ्जनं, वनितायोग्यम् = स्त्रीजनोचितम्, मण्डन जातम् = आभूषण समूहम्, निपुणतया = नैपुण्येन, तत्तत्स्थानेषु = तत्तदङ्गेषु, निक्षिप्य = परिधाय, सम्यक् = सुष्ठु, अङ्गीकृतमनोज्ञवेषः = अङ्गीकृतः स्वीकृतः मनोज्ञः मनोहरः वेषः येन सः, वल्लभया = दयितया, तया = बालचन्द्रिकया, सह = साकम्, तदागारद्वारोपान्तम् = तस्य दारुवर्मणः आगारद्वारस्य भवनद्वारस्य उपान्तम् समीपम्, अगच्छम् = गतवान्, द्वाःस्थकथितास्मदागमनेन = द्वाःस्थैः द्वारपालैः कथितं उक्तं अस्माकमागनं यस्मै तेन, सादरम् = समानम्, विहिताभ्युद्गतिना = विहिता कृता अभ्युद्गतिः अभ्युत्थानं येनतेन तेन, = दारुवर्मणा, द्वारोपान्तनिवारिताशेषपरिवारेण = द्वारस्य प्रतिहारस्य उपान्ते समीपे निवारिता निरुद्धाः अशेषाः सम्पूर्णाः परिवाराः परिजनाः येन तेन, मदन्विता = मया पुष्पोद्भवेन अन्विता युक्ता, संकेतागारम् = संकेतस्थलम् अनीयत = नीता, नगरव्याकुलाम् = नगरे पुरे व्याकुलाम् व्याप्ताम्, यक्षकथाम् = प्रेतकथाम्, परीक्षमाणः = परीक्षां कुर्वाणः, नागरिकजनोऽपि = पौरजनोऽपि कुतूहलेन = कौतुकेन, प्रतिहारभूमिम् = द्वारदेशम्, अगमत् = अगच्छत् । विवेकशून्यमतिः = विवेकेन ज्ञानेन शून्या विहीना मतिः बुद्धि यस्य सः, असौ = दारुवर्मा, रागातिरेकेण = अनुरागाधिक्येन, रत्नखचितहेमपर्यङ्के = रत्नैः पद्मरागादि मणिभिः खचितः व्याप्तः यो हेम्नः स्वर्णस्य पर्यङ्कः पल्यङ्कः तस्मिन, हंसतूलगर्भशयनम् हंसवत् तूलः पिचुलः सगर्भे मध्ये यस्य तादृशं शयनं शय्यां, अनीय = आरोप्य, संस्थाप्य, तरुणीम् = युवतीम्, तस्यै = बालचन्द्रिकायै, मह्यम् = पुष्पोद्भवाय, तमिस्रासम्यगनवलोकित पुंभवाय = तमिस्रायां रात्रौ सम्यक् अनवलोकितः अदृष्टः पुम्भावः पुरुषभावः यस्य तस्मै, मनोरमस्त्रीवेषाय = मनोरमः मनोज्ञः स्त्रीवेषः नारीवेषः यस्य तस्मै, चामीकरमणिमयमण्डनानि = स्वर्णरत्नम-

याभूषणानि, सूक्ष्माणि = श्लक्ष्णानि, चित्रवस्त्राणि = चित्रवासांसि, कस्तूरिकामिलितम् = मृगमदसुरभितम्, हरिचन्दनम् = गन्धविशेषः, सुरभीणि सुगन्धीनि, कर्पूर सहितम् = घनसार सहितम्, ताम्बूलम् = ताम्बूलवल्लीम्, कुसुमानि = पुष्पाणि, वस्तुजातम् = वस्तु समूहम्, समर्प्य = दत्त्वा, मुहूर्तद्वयमात्रम् = घटिकाद्वयमित्यर्थः, हासवचनैः = परिहासवचोभिः, संलपन् = वार्तालापं कुर्वन्, अतिष्ठत् = स्थितोऽभवत् ।

टिप्पणी—उत्फुल्ल सरसिजानना = लुप्तोपमा अलंकार । शकुनज्ञात् = शकुन जानने वाला अर्थात् ज्योतिषी आदि । शकुनं जानाति इति "आतोऽनुपसर्गेक." सूत्र से 'क' प्रत्यय । द्वाःस्थ = द्वारपाल "प्रतीहारो द्वारपालद्वास्थ द्वास्थितदर्शकः" इत्यमर. । 'वालचन्द्रिका' यहाँ पर "गौणेकर्मणि दुह्यादेः प्रधाने नीहृकृष्वहाम्' । विभक्तिः प्रथमा ज्ञेया न द्वितीया कदाचन "नियम से 'नी' धातु द्विकर्मक होने से कर्मवाच्य मे मुख्यकर्म 'वालचन्द्रिका में प्रथमा हो गयी है । अनीयत = लाया 'णीञ् प्रापणे' कर्म में लुङ् लकार । चामीकर = सोना—'चामीकरं जातरूप महारजतकाञ्चने' इत्यमरः । हूमुर्त = १२ क्षण का काल—"मुहूर्तो द्वादशास्त्रियाम्" इत्यमरः ।

ततो रागान्धतया सुमुखीकुचग्रहणे मतिं व्यधत्त । रोषारुणितोऽहमेनं पर्यङ्कतलान्निःशङ्को निपात्य मुष्टिजानुपादघातैः प्राहरम् । नियुद्धरभसविकलमलंकारं पूर्ववन्मेलयित्वा भयकम्पितांनताङ्गीमनुलालयन् मन्दिराङ्गणमुपेतः साध्वसकम्पित इवोच्चैरकूजमहम्—'हा वालचन्द्रिकाधिष्ठितेन घोराकारेण यक्षेण दारुवर्मा निहन्यते ।' सहसा समागच्छत । पश्यतेमम् इति । तदाकर्ण्य मिलिताः जनाः समुद्यद् वाष्पाः हा-हा-निनादेन दिशो बधिरयन्तः 'बालचन्द्रिकामधिष्ठितं यक्षं वलवन्तं शृण्वन्नपि दारुवर्मा मदान्धस्तामेवायाचत । तदसौ स्वकीयेन कर्मणा निहतः । किं तस्य विलापेन' इति लपन्तः प्राविशन् । कोलाहले तस्मिश्चटुललोचनया सह नैपुण्येन सहसा निर्गतो निजावासमगाम् । ततो गतेषु कतिपयदिनेषु पौरजनसमक्षं सिद्धादेश प्रकारेण विवाह्य तामिन्दुमुखीं पूर्वसंकल्पितान् सुरतविशेषान् यथेष्टमन्वभूवम् । वन्धुपालशकुननिर्दिष्टे दिवसेऽस्मिन्निर्गत्य पुराद् बहिर्वर्तमानो नेत्रोत्सवकारि भवदवलोकनसुखमप्यनुभवामि' इति ।

एवं मित्रवृत्तान्तं निशम्याम्लानमानसो राजवाहनः स्वस्य च सोमदत्तस्य च वृत्तान्तमस्मै निवेद्य सोमदत्तं "महाकालेश्वराराधनानन्तरं भवद्वल्लभां सपरिवारां निजकटकं प्रापय्यागच्छ" इति नियुज्य पुष्पोद्भवेन सेव्यमानो भूस्वर्गायमानमवन्तिकापुरं विवेश। तत्र "अयं मम स्वामिकुमारः" इति बन्धुपालादये बन्धुजनाय कथयित्वा तेन राजवाहनाय वहुविधां सपर्यां कारयन् सकलकलाकुशलो महीसुरवर इति पुरि प्रकटयन् पुष्पोद्भवोऽमुष्य राज्ञो मज्जनभोजनादिकमनुदिनं स्वमन्दिरे कारयामास।

हिन्दी अर्थ—इसके बाद उसने कामादि राग के कारण अन्धे होकर उस सुमुखी बालचन्द्रिका के स्तनों को ग्रहण करने के लिए विचार किया। (इसे देखकर) क्रोध के कारण रक्त नेत्रों वाले मैंने उसे पलंग से नीचे गिरा कर निःशंक होकर मुक्के और लातों के प्रहार से मार डाला। इस मल्ल युद्ध (बाहुयुद्ध) के कारण अपने अस्तव्यस्त आभूपणों को पहले के समान व्यवस्थित करके भय से कांपने वाली शोभनाङ्गी बालचन्द्रिका को आश्वासन देता हुआ मन्दिर के आंगन में आगया और भय के कारण कांपता हुआ सा जोर-जोर से चिल्लाने लगा। हाय! बालचन्द्रिका के ऊपर रहने वाला तथा भयंकर आकार वाला यह यक्ष दारुवर्मा को मार रहा है। जल्दी आप लोग आवें और इसे देखें। यह सुनकर के इकट्ठे होकर आंसू बहाते हुए हाय-हाय शब्द से दिशाओं को बहरा करते हुए "बालचन्द्रिका के ऊपर एक बलवान यक्ष रहता है" यह बात जानते हुए भी इस मदान्ध दारुवर्मा ने उससे प्रणय याचना की। इस कारण यह अपने ही कर्म से मारा गया। इस पर आंसू बहाने से क्या लाभ' इस प्रकार कहते हुए उन लोगों ने प्रवेश किया। उस कोलाहल में उस चञ्चल नेत्रों वाली बालचन्द्रिका के साथ बड़ी ही चतुरता से निकलकर अपने आवास को आगया। इसके पश्चात् कुछ दिन व्यतीत हो जाने पर मैं (पुष्पोद्भव) पुरवासियों के समक्ष उसी सिद्ध की बतायी विधि से उस बालचन्द्रिका से विवाह करके अपने पूर्व अभीष्ट सुखों को भोगने लगा। फिर बन्धुपाल के द्वारा शकुन से बताये हुए दिन पर नगर से बाहर निकलकरके नेत्रों को आनन्ददायी आपके दर्शन का सुख अनुभव किया। इस प्रकार मित्र के वृत्तान्त को सुनकर प्रसन्नचित्त वाले

राजवाहन ने अपने एवं सोमदत्त के वृत्तान्त को उसे बताया और सोमदत्त से कहा कि "तुम महाकाल भगवान शंकर की उपासना करने के पश्चात् अपनी पत्नी एवं परिवार के अन्य लोगों को अपने शिविरादि में पहुँचाकर लौट आओ "इस प्रकार आदेश करके पुष्पोद्भव के द्वारा सेवित राजवाहन ने पृथिवी पर स्वर्ग के तुल्य अवन्तिकापुरी में प्रवेश किया। उस अवन्तिकापुरी में 'यह मेरे स्वामी के पुत्र हैं" यह बन्धुपाल आदि अपने बन्धुओं को पुष्पोद्भव ने बताया तो उनलोगों के द्वारा राजवाहन की बहुविध पूजा करता हुआ सम्पूर्ण कलाओं में यह कुशल ब्राह्मण है इस प्रकार वा नगर में प्रचार करता हुआ (अर्थात् राजवाहन के नृपत्व को छिपाता हुआ) स्नान भोजन आदि प्रतिदिन अपने मन्दिर में करवाने लगा।

संस्कृतव्याख्या :—ततः = तदनन्तरम्, रागान्धतया = कामान्धतया, सुमुखीकुचग्रहणे = सुमुख्याः सुवदनायाः बालचन्द्रिकायाः कुचयोः उरोजयोः ग्रहणे मर्दने, मतिम् = बुद्धिम्, व्यधत्त = अकरोत् मर्दनं कर्तुमैच्छदित्यर्थः, रोषारुणितः = रोषेण क्रोधेन अरुणितः रक्तवर्णः, अहम् = पुष्पोद्भव, एनम् = दारुवर्माणम्, पर्यङ्कतलात् = शय्यातलात्, निपात्य = अवपात्य, मुष्टिजानु पादघातैः = मुष्टेः जानुनोः पादयोः चरणयोश्च घातैः प्रहारैः, प्राहरम् = हननमकरवमितिभावः नियुद्धरभसविकलम् = नियुद्धस्य बाहुयुद्धस्य रभसेन वेगेन विकलं अस्तव्यस्तं विपर्यस्तं वा, अलंकारम् = आभूषणम्, पूर्ववत् = प्रागिव मेलयित्वा = यथास्थानं संस्थाप्य, भयकम्पिताम् = भयेन भीत्या कम्पितां वेपथुमतीम्, नताङ्गीम् = शोभनाङ्गीम् बालचन्द्रिकाम्, उपलालयन् = आश्वासयन्, मन्दिरांगणम् = मन्दिरस्य गृहस्य अंगणं प्रांगणन्, उपेतः = प्राप्त आगतो वा, साध्वसकम्पित इव = साध्वसेन भयेन कम्पित इव कम्पनोपेत इव, उच्चैः = तारस्वरेण, अकूजम् = आक्रोशमकरवम् आक्रन्दमिति भावः, हा = इति खेदे, बालचन्द्रिकाधिष्ठितेन = बालचन्द्रिकां तन्नामिकां अधिष्ठितेन स्थितेन, घोराकारेण = घोरः भयंकरः आकारः आकृतिः यस्य तेन, यक्षेण = प्रेतेन, निहन्यते = हननं क्रियते, सहसा = झटिति इति भावः, समागच्छत = आगच्छत, पश्यत = विलोकयत, इमम् = दारुवर्माणम्, तदाकर्ण्य = तच्छ्रुत्वा, मिलिताः = समवेताः, जनाः = पुरुषाः, समुद्यत्बाष्पाः = समुद्यन्ति उद्गच्छन्ति बाष्पाणि

अश्रूणि येषां ते, हाहानिनादेन = हाहा इत्याक्रन्दन शब्देन, दिशः = आशाः, वधिरयन्तः = वधिरीकुर्वन्तः उच्चैः आक्रोशन्त इति भावः, वालचन्द्रिकाधिष्ठितम् = तत्तरुणीस्थितम्, यक्षम् = प्रेतम्, वलवन्तम् = शक्तिमन्तम्, शृण्वन्नपि = जानन्नपि, दारुवर्मा, मदान्धः = विवेकहीनः सन्, ताम् = वालचन्द्रिकाम्, अयाचत = प्रणययाचनमकरोत्, तत् = तस्मात्, असौ = दारुवर्मा, स्वकीयेन = निजेन, कर्मणा = कुकार्येण, निहतः = मृत्युमुपगतः, किम् = किं प्रयोजनम्, तस्य = दारुवर्मणः, विलापेन = आक्रन्दनेन, इति = इत्थं, मिथः = परस्पर, लपन्तः = कथयन्तः, प्राविशन् = आगच्छन्, कोलाहले = कलकले, चटुललोचनया = चटुले चञ्चले लोचने नयने यस्या सा तया, सह = साकम्, नैपुण्येन = कौशलेन, सहसा = अकस्मात्, निर्गतः = वहिरागतः, निजावासम् = स्वकीयनिवासस्थानम्, आगाम् = आगच्छम् ततः = तदनन्तरम्, गतेषु = अतीतेषु, कतिपयदिनेषु = कतिपयदिवसेषु, पौरजनसमक्षम् = पौरजनानां नागरिकाणां समक्षमग्रे सिद्धादेशप्रकारेण = तत्तापसोद्दिष्टविधिना, विवाह्य = परिणीय, ताम् = वालचन्द्रिकाम्, इन्दुमुखीम् = चन्द्रमुखीम्, पूर्वसंकल्पितान् = प्रागीप्सितान्, सुरतविशेषान् = कामक्रीडाः अन्वभूवम् = अनुभवमकरवम्, वन्धुपालशकुननिर्दिष्टे = वन्धुपालस्य निजमित्रस्य शकुनेन मंगलसूचकेन निर्दिष्टे उक्ते, दिवसे = दिने, निर्गत्य = वहिरागत्य, पुरात् = नगरात्, वहिः = वाह्यस्थाने, वर्तमानः = स्थितः सन्, नेत्रोत्सवकारि = नेत्रयोः नयनयोः उत्सवकारि आनन्दजनकं, भवदवलोकनसुखम् = भवतः तव अवलोकनस्य सुदर्शनस्य सुखमानन्दं, अनुभवामि = आवहामि एवम् = इत्थं प्रकारेण, मित्रवृत्तान्तम् = सुहृदुदन्तम्, निशम्य = आकर्ण्य, अम्लानमानसः = अम्लानं अपरिखिन्नं मानसं हृदयं यस्यासौ, राजवाहनः तन्नामकः, स्वस्य = निजस्य, सोमदत्तस्य = तदाख्यमित्रस्य, वृत्तान्तम् = कथानकम्, अस्मै = पुष्पोद्भवाय, निवेद्य = उक्त्वा, महाकालेश्वराराधनानन्तरम् = महाकालस्य = उज्जयिनीस्थितस्य तदाख्य शिवस्य, आराधनानन्तरम् पूजानन्तरं, भवद्वल्लभाम् = त्वद्दयिताम् सपरिवाराम् = सपरिजनाम्, निजकटकम् = स्वशिविरम्, प्रापय्य = नीत्वा, आगच्छ = समागच्छ, इति = इत्थम् नियुज्य = आरोप्य, सेव्यमानः = उपलाल्यमानः, भूस्वर्गायमानम् = भुवि पृथिव्यां स्वर्ग इव आचरतीति

तं पृथिव्यां स्वर्गोपमम्, अवन्तिकापुरम् = उज्जयिनीम्, विवेश = आगतवान्, तत्र = उज्जयिन्याम्, अयम् = पुरोवर्तमानः, मम = पुष्पोद्भवस्य, स्वामिकुमारः = स्वामिनः प्रभोः कुमारः पुत्रः बन्धुपालादये = बन्धुपालः तदाख्यं मत्रं आदिः यस्य तस्मै बन्धुजनाय = बन्धुवर्गाय, कथयित्वा = उक्त्वा, तेन = बन्धुजनेन, बहुविधाम् = विविधाम्, सपर्याम् = पूजाम्, कारयन् = अनुभावयन्, शकलकलाकुशलः = सकलासु निखिलासु कलासु चतुःषष्टिकलासु कुशलः निपुणः, महीसुरवरः = महीसुरेषु विप्रेषु वरः श्रेष्ठः, पुरि = नगरे, प्रकटयन् = प्रथयन्, राज्ञः = नृपस्य मज्जन भोजनादिकम् = स्नानाशनादिकम्, अनुदिनम् = प्रतिदिनम्, स्वमन्दिरे = स्वगृहे, कारयामास = अकारयत ।

टिप्पणी—नियुद्धः बाहुयुद्ध "नियुद्धं बाहुयुद्धेऽथतुमुल रणसंकुले इत्यमरः । नैपुण्येन = निपुणतासे = गुणवचन — सूत्र ष्यञ् प्रत्यय । विवाह्य = विवाहकरके "वि + वह + क्त्वा + ल्यप् । अन्वभूवम् = अनुभवकिया "अनु + भू + लुङ् + उत्तम पु०, एकवचन । भूस्वर्गायमानम् = पृथिवी पर स्वर्ग के समान आचरण करते हुए 'भुवि स्वर्ग इवाचरतीति' इस विग्रह में 'कर्तुः क्यङ् सलोपश्च' सूत्र से आचारार्थे क्यङ् प्रत्यय ।

॥ चतुर्थ उच्छ्वास समाप्त ॥

अथ पञ्चमोच्छ्वासः

राजवाहनचरितम्–वसन्तागमनम्—

अथ मीनकेतनसेनानायकेन मलयगिरिमहीरुहनिरन्तरावासि भुजङ्गमभुक्तावशिष्टेनेव सूक्ष्मतरेण धृतहरिचन्दनपरिमलभरेणेव मन्दगतिना दक्षिणानिलेन वियोगिहृदयस्थं मन्मथानलमुज्ज्वलयन्, सहकारकिसलयमकरन्दास्वादनरक्तकण्ठानां मधुकरकलकण्ठानां काकलीकलकलेन दिक्चक्रं वाचालयन् मानिनीमानसोत्कलिकामुपनयन्, माकन्दसिन्दुवाररक्ताशोककिंशुकतिलकेषु कालिकामुपपादयन्, मदनमहोत्सवाय रसिकमनांसि समुल्लासयन, वसन्तसमयः समाजगाम ।

राजवाहनस्यावन्तिसुन्दरीदर्शनम्—

तस्मिन्नतिरमणीये कालेऽवन्तिसुन्दरी नाम मानसारनन्दिनी प्रियवयस्यया बालचन्द्रिकया सह नगरोपान्तरम्योद्याने विहारोत्कण्ठया पौरसुन्दरीसमवायसमन्विता कस्यचिच्चूतपोतकस्य छायाशीतले सैकततले गन्धकुसुमहरिद्राक्षतचीनाम्बरादिनानाविधेन परिमलद्रव्यनिकरेण मनोभवमर्चयन्तो रेमे।

शब्दार्थ—माकन्द=आम्र। सिन्दुवार=निर्गुण्डी (संभालू)। किंशुक=ढाक (टेसू)। चूतपोतक—आम का छोटा वृक्ष।

हिन्दी अर्थ—इसके बाद वसन्त ऋतु आयी (यह प्रमुख वाक्य है।) कामदेव की सेना के नायक तथा मलय पर्वत के वृक्षों पर निवास करने वाले सांपों के पीने से बचे हुए एवं चन्दन की गन्ध से सुवासित, मन्दगति, वाले दक्षिण वायु के द्वारा वियोगियों के हृदय में विद्यमान कामाग्नि को बढ़ाता हुआ आम्र मञ्जरियों के पराग का रसास्वादन करने से रक्तकण्ठ (मधुर) वाले भ्रमरों एवं कोयलों के शब्दों के द्वारा दिशाओं को मुखरित करता हुआ (वसन्तकाल) मानवती स्त्रियों के हृदय को उत्कण्ठित करता हुआ, आम, निर्गुण्डी रक्ताशोक, ढाक एवं तिलक आदि वृक्षों में कलियों को अंकुरित करता हुआ, काम महोत्सव अर्थात् रतिक्रीडा के लिए रसिकों के मनों को उल्लासित करता हुआ वसन्त काल आ गया।

उस अति मनोहर समय में राजा मानसार की पुत्री अवन्तिसुन्दरी अपनी सहेली बालचन्द्रिका के साथ विहार करने की इच्छा से, नागरिक अंगनाओं से युक्त होकर नगर के समीपस्थ रमणीय उद्यान में किसी छोटे आम की छाया से शीतल बालुकामय स्थान पर गन्ध, पुष्प, हल्दी, अक्षत एवं रेशमी वस्त्रों तथा अन्य सुगन्धित द्रव्यों से कामदेव की पूजा करती हुई क्रीडा करने लगी।

संस्कृतव्याख्या:— "अथ वसन्तसमयः समाजगाम" इति प्रमुख वाक्यम्। अथ=तदनन्तरम्, मीनकेतन सेनानायकेन=मीनः मत्स्यः केतनः केतने वा ध्वजः यस्य सः काम इत्यर्थः तस्य सेनायाः सैन्यस्य नायकः प्रमुखवीरः तेन सेनापतिनेति भावः, मलयपवनस्य कामोद्दीपकत्वान्नायकत्वमुचितम्, मलयगिरिमहीरुहनिरन्तरावासि भुजङ्गमभुक्तावशिष्टेनेव=मलय

गिरेः मलयाचलस्य महीरुहेषु वृक्षेषु निरन्तरं अन्तरंविना निबिडमिति आवासिनः वास्तव्याः भुजङ्गमाः तैः भुक्तावशिष्टेन उपभुक्तावशिष्टेन भुजङ्गमानां पवनस्याशनत्वंप्रसिद्धमेव, सूक्ष्मतरेण = मन्दतरेण, धृतहरिचन्दन परिमलभरेणेव = धृत गृहीतः हरिचन्दनस्य वृक्षविशेषस्य परिमलभरः आमोदातिशयः येन तेनेव, मन्दगतिना = मन्दा मन्थरा गतिः गमनं यस्य तेन, दक्षिणानिलेन=दक्षिणवायुवा, वियोगिहृदयस्थं=वियोगिनां विरहिणां हृदयेषु स्वान्तेषु, तिष्ठतीति वियोगिहृदयस्थं विरहिचित्तस्थितम, मन्मथानलम् = कामानलम्, उज्ज्वलयन् = उद्दीपयन्, सहकार किसलयमकरन्दास्वादनरक्तकण्ठानाम् = सहकाराणां रसालानां किसलयमकरन्दयो पल्लवपरागयोः स्वादनेन आस्वादनेन रक्तः मधुररागोपेतः कण्ठः स्वरः येषां तेषाम्, मधुकरकलकण्ठानाम् = मधुकराश्च कलकण्ठाश्चते तेषां मधुकर कलकण्ठानां भ्रमरकोकिलानाम्, काकलीकलकलेन = पिकवाणीकोलाहलेन, दिक्चक्रवालम् = दिशां काष्ठानां चक्रवालं मण्डलम्, इति दिक्चक्रवालम, वाचालयन् =मुखरंकुर्वन्, मानिनीमानसोत्कलिकाम् = मानिनां मानवतीनां मानसस्य चित्तस्य उत्कलिकामुत्कण्ठां, उपनयन्= प्रापयन्, माकन्दसिन्दुवाररक्ताशोकक्रिंशुकतिलकेषु = माकन्दश्च सहकारश्च सिन्दुवारश्च निर्गुण्डी च रक्ताशोकश्च रक्तवञ्जुलश्च किंशुकश्च पलाशश्च तिलकश्च क्षुरकश्च ते तेषु, कलिकाम् = कोरकम, उपपादयन् = जनयन्, मदनमहोत्सवाय = काममहोत्सवाय, रसिकमनांसि = रसिकानां कामिजनानां मनांसि चेतांसि, समुल्लासयन् = प्रोत्साहयन्, वसन्तसमयः = ऋतुराज इत्यर्थः, समाजगाम् = आगतः तस्मिन् = तत्काले, अतिरमणीये = अतिमनोहरे, काले = समये, अवन्तिसुन्दरी = तन्नामिका, मानसारनन्दिनी = मानसारपुत्री, प्रियवयस्यया = प्रियसख्या, बालचन्द्रिकया = तन्नामिकया, सह = सार्धम, नगरोपान्तरम्योद्याने = नगरस्य पुरस्य उपान्ते समीपे यत् रम्यं मनोहरं उद्यानं उपवनं तस्मिन्, विहारोत्कण्ठया = क्रीडोत्कण्ठया, पौरसुन्दरीसमवायसमन्विता = पुरेभवाः पौराश्च ताः सुन्दर्यः तासां अथवा पौराणां सुन्दरीणां समवायेन समूहेन समन्विता उपेता, चूतपोतकस्य = रसालबालवृक्षस्य, छायाशीतले = छायया अनातपेन शीतले शैत्ययुक्ते शिशिरे वा, सैकततले = बालुकामय प्रदेशे गन्धकुसुमहरिद्राक्षतचीनाम्बरादि नानाविधैः = गन्धैश्च चन्दनादि

गन्धश्च कुसुमंच पुष्पं च हरिद्रा च अक्षताश्च तण्डुलाश्च चीनाम्बरश्च सूक्ष्मवस्त्रंच तानि आदौ तत्, नानाविधेन = बहुविधेन, परिमलद्रव्यनिकरेण = गन्धद्रव्यसमूहेन, मनोभवम् = कामम्, अर्चयन्ती = पूजयन्ती, रेमे = चिक्रीड, विविधक्रीडविलासं कृतवतीत्यर्थः।

टिप्पणी – मलयगिरि—इत्यादि में हेतुत्प्रेक्षालंकार है। काकली = अस्फुटध्वनि या कोयल की वाणी 'काकली तु कले सूक्ष्मे ध्वनौ तु मधुरास्फुटे' इत्यमरः। वाचालयन् = वच् + ण्यत, शतृ। चीनाम्बर = रेशमी वस्त्र। सम्भव है कि एक प्रकार का वस्त्र जो चीन देश से आता था उसे ही चीनाम्बर या चीनांशुक कहते थे। कालिदास ने भी प्रयोग किया है। "चीनांशुकमिव केतोः प्रतिवातं नीयमानस्य" शाकु० १–३४। रेमे = क्रीडा की–'रमु' क्रीडायाम् लिट् लकार।

तत्र रतिप्रतिकृतिमवन्तिसुन्दरीं द्रष्टुकामः काम इव वसन्तसहायः पुष्पोद्भवसमन्वितो राजवाहनः तदुपवनं प्रविश्य तत्र तत्र मलयमारुतान्दोलितशाखानिरन्तरसमुद्भिन्नकिसलयकुसुम फलसमुल्लसितेषु रसालतरुषु कोकिलकीरालिकुलमधुकराणामालापान् श्रावं श्रावं किञ्चिद् विकसदिन्दीवरकह्लारकैरव राजीव-राजी केलि-लोल-कलहंस-सारस-कारण्डव-चक्रवाकचक्रवालकलरव व्याकुलविमलशीतलसलिलललितानि सरांसि दर्शं दर्शममन्दलीलया ललनासमीपमवाप। बालचन्द्रिकया "निःशङ्कमित आगम्यताम्" इति हस्तसंज्ञया समाहूतो निजतेजोनिर्जितपुरुहूतो राजवाहनः कृशोदर्या अवन्तिसुन्दर्या अन्तिकं समाजगाम।

हिन्दी अर्थ—उस उद्यान में वसन्त के सहित कामदेव के तुल्य पुष्पोद्भव के सहित राजवाहन काम की पत्नी रति के तुल्य सुन्दरी अवन्तिसुन्दरी को देखने की इच्छा से प्रवेश करके वहाँ पर (उद्यान में) मलय पवन के झोकों से हिलते हुए शाखाओं में लगे पुष्प-फल एवं पल्लवों के द्वारा शोभित आमके वृक्षों को, कोयलो, तोतों, भ्रमरों की मधुर ध्वनि को सुनते हुए, कुछ खिले हुए नीलकमल, श्वेतकमल तथा कुमुद एवं साधारण कमलों पर क्रीडारत चञ्चल कलहंस, सारस, कारण्डव (बत्तखविशेष) चकवा चकई इत्यादि समूह के मधुर कलरव से व्याप्त निर्मल तथा शीतल

जलवाले तालावों को लीलापूर्वक देखता हुआ उस सुन्दरी के समीप आया।

बालचन्द्रिका ने हाथ के संकेत से राजवाहन को आप निःसंकोच होकर आइये" कहकर बुलाया। अपने तेज से इन्द्र को भी जीतने वाला राजवाहन उस कृशोदरी अवन्तिसुन्दरी के समीप गया।

संस्कृतव्याख्या :—तत्र=तत्काले, उद्याने वा, रतिप्रतिकृतिम्= रतेः कामपत्न्याः प्रतिकृतिः प्रतिमा मूर्तिः वा ताम्, दृष्टुकामः=दृष्टुमिच्छुः, काम इव=मदन इव, वसन्तसहायः=वसन्तः कुसुमाकरः सहायः सहयोगी वयस्यो वा यस्य सः, पुष्पोद्भव समन्वितः=स्व सुहृद् युक्तः, राजवाहनः =तन्नामकः, तदुपवनम्=तदुद्यानम्, प्रविश्य=गत्वा, तत्रतत्र=उद्याने, मलयमारुतान्दोलित शाखानिरन्तरसमुद्भिन्नकिसलयकुसुमफलसमुल्लसतेषु = मलयमारुतः मलयानिलः तेन आन्दोलिताः चालिताः शाखाः तासु निरन्तरंनिरवच्छिन्नं समुद् भिन्नैः विकसितै किसलयैः पल्लवैः कुसुम फलैः पुष्पफलैः समुल्लसितेषु शोभितेषु, रसालतरुषु=आम्रद्रुमेषु, कोकिल कीरालि कुलमधुकराणाम्=कोकिलानां परभृतिकानां कीराणां शुकानां अलीनां भ्रमराणां कुलं समूहः तस्य मधुकराणां (लक्षणया मधुर भाषकानां ननु भ्रमराणां, द्विरुक्तिः स्यात् आदौ 'अलि' शब्दस्य ग्रहणात्) आलापान् = शब्दान्, श्रावम् श्रावम् = पुनः पुनः श्रुत्वा, किञ्चिद् = स्वल्पम्, विकसदिन्दीवरकह्लारकैरवराजीवराजी केलिलोलकलहंससारस कारण्डव चक्रवाक चक्रवालकलरव व्याकुलविमलशीतलसलिलललितानि=विकसन्तीषु प्रस्फुटन्तीषु इन्दीवराणां नीलकमलानां कह्लाराणां सौगन्धिकानां कैरवाणां कुमुदानां राजीवानां कमलानां च राजीषु पंक्तिषु केलिभिः क्रीडाभिः लोलाः चञ्चलाः कलहंसाः कादम्बाः, सारसाः पक्षिविशेषाः, राह्वाः वा कारण्डवाः मद्गवः चक्रवाकाश्च कोकाश्च तेषां चक्रवालं समूहः तस्य कलरवेण अव्यक्त ध्वनिना व्याकुलानि व्याप्तानि विमलानि निर्मलानि शीतलानि शिशिराणि यानि सलिलानि जलानि तैः लजितानि मनोहराणि, अथवा विकसन्ति यानि इन्दीवर कह्लारकैरव राजीवानि—तेषां राजिषु-शेषं पूर्ववत् (अत्र विकसन्ति' इति पदं इन्दीवराणां विशेषणं तत्रतु 'राजी' इत्यस्य विशेषणमेतावानेव विशेषः। सरांसि=सरोवराणि, दर्शं दर्शम्=वारंवारं दृष्ट्वा, अमन्दलीलया=लीलाविलासेनेत्यर्थः ललना समीपम्=कामिनीसमीपम् अवन्तिसुन्दरीमित्यर्थः अवाप = उपजगाम।

वालचन्द्रिकया = तन्नामिकया निःशङ्कम् = निर्विशङ्कम्, इतः = अत्र, आगम्यताम् = आगच्छ, हस्तसंज्ञया = करसंकेतेन, समाहूतः समाकारितः, निजतेजोनिर्जितपुरुहूतः = निजतेजसा निजैश्वर्येण निर्जितः पराभूतः पुरुहूतः इन्द्रः येन सः, कृशोदर्याः = कृशं क्षीणं उदरं यस्याः सा तस्याः मुष्टिमेयमध्यायाः इत्यर्थः अन्तिकम् = समीपम्, समाजगाम = आययौ।

टिप्पणी—छष्टुकामः काम इव—मे उत्प्रेक्षा अलंकार है इन्दीवर= नीलकमल "इन्दीवरं च नीलेऽस्मिन्" इत्यमरः। कह्लार = श्वेतकमल जो सायंकाल फूलता है।"सौगन्धिकं तु कह्लारं हल्लकं रक्तसन्ध्यकम्" इत्यमरः। कारण्डव = जलकाक या बतख "मद्गुः कारण्डवः प्लवः" इत्यमरः। श्रावं श्रावम् = श्रु धातु से बार-बार या निरन्तरता अर्थ में "आभीक्ष्ण्येणमुल् च" सूत्र से णमुल्—तथा "नित्यवीप्सयोः' सूत्र द्वित्व। इसी प्रकार "दर्शं दर्शम्' बनेगा।

अवन्तिसुन्दरी वर्णनम्—

या वसन्तसहायेन समुत्सुकतया रतेः केलीशालभञ्जिकाविधित्सया कञ्चन नारीविशेषं विरच्यात्मनः कीडाकासारशारदारविन्द सौन्दर्येण पादद्वयम्, उद्यानवनदीर्घिका मत्तमरालिकागमनरीत्या लीलालसगतिविलासम्, तूणीरलावण्येन जङ्घे, लीलामन्दिरद्वार कदलीलालित्येन मनोज्ञमूरुयुगम्, जैत्ररथचातुर्येण घनं जघनम्, किञ्चद् विकसल्लीलावतंस कह्लार-कोरक-कोटरानुवृत्या गङ्गावर्तसनाभि नाभिम्, सौधारोहणपरिपाट्यावलित्रयम्, मौर्वीमधुकरपंक्तिनीलिमलीलया रोमावलिम्, पूर्णसुवर्णकलशशोभया कुचद्वन्द्वम् लतामण्डप सौकुमार्येण बाहू, जयशंखाभिख्यया कण्ठम्, कमनीयकर्णपूरसहकारपल्लवरागेण प्रतिबिम्बीकृतबिम्बं रदनच्छदम्, बाणायमान पुष्पलावण्येन शुचि स्मितम्, अग्रदूतिकाकलकण्ठिकाकलालापमाधुर्येणवचन जातम्, सकलसैनिकनायकमलयमारुतसौरभेण निःश्वासपवनम्, जयध्वजमीनदर्पेण लोचनयुगलम्, चापयष्टिश्रिया भ्रूलते, प्रथमसुहृदः सुधाकरस्यापनीतकलंकया कान्त्या वदनम्, लीलामयूर बर्हं भङ्ग्या केशपाशम्, च विधाय समस्त मकरन्दकस्तूरिका सम्मतेन मलयजरसेन प्रक्षाल्य कर्पूरपरागेण सम्मृज्य निर्मितेव रत्नजा

हिन्दी अर्थ—जिस अवन्तिसुन्दरी को कामदेव ने उत्सुकता वश अपनी रति की क्रीडा पुत्तलिका रूप नारी की रचना की, जिसके चरण उसने (कामदेव) अपने क्रीडा तालाब के शरत्कालिक कमलों के सौन्दर्य से बनाए, अपने उपवन की बावली की मत्त हंसिनी की चाल से उसकी लीला युक्त अलसायी चाल बनायी, अपने तरकस के सौन्दर्य से उसकी जांघे, अपने लीला भवन के द्वार पर स्थित केलों के सौन्दर्य से ऊरुयुगल, जयनशील रथ के चातुर्य से सटा हुआ जघन, कुछ खिले हुए कान के आभूषण-भूत कमल की फलिका के समान छिद्र वाली गंगा जी के भंवर के तुल्य नाभि, भवन पर चढ़ने के लिए जीना (सीढ़ियों) के तुल्य त्रिवली, धनुष की प्रत्यञ्चा पर स्थित भ्रमर समुदाय की कालिमा से युक्त रोमराजि, पूर्ण स्वर्णघट की शोभा से दोनों उरोज, लतामण्डप की सुकुमारता से दोनो भुजाएं, जयशंख की शोभा से कण्ठ, मनोहर कान में पहने हुए आम्र पल्लव की लालिमा से प्रतिबिम्बित बिम्बाफल के तुल्य उसके ओठ, बाणों के समान आकार वाले पुष्प सौन्दर्य से शुद्ध हास्य, अग्रदूती कोयल के मधुर वाणी के माधुर्य से उसकी वाणी, सम्पूर्ण सेना के नायक मलयपवन की गन्ध के द्वारा उसकी निःश्वास, विजयध्वज में बनी मछली के गर्व से दोनो नेत्र, अपने धनुष की शोभा से भ्रूलतायें, अपने मित्र चन्द्रमा की निष्कलंक कान्ति से मुख, क्रीडारत मयूर की पूंछ भंगिमा से केशपाश, युक्त उसे बनाकर सब प्रकार के पराग, कस्तूरी एवं चन्दन रस से धोकर तथा कपूर के चूर्ण से पोंछ करके अर्थात् चन्दनरसादि से नहलाकर ऊपर से कपूर के पाउडर लगाकर अलंकृत की हुई सी वह सुशोभित हुई।

संस्कृतव्याख्या :—या = अवन्तिसुन्दरी, वसन्तसहायेन = वसन्तः ऋतुराजः सहायः वयस्यः यस्यतेन कामदेवेनेत्यर्थः, समुत्सुकतया = औत्सुक्येन, रतेः = कामपत्न्याः, केलीशालभञ्जिकाविधित्सया — केली क्रीडा तदर्थं या शालभञ्जिका पुत्रिका तस्याः विधित्सा विधातुमिच्छा तया, नारीविशेषम्, प्रमदाविशेषम्, कञ्चन = अकथनीयम्, विरच्य = निर्माय, आत्मनः =स्वस्य, क्रीडाकासारशारदारविन्दसौन्दर्येण = क्रीडाकासारे केलिसरोवरे यानि शारदानि शरत्काल सम्बन्धीनि अरविन्दानि कमलानि तेषां सौन्दर्येण लावण्येन, पादद्वयम् = चरणयुगलम्, उद्यानवनदीर्घिकामत्तमरालिकागमन-

रीत्या उद्यानवने उपवने दीर्घिका वापी तस्यां या मत्तामदोन्मत्तामरालिका हंसी तस्य गमनरीत्या गमनप्रकारेण, लीलालसगतिविलासम् = लीलया विलासेन अलमं मन्दं मन्थरं वा गतिविलासं गमनप्रकारं, मन्दगतिकेत्यर्थः, तूणीरलावण्येन = तूणीरस्य निषङ्गस्य लावण्येन सौन्दर्येण जंघे जंघायुगलम्, लीलामन्दिरद्वारकदलीलालित्येन = लीलामन्दिरस्य क्रीडाभवनस्य द्वारे प्रतिहार भूमौ या कदली रम्भा तस्याः लालित्येन सौन्दर्येण, मनोज्ञम् = मनोहरम, ऊरुयुगम् = सक्थियुगलम्, जैत्ररथचातुर्येण = जैत्ररथस्य विजयनशीलस्यन्दनस्य चातुर्येण = कौशलेन, घनम् = निविडम्. जघनम् = अवयवविशेषम्, किञ्चित् = ईषत्, विकसल्लीलावतंसकल्हारकोरककोटनानुवृत्या = विकसन् प्रस्फुटन् लीलावतंसः कर्णभूषणं (कर्णावतंसीभूत इति भावः) यः कल्हारस्य सौगन्धिकस्य कोरकः कलिका तस्य कोटरः मध्यमागः तस्य अनुवृत्या सादृश्येन, गङ्गावर्तसनाभि = गङ्गायाः देवनद्याः आवर्तः भूमिः तस्य सनाभि समं सदृशं वा, सौधारोहणपरिपाट्या = सौधस्य सुधा लिप्तप्रासादस्य यद् आरोहणं सोपानं तस्य परिपाट्या अनुक्रमेण, वलित्रयम् = त्रिवलिम्, पूर्णसुवर्णकलशशोभया = पूर्णः सलिलपूर्णः यः सुवर्णकलशः स्वर्णघटः तस्य शोभया अभिख्यया, कुचद्वन्द्वम् = स्तनयुगलम्, लतामण्डपसौकुमार्येण = लतामण्डपस्य व्रततिकुञ्जस्य सौकुमार्येण सुकुमारतया, बाहू = भुजौ, मौर्वीमधुकर पंक्तिनीलिमलीलया = मौर्वी प्रत्यञ्चा एव मधुकर पंक्तिः भ्रमर श्रेणी तस्या यो नीलिमा कृष्णिमा तस्य लीलया सादृश्येनेत्यर्थः, रोमावलिम् = रोमराजिम्, जयशंखाभिख्यया = जयशंखस्य विजयशंखस्य अभिख्यया शोभया, कण्ठम् = ग्रीवाम्, कमनीय कर्णपूर सहकार पल्लवरागेण = कमनीयः मनोहरः कर्णपूरः कर्णताटंकः सहकारपल्लवः रसालकिसलयः तस्य रागः रक्तिमा तेन, प्रतिबिम्बीकृतबिम्बम् = प्रतिबिम्बीकृतं बिम्बं बिम्बफलं येन तत्, (अस्याः अधररचना = पूर्वं बिम्बफलं केवलं बिम्बमासीत् किन्तु साम्प्रतम् प्रतिबिम्बं जातं तद्रचनातः अर्थात् बिम्बफलादपि अधिकं अस्याः ओष्ठे सौन्दर्यं मित्यर्थः, बाणायमानपुष्पलावण्येन = बाणवदाचरतीति बाणायमानं शरायमाणं यत् पुष्पं कुसुमं तस्य लावण्येन सौन्दर्येण, शुचि = पवित्रम्, शुभ्रत्वास्मितम् = हासयम्, अग्रदूतिकाकलकण्ठिकाकलालापमाधुर्येण = अग्रदूतिका अग्रदूतिका या कलकण्ठिका कोकिला तस्याः कलालापस्य

काकल्याः माधुर्येण मधुरतया, वचनजातम् = वाक्यवृन्दम्, सकलसैनिक-नायकमलयमारुतसौरभ्येण = सकलसैनिकानां सम्पूर्णवीराणां (कामस्य) नायकः सेनापतिः यो मलयमारुतः मलयपवनः तस्य सौरभ्येण सौगन्ध्येन, निःश्वासपवनम् = श्वासवायुम्, जयध्वजमीनदर्पेण = जयध्वजस्य विजय केतोः यः मीनः मत्स्यः तस्य दर्पेण गर्वेण, लोचनयुगलम् = नेत्रद्वन्द्वम्, चाप-यष्टिश्रिया = चापयष्टिः धनुर्लता तस्याः श्रिया प्रभया, भ्रूलते = भ्रू युगले, प्रथमसुहृदः = प्रधानमित्रस्य (कामस्येतिशेषः) सुधाकरस्य = चन्द्रस्य, अपनीतकलंकया = अपनीतः अपाकृतः कलंकः लाञ्छनं यस्याः तया कान्त्या =प्रभया, वदनम् = मुखम्, लीलामयूरबर्हभङ्ग्या = लीलामयूरः क्रीडा-मयूरः तस्य बर्हं पिच्छं तस्य भङ्ग्या रचनया, केशपाशम् = चिकुरकलापम्, विधाय = कृत्वा, समस्तमकरन्दकस्तूरिकासम्मितेन = समस्तयोः मकरन्द-कस्तूरिकयोः परागमृगमदयोः सम्मितेन सम्मिलितेन, मलयजरसेन = चन्दनरसेन, प्रक्षाल्य = प्रक्षालनं कृत्वा, कर्पूरपरागेण = घनसार चूर्णेन, सम्मृज्य = संसृज्य, निर्मितेव = रचितेव, रराज = शुशुभे।

टिप्पणी—निर्मितेव रराज - उत्प्रेक्षा अलंकार। समुत्सुकतया = सम् + उत्सुक 'तस्य भावः त्वतलौ' तत्। लावण्येन = लवण "गुणवचन-सूत्र से ष्यञ्, वृद्धि। सम्मृज्य = सम् + मृज् + क्त्वा + ल्यप्। रराज "राजृ दीप्तौ, लिट् लकार-प्र० पु० एकव०। पाश = समूह "पाशः पक्षश्च हस्तश्च कलापार्थाः कचात्परे" इत्यमरः।

सा मूर्तिमतीव लक्ष्मीर्मालवेशकन्यका स्वेनैवाराध्यमानं संक-ल्पितवरप्रदानायाविर्भूतं मूर्तिमन्तं मन्मथमिव तमालोक्य मन्दमारु-तान्दोलिता लतेव मदनावेशवती चकम्पे। तदनु क्रीडाविश्रम्भान्नि-वृत्ता लज्जया कानि कान्यपि भावान्तराणि व्यधत्त।

"ललनाजनं सृजता विधात्रा नूनमेषा घुणाक्षरन्यायेन निर्मिता। नो चेदब्जभूरेवंविधो निर्माणनिपुणो यदि स्यात्तर्हि तत्समानलाव-ण्यामन्यां तरुणीं किं न करोति" इति सविस्मयानुरागं विलोकयत-स्तस्य समक्षं स्थातुं लज्जितासतो किञ्चित् सखीजनान्तरितगात्रा-

तन्नयनाभिमुखैः किञ्चिदाकुञ्चितैरञ्चितभ्रूलतैरपाङ्ग वीक्षितैरात्मनः

कुरङ्गस्यानायमानलावण्यं राजवाहनं विलोकयन्त्यतिष्ठत्। सोऽपि तस्यास्तदोत्पादितभावरसानां सामग्र्या लब्धबलस्येव विषमशरस्य शरव्यायमाणमानसो बभूव। सा मनसीत्यमचिन्तयत्-"अनन्य साधारण सौन्दर्येणानेन कस्यां पुरि भाग्यवतीनां तरुणीनां लोचनोत्सवः क्रियते। पुत्ररत्नेनामुना पुरन्ध्रीणां पुत्रवतीनां सीमन्तिनीनां का नाम सीमन्तमौक्तिकीक्रियते। कास्य देवी! किमत्रागमनकारणमस्य। मन्मथो मामपहसितनिजलावण्यमेनं विलोकयन्तीमसूययेवातिमात्रं मथ्नन्निजनाम सान्वयं करोति। किं करोमि, कथमयं ज्ञातव्य" इति।

हिन्दी अर्थ—वह शरीरधारिणी लक्ष्मी के समान मालवराज की पुत्री (अवन्तिसुन्दरी) अपने द्वारा सेवित तथा अभीष्ट वर देने के लिए आये हुए साक्षात् कामदेव के तुल्य उसे (राजवाहन को) देखकरके मन्द वायु के झोकों से कांपती हुई लता के समान कांपने लगी। इसके पश्चात् लज्जावशात् क्रीडा बन्द करके कुछ भावों में डूबी रही। 'नारीजन की रचना करते समय ब्रह्मा के द्वारा यह घुणाक्षर न्याय (संयोगवशात्) से ही बन गयी" नहीं तो यदि ब्रह्मा इतने निपुण होते तो उसके समान सौन्दर्य वाली दूसरी युवती की रचना क्यों नहीं' ? "इस आश्चर्य और अनुराग के साथ देखते हुए राजवाहन के समक्ष वह रुकने में असमर्थ होती तथा लज्जालु होकर, सखी समुदाय की आड़ में अपने को छिपाकर राजवाहन को भ्रू कुटि कटाक्षों से देखती हुई अपने को मृग के समान जाल में फसाने वाले सौन्दर्य से युक्त राजवाहन को देखती हुई स्थित रही। राजवाहन भी उसके तत्काल के भाव और रसों के अर्थात् विलासों के कारण मानों बलप्राप्त कामदेव के वाणों से बिद्ध मानस वाला हो गया। वह तरुणी मन में इस प्रकार सोंचने लगी-"ये अनन्य सौन्दर्य शाली राजकुमार राजवाहन किस पुर की भाग्यवती स्त्रियों के नेत्रों आनन्द देते हैं ?इस पुत्र रत्न के द्वारा अन्तःपुर की रमणियों में कौन सी वह धन्य स्त्री है स्त्री जिसने इसे पुत्ररूप में प्राप्त किया है? इनकी रानी कौन है और यहाँ पर आने का क्या कारण है। कामदेव

अपने सौन्दर्य को विजित करने वाले इस कुमार को देखती हुई मुझको ईर्ष्या के कारण अत्यन्त मथता हुआ अपने मन्मथ (मथनेवाला) नाम को सार्थक करता है। क्या करूँ, कैसे इन्हें जानूँ।

संस्कृतव्याख्या :—सा = अवन्तिसुन्दरी, मूर्तिमतीव = शरीरधारिणीव लक्ष्मी: = श्री:, मालवेशकन्यका = मालवराज पुत्रिका, स्वेन = निजेन, आराध्यमानम् = संसेव्यमानमुपास्यमानं वा, संकल्पितवरप्रदानाय = संकल्पितस्य पूर्वमेवाभिलषितस्याभीप्टस्य वा वरस्य = जामातुरिति भाव: प्रणयिन: वा, प्रदानाय समर्पणाय आविर्भूतम् प्रादुर्भूतं आगतमित्यर्थ:, मूर्तिमन्तम् = शरीरिणम्, मन्मथमिव = काममिव, तम् = राजवाहनम्, आलोक्य = अवलोक्य, मन्दमारुतान्दोलिता = मन्दमारुतेन मन्दवायुना आन्दोलिता कम्पिता, लतेव = व्रततीव, मदनावेशवती = सकामेत्यर्थ:, चकम्पे = कम्पिताभवत्, तदनु = तदनन्तरम्, क्रीडाविश्रम्भात् = क्रीडायां क्रीडने विश्रम्भ: विश्वास: तस्मात् निवृत्ता पृथग्भूता, लज्जया = ह्रिया, कानि कान्यपि = अकथनीयानि, भावान्तराणि = विविधान भावान्, व्यधत्त = अकरोत्, ललनाजनम = नारीजनम्, सृजता = रचयता, विधात्रा = ब्रह्मणा, नूनम् = निश्चयेन, एषा = अवन्तिसुन्दरी, घुणाक्षर न्यायेन = काकतालीय न्यायेन, निर्मिता = रचिता, नोचेद् = अन्यथा, ब्रह्मा = एवंभूत: = ईदृश:, निर्माणनिपुण: = रचनाकुशल:, यदि, स्यात् = भवेत्, तत्समानलावण्याम् = तस्या: अवन्तिसुन्दर्या: समानं सदृशं लावण्यं सौन्दर्य यस्या: सा ताम्, अन्याम् = अपराम्, तरुणीम् = युवतीम्, किं न = कथं न, करोति = कुरुते, इति = इत्थम्, सविस्मयानुरागम् = विस्मयेन आश्चर्येण अनुरागेण च सह क्रियाविशेषणमेतत् "विलोकयत:" इत्यस्य, विलोकयत: = अवलोकयत:, तस्य = राजवाहनस्य, समक्षम = पुरत:, स्थातुम् = अवस्थातुम, लज्जिता = सलज्जा, सती = भवन्ती, किञ्चिद् = ईषद्, सखीजनान्तरितगात्रा = सखी, जनेन = आलिसमुदायेन, अन्तरितं व्यवहितं गात्रं शरीर यस्या: सा, तन्नयनाभिमुखै: = तस्य राजवाहनस्य नयनयो: लोचनयो: अभिमुखै: सम्मुखवर्तिभि:, किञ्चित् = ईषत्, आकुञ्चितै: = समाकुञ्चितै:, आचितभ्रूलतै: = आचिते सुशोभिते भ्रूयुगले यैस्तै:,

अपाङ्गवीक्षितैः = कटाक्षैः, आत्मनः = स्वस्य, कुरङ्गस्य = मृगस्य, आनायमानालावण्यम् = आनायः जालं तदिवाचरतीति आनायमानं लावण्यं सौन्दर्यं यस्य तं, विलोकयन्ती = अवलोकयन्ती, अतिष्ठत् = स्थिताभवत् ।

सोऽपि = राजवाहनोऽपि, तस्या = अवन्तिसुन्दर्याः, तदा = तदानीम, उत्पादितभावरसानाम् = उत्पादिताः उत्पन्नाः ये भावाः विकाराः त एव रसास्तेषां, सामग्र्या = सहयोगेनेतिभावः, लब्धबलस्येव = प्राप्त बलस्येव, विषमशरस्य = विषमाः विषमसंख्यकाः (पञ्चेतिभावः) भयंकराः वा शराः बाणाः यस्य तस्य, शरव्यायमाणमानसः = शरव्यं लक्ष्यं तदिवा चरत् शरव्यायमाणं मानसं हृदयं यस्य सः, बभूव = अभूत् । सा = अवन्तिसुन्दरी, मनसि = हृदये, अचिन्तयत् = अविचारयत्, अनन्य साधारणसौन्दर्येण = अनन्यसाधारणं अनुपममद्वितीयं वा सौन्दर्यं यस्य तेन, अनेन = राजवाहनेन, पुरि = नगरे, भाग्यवतीनाम् = सौभाग्यशालिनीनाम, तरुणीनाम् = युवतीनाम्, लोचनोत्सवः = नेत्रोत्सवः, क्रियते = विधीयते, पुत्ररत्नेन = पुत्रश्रेष्ठेन, अमुना = अनेन, पुरन्ध्रीणाम् = पुरयोषिताम, पुत्रवतीनाम् = सपुत्राणाम, सीमन्तिनीनाम् = नारीणाम् कानाम, सीमन्त मौक्तिकी क्रियते = सीमन्तः = केशवेशः तत्र मौक्तिकः माणिक स्वरूपः तत्क्रियते, शेखरीक्रियेते इत्यर्थः (अस्य जननी सर्वासु श्रेष्ठेतिभावः) देवी = महिषी, किमत्र = किमस्मिन स्थाने आगमनकारणम् = समागमनिमित्तम, मन्मथः = कामः, माम् = अवन्तिसुन्दरीम, अपहसितनिजलावण्यम् = अपहसितं तिरस्कृतमितिभावः, निजं स्वकीयं लावण्यं सौन्दर्यं येन तम्, एनम् = राजवाहनम्, विलोकयन्तीम् = अवलोकयन्तीम्, असूयया = ईर्ष्यया अक्षमयेतिभावः, अतिमात्रम् = अतिशयम्, मथ्नन् = पीडयन्, निजनाम = स्वकीयाभिधानम्, 'मन्मथ इति' मन् (क्विप्) मथ्नाति मथति वेति 'मन्मथः' सान्वयम् = सार्थकम्, करोति = विधत्ते, किंकरोमि = किम्मयाकर्तव्यमिति भावः कथं, अयम् = राजवाहनः, ज्ञातव्य = अवगन्तव्यः ।

टिप्पणी—सा मूर्तिमती — लतेव — उपमा अलंकार है । चकम्पे = कांपी = कम्प–लिट् लकार प्र० पु० एकवचन । घुणाक्षर न्याय = इसका तात्पर्य यह है कि 'घुन' नामक एक कीट विशेष यों ही लकड़ी को काटता रहता है । संयोगवशात् उसके काटने से कभी-कभी कुछ अक्षर से बन जाते

हैं। वह जानकर नहीं बनाता यों ही बन जाया करते हैं। इसे 'घुणाक्षर न्याय' कहा जाता है। अर्थात् संयोगवशात् कोई कार्य होना जान समझ कर नहीं। अब्जभू = अब्जात् कमलात्, भूः उत्पत्तिः यस्य अर्थात् ब्रह्मा। भाव = मानसिक विकार = "विकारो मानसो भावः' इत्यमरः। विषमशर = कामदेव, इसके बाणों की संख्या ५ मानी गयी है। अतः "विषमशर' कहा जाता है वैसे भयंकर या पीडाकर बाण वाला भी अर्थ हो सकता है।"

अरविन्दमशोकं च चूतं च नवमल्लिका,

नीलोत्पलं च पञ्चैते पञ्चबाणस्य सायकाः'।

इसीलिए कामदेव का एक नाम 'पञ्चबाण' भी है। पुरन्ध्री = पति पुत्र वाली स्त्री "कुटुम्बिनी पुरन्ध्री" इत्यमरः। सीमन्तिनी = स्त्री "नारी सीमन्तिनी वधूः" इत्यमरः। सीमन्त = केशवेश 'या केशों के मध्य की विभाजक रेखा' "सीमन्तकेशवेशे" सीमान्तोऽन्य" सिद्धान्तकौमुदी "अच्सन्धि'। सीमन्तमौक्तिकी क्रियते = असीमन्तमौक्तिकं सीमन्त मौक्तिक रूपेण सम्पद्यमानं क्रियते "इस विग्रह में' "कृभ्वस्तियोगे संपद्यकर्तरि च्वि' इनि 'च्वि' प्रत्यय, "अस्य च्वौ" सूत्र ईत्। सीमन्त के मौक्तिक के तुल्य अर्थात् श्रेष्ठ थी। मन्मथो — इस वाक्य में परिकर अलंकार है। आनाय = जाल, आ + नी + घञ् "जालमानायः" सूत्र घञ् "आनीयन्ते मत्स्यादयोऽनेन" इस विग्रह से।

ततो बालचन्द्रिका तयोरन्तरङ्गवृत्तिं भावविवेकैर्ज्ञात्वा कान्तासमाजसन्निधौ राजनन्दनोदन्तस्य सम्यगाख्यानमनुचितमिति लोकसाधारणैर्वाक्यैरभाषत – "भर्तृदारिके, अयं सकलकलाप्रवीणो देवतासान्निध्यकरण आहवनिपुणो भूसुरकुमारो मणिमन्त्रौषधिज्ञः परिचर्यार्हो भवत्या पूज्यताम्" इति। तदाकर्ण्य निजमनोरथमनुवदन्त्या बालचन्द्रिकया सन्तुष्टान्तरङ्गा तरंगावली मन्दानिलेनेव संकल्पजेनाकुलीकृता राजकन्या जितमारं कुमारं समुचितासनासीनं विधाय सखीहस्तेन शस्तेन गन्धकुसुमाक्षतघनसारताम्बूलादिनानाजातिवस्तुनिचयेन पूजां तस्मै कारयामास। राजवाहनोऽप्येवमचिन्तयत् – "नूनमेषा पूर्वजन्मनि मे जाया यज्ञवती। नो चेदेतस्यामेवं-

विधोऽनुरागो मन्मनसि न जायेत। शापावसानसमये तपोनिधिदत्तं जातिस्मरत्वमावयोः समानमेव। तथापि कालजनितविशेषसूचकवाक्यैरस्या ज्ञानमुत्पादयिष्यामि" इति।

हिन्दी अर्थ—तब बालचन्द्रिका उन दोनों की अन्तरंग वृत्ति अर्थात् प्रेम को भाव विवेक से समझ कर, स्त्रीसमुदाय के समक्ष राजकुमार के वृत्तान्त को कहना अनुचित समझ करके जनसाधारण वाक्य बोली—"हे राजकुमारी! यह राजकुमार राजवाहन सम्पूर्ण कलाओं में चतुर, युद्ध में निपुण, देवों के साक्षात्कार करनेवाला, मणि-मन्त्र औषध में चतुर ब्राह्मण कुमार हैं। ये पूजा के योग्य हैं आप इनकी पूजा करें।

यह सुनकरके अपने (अवन्तिसुन्दरी के) मनोरथ को कहने वाली बालचन्द्रिका के द्वारा सन्तुष्ट होकर, मन्दवायु के झोंकों से तरंगों के समान चञ्चल होती हुई कामदेव के द्वारा व्याकुल अवन्तिसुन्दरी ने कामदेव को (सौन्दर्य में) जीतने वाले राजकुमार राजवाहन को उचित आसन पर बिठा कर सखियों के हाथों से मनोहर गन्ध, पुष्प, अक्षत, कपूर, पान आदि विभिन्न वस्तुसमुदाय से उनकी पूजा करवायी। राजवाहन भी इस प्रकार सोंचने लगा—"निश्च ही यह पूर्वजन्म में मेरी पत्नी यज्ञवती थी अन्यथा इस प्रकार का स्नेह मेरे मानस में पैदा न होता। शाप की समाप्ति के समय हम दोनों को समान रूप से तपस्वी के द्वारा प्रदत्त पूर्वजन्म स्मरण होगा। तो भी तत्कालोचित विशेष वचनों से इसको ज्ञान उत्पन्न अर्थात् इसे पूर्वजन्म की स्मृति कराऊँगा।

संस्कृतव्याख्याः—ततः = तदनन्तरम्, बालचन्द्रिका = तन्नामिका, तयोः = अवन्तिसुन्दरीराजवाहनयोः, अन्तरंगवृत्तिम् = मनोभावम्, भावविवेकैः = भावैः मानसविकारैः विवेकैश्च ज्ञानै, ज्ञात्वा = विज्ञाय, कान्तासमाजसन्निधौ = कान्तानां प्रमदानां समाजः समूहः तस्य सन्निधौ समीपे, राजनन्दनोदन्तस्य = राजनन्दनस्य राजकुमारस्य उदन्तस्य वृत्तान्तस्य, सम्यक् = सुष्ठु, आरण्यानम् = कथनम् अनुचितम् = अयोग्यम्, इति = इत्थं विचार्य, लोकसाधारणैः = लौकिकैः, वाक्यैः = वचनैः, अभाषत = अवदत्, भर्तृदारिके = राजकुमारिके, अयम् = पुरोवर्तमानः, सकलकलाप्रवीणः = सकलासु अखिलासु चतुष्षष्ठिकलासु इत्यर्थः प्रवीणः निपुणः, देवतासान्निध्य-

करणः = देवतानां देवानां सान्निध्यं साक्षात्कारं करोतीति, आहवनिपुणः =आहवेयुद्धे निपुणः प्रवीणः, भूसुरकुमारः=ब्राह्मणपुत्रः, मणिमन्त्रौषधिज्ञः =मणिं मन्त्रं ओषधिञ्च जानातीति,मन्त्रादिक्रियानिपुणः,परिचर्यार्हः=परिचर्यायै पूजायै अर्हः योग्यः पूज्य इति भावः, भवत्या = त्वया, पूज्यताम्= सम्पूज्यताम्, तदाकर्ण्य = तन्निशम्य, निजमनोरथम् = स्वमनोभावम्, अनुवदन्त्या=सानुकूलं कथयन्त्या, बालचन्द्रिकया=तन्नामिकया, सन्तुष्टान्तरंगा = सन्तुष्टं प्रसन्नं अन्तरंगं अन्तःकरणं यस्याः सा, तरंगावली = वीचिमाला, मन्दानिलेनेव=मन्दवायुनेव, संकल्पजेन = कामेन, आकुलीकृता = व्याकुलीकृता, राजकन्या = राजदुहिता, जितमारम् = जितः विजितः मारः स्परः येनतम, कुमारम्=राजवाहनम्, समुचितासनासीनम् = सुयोग्यासनसमासीनम्, विधाय = कृत्वा, सखीहस्तेन = सखीकरेण, शस्तेन = प्रशस्तेन, गन्धकुसुमाक्षतघनसार ताम्बूलादिनानाजातिवस्तुनिचयेन=गन्धश्च सुरभिश्च कुसुमं च पुष्पं च, अक्षतं च घनसारश्च कर्पूरश्च ताम्बूलं च आदौ येषां तानि, नाना विभिन्नाः जातयो भेदाः येषां तानि ताम्बूलादीनि वस्तूनि तेषां निचयेन समूहेन. पूजाम् = सपर्याम्, तस्मै = राजवाहनाय, कारयामास = कारितवती। राजवाहनः, एवम् = इत्थम्, अचिन्तयत् = अविचारयत्, नूनम् = निश्चयेन, एषा = पुरोवर्तमाना सुन्दरी, पूर्वजन्मनि = प्रथम जन्मसमये, मे=मम, जाया=पत्नी, यज्ञवती = तन्नामधेया, नो चेत्= अन्यथा, एवं विधः = ईदृशः, अनुरागः=प्रेम, मन्मनसि = अस्माकं मानसे, न = नहि, जायेत=उत्पद्येत, शापावसान समये=शापावसानकाले. तपोनिधिदत्ताम्=तापसानुसारमित्यर्थः, जातिस्मरत्वम्=पूर्वजन्मस्मरणम्, आवयोः = द्वयोः. समानमेव=सेदृशमेव, कालजनितविशेष सूचक वाक्यैः=कालेन समयेन जनितः उत्पादितः यो विशेषः तस्य सूचकानि संसूचाकानि यानि वाक्यानि वचांसि तैः, अस्याः=अवन्तिसुन्दर्याः ज्ञानम्=विवेकम्, उत्पादयिष्यामि=उत्पन्नं करिष्यामि।

टिप्पणी—संकल्पज=काम—"संकल्पः कर्ममानसम्" इत्यमरः, अर्थात मानसिक विचारों से पैदा होने वाला। इसीलिए मनोज या मनोभव भी काम को कहते हैं। अनुवदन्त्या = अनु + वद + शतृ, स्त्रीलि० तृतीया ए.व.

"अनु" उपसर्ग का प्रयोग अच्छा बन पड़ा है। तदनुकूल या सदृश भाव द्रष्टव्य है। शस्त = शुभ "क्षेममस्त्रियां शस्तं चाथ" इत्यमरः कारयामास = करवाया-कृ + णिच् + आस् प्रयोग, लिट् ल०।

राजवाहनस्य पूर्वजन्मवृत्तान्तश्रवणम्—

तस्मिन्नेव समये कोऽपि मनोरमो राजहंसः केलीविवित्सया तदुपकण्ठमगमत्। समुत्सुकया राजकन्यया मरालग्रहणे नियुक्तां बालचन्द्रिकामवलोक्य समुचितो वाक्यावसर इति सम्भाषणनिपुणो राजवाहनः सलीलमलपत्—'सखि, पुरा शाम्बो नाम कश्चिन्महीवल्लभो मनोवल्लभयासह विहारवाञ्छया कमलाकरमवाप्य तत्र कोकनदकदम्बसमीपे निद्राधीनमानसं राजहंसं शनैर्गृहीत्वा बिसगुणेन तस्य चरणयुगलं निगडयित्वा कान्तामुखं सानुरागं विलोकयन्मन्दस्मितविकसितैककपोलमण्डलस्तामभाषत—'इन्दुमुखि! मयाबद्धोमरालः शान्तो मुनिवदास्ते। स्वेच्छयानेन गम्यताम्' इति।

सोऽपि राजहंसः शाम्बमशपत्—'महीपाल, यदस्मिन्नम्बुजखण्डेऽनुष्ठान परायणतया परमानन्देन तिष्ठन्तं नैष्ठिकं मामकारणं राज्यगर्वेणावमानितवानसि तदेतत् पाप्मना रमणी विरह सन्तापमनुभव' इति। विषण्णवदनः शाम्बो जीवितेश्वरीविरहमसहिष्णुर्भूमौ दण्डवत् प्रणम्य सविनयमभाषत-"महाभाग, यदज्ञानेनाकरवं तत्क्षमस्व" इति। स तापसः करुणाकृष्टचेतास्तमवदत्—"राजन्! इह जन्मनि भवतः शापफलाभावो भवतु। मद् वचनस्यामोघतया भाविनि जनने शरीरान्तरं गतायाः अस्याः सरसिजाक्ष्या रसेम रमणो भूत्वा मुहूर्तद्वयं मच्चरणयुगल बन्धकारितया मासद्वयं शृंखलानिगडित चरणो रमणी वियोग विषादमनुभूय पश्चादनेककालं वल्लभया सह राज्यसुखं लभस्व" इति।

हिन्दी अर्थ—उसी समय एक मनोहर राजहंस खेल करने की इच्छा से अवन्तिसुन्दरी के पास पहुंचा। समुत्सुक राजकन्या के द्वारा हंस को पकड़ने के लिए बालचन्द्रिका को नियुक्त देख करके (अर्थात् अवन्तिसुन्दरी को अकेला पाकर) उचित बातचीत का अवसर समझ करके वार्तालाप में

चतुर राजवाहन ने लीलापूर्वक उससे कहा-हे सखि ! प्राचीनकाल में एक शाम्ब नामक राजा अपनी प्रिया के साथ विहार करने की इच्छा से एक तालाब के पास आकर वहां पर लालकमलों के समूह में सोते हुए एक राजहंस को धीरे से पकड़करके और उसके दोनों पैरों को कमलतन्तु से जकड़कर, पत्नी के मुख को सानुराग देखता हुआ तथा मन्द से विकसित कपोलस्थल वाला (वह राजा) उससे (पत्नी से) बोला-"हे चन्द्रमुखि ! मेरे द्वारा बांधा हुआ यह शान्त हंस मुनि के समान स्थित है। अब यह इच्छापूर्वक चला जाये" (मैं इसे अब छोड़ रहा हूँ) उस राजहंस ने शाम्ब को शाप दिया हे राजन् ! जो इस कमल समुदाय में ध्यानादि में तत्पर परमानन्द में डूबे हुए मुझ नैष्ठिक ब्रह्मचारी को अकारण ही आपने राज्यमद से मेरा अपमान किया है' इस पाप के कारण आप अपनी पत्नी के विरह के ताप का अनुभव करेंगे "(इस प्रकार का शाप दिया) खिन्न मनस्क शाम्ब अपनी प्राणेश्वरी के विरह को सह सकने में असमर्थ होकर भूमि पर गिरकर दण्डवत् प्रणाम करके विनयपूर्वक बोला-"हे महाराज ! मैंने यह सब अज्ञान के कारण किया है आप इसे क्षमा करें। वह तपस्वी करुणार्द्रचित्त होकर उससे बोला-"हे राजन् ! इस जन्म में आपको इस शाप का फल नहीं मिलेगा किन्तु मेरी वाणी अमोघ है अतः भविष्यत्कालीन दूसरे जन्म में इस कमलाक्षी के स्नेही पति होकर मेरे चरणों को दो क्षण तक तुमने बांधा है अतः आप दो मास तक जंजीर से बद्ध चरण होकर पत्नी के विरह के दुःख का अनुभव करके बाद में बहुत समय तक अपनी प्रिया के साथ राज्यसुख प्राप्त करेंगे।

संस्कृतव्याख्या :—तस्मिन्नेव=तदा, समये = काले, मनोरमः= मनोहरः, राजहंसः=मरालः, केलीविधित्सया=क्रीडेच्छया तदुपकण्ठम्= तस्याः अवन्तिसुन्दर्याः, उपकण्ठम्=समीपम्, अगमत्=अगच्छत्, समुत्सुकतया=औत्सुक्येन, राजकन्यया=राजपुत्रिकया, मरालग्रहणे=राजहंसबन्धने, नियुक्ताम्=संस्थापिताम्, बालचन्द्रिकाम्, अवलोक्य=विलोक्य, समुचितः=सुयोग्यः, वाक्यावसरः = वचनावसरः, सम्भाषणनिपुणः= वार्तालापप्रवीणः। राजवाहनः, सलीलम्=सहेलम्, अलपत्=अवदत् "सखि =हे आलि, पुरा=प्राचीनकाले, शाम्बो नाम=शाम्बनामकः, कश्चिद्वल्लभः

=भूपतिः, मनोवल्लभया=प्रेयस्या, सह=साकम्, विहारवाञ्छया= क्रीडेच्छया कमलाकरम् = कासारम्, अवाप्य=प्राप्य, तत्र = सरोवरे कोकनदकदम्ब समीपे = कोकनदानां रक्तकमलानां कदम्बस्य समूहस्य समीपे सविधे, निद्राधीनमानसम्=निद्रया प्रमीलया स्वापेन वा अधीनं परवशं मानसं मनः यस्य तम् सुप्तमिति भावः, राजहंसम्=मरालम्, शनैः =मन्दम्, गृहीत्वा=धृत्वा, विसगुणेन=मृणालतन्तुना, तस्य=हंसस्य, चरणयुगलम् = पादद्वन्द्वम्, निगडयित्वा = निगडीकृत्य, कान्तामुखम्= प्रियावदनम्, सानुरागम्=सस्नेहम्, विलोकयन्=अवलोकयन्, मन्दस्मित-विकसितैक कपोल मण्डलः=मन्दस्मितेन विकसितं प्रफुल्लं एकं कपोल-मण्डलं गण्डस्थलं यस्य सः, ताम्=पत्नीम्, अभाषत=अवोचत्, इन्दुमुखि =चन्द्रमुखि,मया=शाम्वेन,, बद्धः=निगडीकृतः, मरालः=हंसः, शान्तः =प्रशान्तः, मुनिवत्=ऋषिवत्, आस्ते=वर्तते। स्वेच्छया=निजेच्छया अनेन = हंसेन, गम्यताम् = गन्तव्यम् राजहंसः = मरालः, शाम्बम्= तन्नामकराजानम्, अशपत्=शापमदात्, महीपाल= भूपाल, अम्बुजखण्डे कमलसमुदाय, अनुष्ठानपरायणतया = ध्यानादितत्परतया, परमानन्देन= अतिशयामोदेन, तिष्ठन्तम् = विराजमानम्, नैष्ठिकम् = ब्रह्मचारिणम्, माम्=राजहंसम्, अकारणम्=कारणं विनैव, राज्यगर्वेण=राज्यमदेन, अवमानितवान्=अवज्ञातवान्, पाप्मना=पापेन, रमणीविरह सन्तापम्= रमण्याः प्रमदायाः विरहः वियोगः तस्य सन्तापंक्लेशं, अनुभव=अनुभवं कुरु, विषण्णवदनः=विषण्णं खिन्नं वदनं मुखं यस्य सः, शाम्वः=तन्नामको राजा, जीवितेश्वरी विरहम् प्राणेश्वरीवियोगम्, असहिष्णुः = सोढुम् समर्थः, भूमौ = पृथिव्याम्, दण्डवत् = लगुडवत्, प्रणम्य = नमस्कृत्य, सविनयम् = सानुरोधम्, अभाषत = अवदत्, महाभाग = महाराज, यद्, अज्ञानेन=अविवेकेन अकरवम्=कृतम्, तत्=तत्सर्वम्, क्षमस्व= क्षन्तव्यः, तापसः=तपस्वी, करुणाकृष्टचेताः=करुणया दयया आकृष्टं समाकृष्टं चेतः चित्तं यस्य सः, तम्=राजानम्, अवदत् = अकथयत्, राजन्=नृप, इह=अस्मिन्, अत्र वा, जन्मनि=जन्मकाले भवतः तव, शापफलाभावः = शापपरिणामाभावः, भवतु = स्यात्, मद्वचनस्य= अस्माकं वाक्यस्य, अमोघतया=अनिष्फलतया, भाविनि=भाविकाले, जनने

जन्मनि शरीरान्तरम्=देहान्तरम्, गतायाः=प्राप्तायाः, अस्याः=एतस्याः, सरसिजाक्ष्याः=कमलाक्ष्याः, रसेनः=स्नेहेन, रमणः=दयितः, भूत्वा=सम्भूय, मुहूर्तद्वयम्=क्षणद्वयम्, मच्चरणयुगवबन्धनकारितया=अस्माकं पादद्वन्द्वबन्धनकारितया, मासद्वयम्=मासद्वयं यावत्, शृंखलानिगडितचरणः शृंखलया=लौहशृंखलया निगडितौ बद्धौ चरणौ पादौ यस्य सः, रमणीवियोगविषादम्=रमण्याः पत्न्याः वियोगः विप्रलम्भः तस्यविषादं सन्तापम्, अनुभूय=अनुभवं कृत्वा, पश्चात्=तदनन्तरम्, अनेककालम्=बहुसमयम्, वल्लभया=दयितया, सह=सार्धम्, राज्यसुखम्=सुराज्यानन्दम्, लभस्व=प्राप्नुहि।

टिप्पणी—राजहंस=एकविशेष प्रकार का हंस जिसके चोंच और चरण लाल होते हैं और पंख श्वेत होते हैं। इसको 'राजहंस' कहा जाता है। राजहंसास्त ते चञ्चुचरणैर्लोहिताः सिताः 'इत्यमरः केलीविधित्सा=विधातुमिच्छा विधित्सा, केलीनां विधित्सातया "सनिमीमाघुरभलमशकपतपदामच इस" सूत्र अच् इसादिलोप, खण्ड=टुकड़ा पर यहाँ पर "समूह" अर्थ है दोनों अर्थों के लिए मिलाइये="दिवः कान्तिमत् खण्डमेक' पू०मेघ० ३०। "कुमुदवनमपश्रि श्रीमदम्भोजखण्डम्" शिशु० वध ११।६४। माघ। नैष्ठिक=निष्ठा+ठक्=प्राचीनकाल में "उपकुर्वाण" एवं 'नैष्ठिक' नामक दो प्रकार के ब्रह्मचारी होते थे 'उपकुर्वाण' वे कहलाते थे जो निश्चित् अवधि के पश्चात् गृहस्थ धर्म में आ जाते थे और आजीवन ब्रह्मचारी रहकर आश्रम में ही गुरुओं की सेवा करने वाला "नैष्ठिक" कहलाता था। "निष्ठा मरणं तत्पर्यन्तं ब्रह्मचारीतिष्ठतीति' कालिदास=विदधे विधिमस्य नैष्ठिकम्" ८।२५ रघु०। द्रष्टव्य=याज्ञवल्क्यस्मृति १।४९। रस=राग या शृंगार=शृंगारादौ विषेवीर्ये गुणे रागे द्रवे रसः" इत्यमरः मासद्वयम्=द्वितीया "कालाध्वनोरत्यन्त संयोगे। जनन=जन्म=जनुर्जनन जन्मानि जनिरुत्पत्तिरुद्भवः "इत्यमरः पाप्मना=पाप से "अस्त्री पंकं पुमान्पाप्मा" इत्यमरः।

तदनु जातिस्मरत्वमपि तयोरन्वगृह्णात्। "तस्मान्मरालबन्धनं न करणीयं त्वया" इति। सापि भर्तृदारिका तद् वचनाकर्णनाभि

ज्ञातस्वपुरातनजन्मवृत्तान्ता नूनमयं मत्प्राणवल्लभः' इति मनसि

जानती रागपल्लवितमानसा समन्दहासमवोचत्–"सौम्य, पुरा शाम्बो यज्ञवतीसन्देश परिपालनाय तथाविधं हंसबन्धनमकार्षीत्। तथा हि लोके पण्डिता अपि दाक्षिण्येनाकार्यं कुर्वन्ति" इति। कन्याकुमारावेवमन्योन्यपुरातनजननामधेये परिचिते परस्पर ज्ञानाय साभिज्ञमुक्त्वा मनोजरागपूर्णमानसौ बभूवतुः।

अवन्तिसुन्दर्या मातुरागमनं विरहे कष्टानुभवश्च—

तस्मिन्नवसरे मालवेन्द्रमहिषी परिजनपरिवृता दुहितृकेलीविलोकनाय तं देशमवाप। बालचन्द्रिका तु तां दूरतो विलोक्य ससम्भ्रमं रहस्यनिर्भेदभिया हस्तसंज्ञया पुष्पोद्भवसेव्यमानं राजवाहनं वृक्षवाटिकान्तरितगात्रमकरोत्। सा मानसारमहिषी सखीसमेताया दुहितुर्नानाविधां विहारलीलामनुभवन्ती क्षणं स्थित्वा दुहित्रा समेता निजागारगमनायोद्युक्ता बभूव। मातरमनुगच्छन्ती अवन्तिसुन्दरी "राजहंसकुलतिलक, विहारवाञ्छया केलिवने मदन्तिकमागतं भवन्तमकाण्ड एव विसृज्य मया समुचितमिति जनन्यनुगमनं क्रियते-तदनेन भवन्मनोरागोऽन्यथा मा भूत्" इति मरालमिव कुमारमुद्दिश्य समुचितालापकलापं वदन्ती पुनः पुनः परिवृत्तदीननयना वदनं विलोकयन्ती निजमन्दिरमगात्। तत्र हृदय वल्लभकथा प्रसंगे बालचन्द्रिकाकथिततदन्वयनामधेया मन्मथबाणपतन व्याकुलमानसा विरहवेदनया दिने दिने बहुलपक्ष शशिकलेवक्षामक्षामाऽऽहारादिसकलं व्यापारं परिहृत्य रहस्यमन्दिरे मलयजरसक्षालितपल्लवकुसुमकल्पिततल्पतलावर्तिततनुलता बभूव।

शब्दार्थ—मराल=हंस।

हिन्दी अर्थ—इसके पश्चात् (उस तापस ने कहा) "तुम दोनों को जाति स्मरण भी बना रहेगा। अतः हंस का बन्धन मत करो" वह राजकुमारी भी उसके वचन को सुनकर और अपने पूर्वजन्म के वृत्तान्त को स्मरण करके "निश्चय ही यह मेरे प्राणवल्लभ" हैं यह मन में जानती हुई स्नेह से खिले हुए मनवाली, मन्द हास के साथ बोली–"हे सौम्य! प्राचीनकाल में राजा शाम्ब ने यज्ञवती के आदेशानुसार राजहंस का

बन्धन किया था। इस प्रकार संसार में पण्डित जन भी उदारतावश अकार्य

कर वैठते हैं। फिर वे दोनो कुमार और कुमारी परस्पर पूर्वजन्म के जन्म और नाम का स्मरण करके परस्पर ज्ञान कराने हेतु सप्रमाण कह कर कामदेव के राग से युक्त मानस वाले हो गये। अर्थात् काम के वशीभूत हो गये। उसी समय मालवराज की रानी अपने परिजनों से घिरी हुई राजकन्या की क्रीडाओं को देखने की इच्छा से उस स्थान पर आयी। वालचन्द्रिका ने उन्हें दूर से ही देख करके भेद खुल जाने के भय से पुष्पोद्‌भव सहित राजवाहन को हाथ के संकेत से वृक्षवाटिका में छिपा दिया। वह मानसार की रानी सखियों सहित अपनी पुत्री की विभिन्न क्रीडाओं को देखतीं हुई कुछ समय स्थित रहकर राजपुत्री के सहित राजभवन को जाने के लिए तैयार हो गयी। माता के पीछे जाती हुई अवन्तिसुन्दरी (ने कहा) हे राजहंसतिलक ! विहार करने की इच्छा से इस क्रीडावन में तुम मेरे समीप आये थे, किन्तु तुमको अनवसर में ही छोड़कर के माता के साथ जाना उचित समझ कर जा रही हूँ अतः आपका अनुराग मेरे प्रति अन्यथा मत होवे 'इस प्रकार हंस के समान राजकुमार को लक्ष्य वनाकर समुचित वार्तालाप करती हुई वार-वार अपने दीनतापूर्ण नेत्रों से राजवाहन के मुख को देखती हुई अपने घर को चली गयी। (घर आने पर) अपने प्रियतम की कथा प्रसंग आने पर तथा वालचन्द्रिका के द्वारा उसके नाम एवं वंश आदि को जानकर चित्त में काम के वाणों से विद्ध होकर विरह के कष्ट से प्रतिदिन कृष्णपक्ष की चन्द्रकला के समान दुर्वल होती हुई भोजन आदि सम्पूर्ण क्रियाकलापों को छोड़कर गोपनीयता युक्त घर में चन्दनरस से प्रक्षालित पल्लव और पुष्पों की शय्या पर करवट वदलती हुई पड़ी रहती थी।

संस्कृतव्याख्या :—तदनु = तदनन्तरम्, जातिस्मरत्वमपि = जनन स्मरणमपि, तयोः = महीवल्लभवल्लभयोः, अन्वगृह्णात् = अनुज्ञातवान्, तस्मात् = तेनैव कारणेन, मरालवन्धनम्=राजहंसनिगडनम्, न = नहि करणीयः = कर्तव्यः, त्वया = भवता, सापि, भर्तृदारिका=राजदुहिता, तद् वचनाकर्णनाभिज्ञातस्वपुरातनजननवृत्तान्ता = तस्य राजवाहनस्य वचनस्य वाक्यस्य आकर्णनेन श्रवणेन अभिज्ञातः स्मृतः स्वस्य निजस्य पुरातनस्य प्राचीनस्य जननस्य जन्मनः वृत्तान्तः उदन्तः यया सा, नूनम्

